CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 08°C

देहरादून, शुक्रवार 12 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 125 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान का अपमान: शहजाद पूनावाला पेज 2



रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में, गिल का प्रमोशन संभव खेल टाइम्स



कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है जीका वायरस सम्पादकीय




नौ करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता, ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू पेज 12

# बहराइच हिंसा के दोषी सरफराज को फांसी की सजा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार को दोषियों को सजा सुनाई।

बहराइच कोर्ट ने राम गोपाल की हत्या के आरोपी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं 9 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 दिसम्बर को 13 आरोपियों में से 10 को दोषी ठहराया था, जबकि तीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। दोषी ठहराए गए आरोपी अब्दुल



दोषियों को अदालत ले जाती पुलिस।

■ नौ को उम्रकैद, मूर्ति विसर्जन के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में राम गोपाल मिश्रा की हुई थी हत्या

हमीद, उसके बेटे फहीम, सरफराज, तालिब, सैफ, जावेद, जीशान, ननकऊ, शोएब और मारुफ हैं। इनमें से सरफराज को फांसी की सजा मिली है। शासकीय अधिवक्ता प्रमोद सिंह ने बताया कि महज 13 महीने 26 दिन में ट्रायल पूरा होकर फैसला आया, जो तेज न्याय का उदाहरण है। घटना महसी थाना क्षेत्र के महराजगंज में हुई थी, जहां डीजे पर बजते गाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। पथराव और फायरिंग में राम गोपाल मिश्रा को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने 11 जनवरी 2025 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की, 18 फरवरी को दोषियों पर आरोप तय हुए। 12 गवाहों की गवाही के बाद 21 नवम्बर को फैसला सुरक्षित रखा लिया गया। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 103(2) (मॉब लिंचिंग में हत्या) लगी है, जिसमें फांसी या आजीवन कारावास का प्रावधान है। अन्य धाराएं 191(2), 191(3), 190, 109(2), 249, 61(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 30 हैं, जिनमें 2 से 5 वर्ष तक की सजा या मौत की सजा तक हो सकती है। 9 दिसम्बर को जब कोर्ट ने तीन आरोपियों को बरी कर दिया था, तब राम गोपाल मिश्रा की पत्नी रोली मिश्रा ने कहा था कि मेरे पति के हत्यारों को फांसी दो, तभी न्याय मिलेगा। बरी किए गए तीन भी दोषी हैं, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए। परिवार ने सभी दोषियों को मौत की सजा की मांग की है। बरी हुए खुर्शीद, शकील और अफजल हैं। मामले में रासुका भी लगाई गई थी। प्रशासन ने इलाके में भारी फोर्स तैनात की है, ताकि सांप्रदायिक सद्भाव बना रहे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले ही सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

# दिल्ली दंगा: उमर खालिद को बड़ी राहत

## बहन की शादी के लिए मिली अंतरिम जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा केस में आरोपी और जेएनयू के छात्र रहे उमर खालिद को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उमर को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी है। ये जमानत 16 से 29 दिसम्बर तक के लिए मिली है। कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की हैं।

कोर्ट ने कहा कि इस दौरान उमर सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करेंगे। सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलेंगे। जमानत देते हुए अदालत ने कहा कि इस बात को ध्यान में



■ कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की

रखते हुए कि शादी याचिकाकर्ता की सगी बहन की है, इसलिए याचिका मंजूर की जाती है। याचिकाकर्ता को 16 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक 20 हजार रुपये के पर्सनल बॉन्ड और इतनी ही रकम के दो जमानतदारों के साथ कुछ शर्तों पर अंतरिम जमानत दी जाती है। कोर्ट ने कहा कि जमानत के दौरान उमर अपने घर पर या उन जगहों पर रहेगा, जहां शादी की रस्में होंगी। बता दें कि उमर खालिद ने 14 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक जमानत मांगी थी। उसकी बहन की शादी 27 दिसम्बर को है। उमर को सितम्बर 2020 में अरेस्ट किया गया था। उस पर आपराधिक साजिश, दंगा, गैरकानूनी सभा साथ ही गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत कई अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### लखीमपुर हिंसा केस में आशीष मिश्रा को राहत

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मुख्य आरोपी और पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को 25 से 31 दिसम्बर तक अपने पैतृक आवास लखीमपुर जाने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने उनकी जमानत की शर्तों में सीमित राहत देते हुए यह आदेश जारी किया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल अद्यतन स्थिति रिपोर्ट का उल्लेख किया, जिसके अनुसार मुख्य ट्रायल में 36 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं, जबकि 85 गवाह अभी बाकी हैं। इसमें बताया गया कि 10 गवाहों को छूट भी दी गई है।

### भारत की समुद्री सीमा में घुसी पाकिस्तानी नाव

**अहमदाबाद।** भारत की जल सीमा के अंदर घुसने वाली एक पाकिस्तानी नाव को तटरक्षक बल ने गुरुवार को जब्त कर लिया। इस नाव में सवार 11 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में एक पाकिस्तानी नाव को जब्त कर लिया है और उसके चालक दल के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को आगे की जांच के लिए गुजरात की जाखौ मरीन पुलिस को सौंप दिया गया है।

### उत्तराखंड में झरने जमे, केदारनाथ व बद्रीनाथ का तापमान -13 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों की बर्फबारी और हिमालयी क्षेत्र में वेस्टर्न डिस्टरबेंस बनने से मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ी है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में झरने जमने लगे हैं। चमोली-पिथौरागढ़ में पाइपलाइन में पानी जम गया। केदारनाथ में तापमान -15 डिग्री सेल्सियस, बद्रीनाथ में -13 डिग्री सेल्सियस चला गया। मध्य प्रदेश में पारा 3डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर 13 दिसम्बर से दिखना शुरू होगा इससे और तेजी से तापमान गिरेगा। राजस्थान में भी पारा गिरने लगा है। राज्य के 20 से ज्यादा जिलों में मिनिमम टेम्परेचर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

# यूपी सहित छह राज्यों में बढ़ाई गई एसआईआर की समयसीमा

## मप्र-छत्तीसगढ़ में 18, उप्र में 26 दिसम्बर तक फार्म भर सकेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और तमिलनाडु तथा केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम में गुरुवार को संशोधन की घोषणा की। आयोग ने इन पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार के मुख्य चुनाव अधिकारियों के अनुरोध पर वहां मतगणना प्रपत्र जमा कराने और संशोधित मतदाता सूची के मसौदों के प्रकाशन की तिथियां बढ़ा दी हैं।

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि 11 दिसम्बर से बढ़ाकर 26 दिसम्बर कर दी गई है और राज्य की संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को प्रकाशित



■ पहले 11 दिसम्बर थी लास्ट डेट

■ यूपी संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को किया जाएगा प्रकाशित

किया जाएगा। इसी तरह मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान में मतगणना प्रपत्र जमा कराने की तिथि 18 दिसम्बर और संशोधित मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन की तिथि 23 दिसम्बर कर दी गई है। गुजरात और तमिलनाडु में मतगणना प्रपत्र को जमा करने की अंतिम तारीख 14 दिसम्बर कर दी गई है और इन दोनों राज्यों की संशोधित सूची का मसौदा 19 दिसम्बर को जारी किया जाएगा। इससे पहले के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, इन सभी जगहों पर मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि गुरुवार को ही समाप्त हो रही थी, जबकि इनमें संशोधित सूची का मसौदा 16 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाना था। आयोग ने इससे पहले केरल में मतगणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि संशोधित कर 18 दिसम्बर कर दी थी और वहां संशोधित सूची का मसौदा 23 दिसम्बर को आयोग ने कहा है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छुटे।

### संजीव भट्ट की 20 साल की सजा को निलंबित करने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को 1996 के मादक पदार्थ प्लांट करने के मामले में दी गई 20 साल की सजा को निलंबित करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने गुरुवार को भट्ट की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिससे 2024 में गुजरात की एक अदालत द्वारा एनडीपीएस अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत दी गई सजा बरकरार रही। सुनवाई के दौरान, भट्ट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि पूर्व आईपीएस अधिकारी पहले ही सात वर्षों से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं और वह गैर-व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थों का दोषी ठहराए गए थे। याचिका का विरोध करते हुए, राज्य की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से साजिश का मामला है और कहा कि एक साजिश रची गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रज्वल रेवन्ना की याचिका ठुकराई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व जेडी(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने दो लंबित बलात्कार मामलों की सुनवाई बेंगलुरु की 81वीं अतिरिक्त सिटी सिविल एवं सेशंस कोर्ट से किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की थी।

रेवन्ना ने दलील दी थी कि मौजूदा ट्रायल जज पहले ही उन्हें एक अन्य बलात्कार मामले में दोषी ठहरा चुके हैं, इसलिए उनके निष्पक्ष ट्रायल की संभावना कम है। हालांकि, सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि जज की टिप्पणियां रिकॉर्ड और कर्नाटक हाईकोर्ट के अवलोकनों के आधार पर थीं और इन्हें पक्षपात का आधार नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि ट्रायल जज पुराने फैसले से प्रभावित हुए बिना वर्तमान मामलों का निर्णय सबूतों के

■ बलात्कार मामलों की सुनवाई, याचिका किसी अन्य अदालत में भेजने से इन्कार

आधार पर करेंगे। मामला रेवन्ना के खिलाफ दायर गंभीर आरोपों से जुड़ा है, जिनमें दोहराया गया बलात्कार, छेड़छाड़, धमकी, सबूत नष्ट करना और आईटी एक्ट के तहत गोपनीयता उल्लंघन शामिल हैं। आरोप तब सामने आए जब करीब 2,900 कथित आपत्तिजनक वीडियो ऑनलाइन प्रसारित हुए थे। रेवन्ना को इसी साल अगस्त में एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और वे वर्तमान में बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में बंद हैं। सुनवाई के दौरान उनके वकीलों ने ट्रायल जज की टिप्पणियों को हटाने की मांग की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी ठुकरा दिया और कहा कि इस तरह के आरोप न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने जैसे हैं।

# फरार लूथरा भाई हिरासत में

**नई दिल्ली।** गोवा नाइट क्लब आग हादसे के कुछ ही घंटों बाद भारत से फरार हुए नाइट क्लब के मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को थाईलैंड के फुकेट में हिरासत में ले लिया गया है, जिन्हें दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने गोवा के 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में आरोपी गौरव और सौरभ लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुना दिया है। अदालत ने अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी है। यह मामला गोवा के एक रेस्तरां में आग लगने के बाद दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें लूथरा भाइयों पर लापरवाही के आरोप हैं।

अदालत में दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें रखीं। पुलिस का कहना है कि लूथरा भाइयों ने जांच में

**गोवा आग त्रासदी**

■ रोहिणी कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत की याचिका

सहयोग नहीं किया, जबकि बचाव पक्ष ने गिरफ्तारी पर रोक की मांग करते हुए कहा कि मामला गैर-हत्यात्मक बताया, बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत की याचिका खारिज कर दी। लूथरा भाइयों के वकील तनवीर अहमद मीर ने कहा था कि एफआईआर के अनुसार घटना लापरवाही का मामला है, कोई हत्या नहीं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहों के कारण परिवार को खतरा है और बिना नोटिस दो रेस्तरां तोड़े गए।

### सेना पर टिप्पणी मामले में आजम खां बरी

**रामपुर- शाह टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व मंत्री आजम खां को कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। उनके सेना के जवानों पर दिए गए बयान मामले रामपुर कोर्ट ने बरी कर दिया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि मामले में पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके हैं। यह मामला साल 2017 के चुनाव के दौरान का है। कोर्ट में उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। आजम खां पर यह मुकदमा बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना द्वारा 30 जून 2017 को सिविल लाइंस कोतवाली में दर्ज कराया गया था। आरोप था कि आजम खां ने सेना के खिलाफ विवादित बयान दिया था, जिससे उनकी छवि और मनोबल को ठेस पहुंचती है। लगभग 8 वर्ष तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों, गवाहों और तथ्यों पर विचार करने के बाद आजम खां को आरोपों से मुक्त कर दिया।

# अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरा, 21 की मौत

**हयुलियांग (अरुणाचल प्रदेश)।** अरुणाचल प्रदेश के अनजा जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसम्बर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई।

दरअसल हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप तक पहुंचा। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंची। टीम को घटनास्थल पर



■ जिंदा बचा एक मजदूर दो दिनों तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा, तब हादसे की जानकारी मिली

पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे। हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग- चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसम्बर की रात चिपरा जीआरईएफ कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किमी आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहां बहुत कम ही आवाजाही होती है। आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटें की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंची।

# राहुल गांधी ने सीईसी की नियुक्ति पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर (सीईसी) और 8 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों की जातियों पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असहमति जताई।

इनकी नियुक्ति को लेकर बुधवार को पीएम मोदी, राहुल और अमित शाह के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में डेढ़ घंटे मीटिंग हुई। राहुल गांधी ने कुछ हफ्ते पहले सरकार से आवेदकों और चुने गए उम्मीदवारों की जाति की जानकारी मांगी थी। बैठक के पहले सरकार ने नेता प्रतिपक्ष



से इसकी जानकारी साझा की। इस पर राहुल ने कहा कि चयनित उम्मीदवारों में

■ पूछा-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय से कितने उम्मीदवार

■ पीएम व शाह के साथ बैठक में असहमति जताई

अनुसूचित जाति/जनजाति, ओबीसी, ईबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के नाम शामिल नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, आवेदकों की लिस्ट में सिर्फ 7 फीसदी लोग पिछड़े समुदाय से थे। वहीं, चयनित उम्मीदवारों में सिर्फ एक नाम पिछड़े समुदाय से था। राहुल गांधी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सभी नियुक्तियों के मानदंडों पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखित में अपना असहमति पत्र सौंपा और चयनित उम्मीदवारों से जुड़ी और जानकारी मांगी। केन्द्रीय सूचना आयोग एक वैधानिक संस्था है। यह सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत नागरिकों को सरकारी जानकारी दिलाने में मदद करती है। आयोग में एक चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर और अधिकतम 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स होते हैं। सीईसी और 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति तीन सदस्यीय समिति करती है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं।

# इंडिगो मुआवजे में 10 हजार का ट्रैवल वाउचर देगा

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो फ्लाइट कैंसिल से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि 3-5 दिसम्बर के बीच फ्लाइट कैंसिल से ज्यादा परेशान हुए पैसेंजर्स को 10000 का ट्रैवल वाउचर मिलेगा।

हालांकि इंडिगो ने यह साफ नहीं किया है कि ज्यादा परेशान का मतलब क्या है और किन यात्रियों को यह मुआवजा मिलेगा। एयरलाइन ने

■ 3-5 दिसम्बर के बीच ज्यादा परेशान पैसेंजर्स को मिलेगा

बताया कि ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। कंपनी के अनुसार यह मुआवजा उन 5000-10,000 रुपये के अलावा होगा, जो फ्लाइट उड़ाने के 24 घंटे के अंदर कैंसिल होने पर मिलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भूपेन्द्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाक़ात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में नए अध्यक्ष की घोषणा को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी बीच मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को दिल्ली में अहम राजनीतिक मुलाकातें कीं हैं। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल के जल्द ही लखनऊ के आने की संभावना है। चौधरी ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की। इसके तुरंत बाद वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले। इन बैठकों को आगामी संगठनात्मक फेरबदल और बदलते राजनीतिक समीकरणों के संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### उप्र में दो वरिष्ठ आईएएस के दायित्वों में बदलाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सरकार की तरफ से जारी की गई सूची के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण से हटाकर विशेष सचिव, निर्वाचन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं सुश्री दीपा रंजन मिशन को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, लखनऊ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन के इस निर्णय को ग्रामीण सड़क विकास और चुनावी व्यवस्थाओं से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### पोलियो का टीका बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा वेतन

# निजीकरण व दमन सरकार की दुर्नीति: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज, उधार और मजबूरी पर कर्मचारियों का जीवन टिका है

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकारी संस्थाओं का दमन और उनका निजीकरण सरकार की सबसे बड़ी दुर्नीति है और मौजूदा सरकार का यह कदम देश के लिए एक बहुत बड़ा अभिशाप बन गया है।

गांधी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उनकी हाल ही हुई जन संसद में भारत इम्यूनोलॉजिकल्स तथा जैविकीय निगम लिमिटेड (बिबकॉल) के कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात हुई। उन्होंने लिखा- इस सरकारी कंपनी के कर्मचारी सालों से वेतनहीन हैं। अपने घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज, उधार और मजबूरी पर उनका जीवन टिका हुआ है। ये वही बिबकॉल है, जो भारत में वैक्सीन बनाने वाली एकमात्र सरकारी कंपनी थी और जिसने पोलियो जैसी भयंकर बीमारी के उन्मूलन में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को कम कीमत पर वैक्सीन उपलब्ध कराने और हर बच्चे तक उसकी पहुंच सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका निर्णायक रही है, लेकिन 2017 तक मुनाफे में चल रही इस कंपनी को जानबूझकर, योजनाबद्ध तरीक़े से घाटे के उद्यम में बदल दिया गया। गांधी ने आगे कहा कि कारण साफ है, ताकि सरकारी कॉन्ट्रैक्ट निजी कंपनियों को सौंपे जा सकें, निजी कंपनियां महंगे दाम पर वैक्सीन बेचकर भारी मुनाफा कमाएं और उसकी कीमत आपकी जेब से निकाली जाए और एक दिन बिबकॉल को 'नुकसान' के नाम पर बंद कर इसकी संपत्ति मुफ्त या सस्ते दामों में पूंजीपति मित्रों में बांट दी जाए। उन्होंने बताया कि बिबकॉल कंपनी बुलंदशहर से संचालित होती थी और उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में स्थित इस कंपनी की जमीन और संपत्ति काफी महंगी है। जब से उत्तर प्रदेश में जेवर एयरपोर्ट बनाने की घोषणा हुई है, उसके बाद इसकी कीमत आसमान छू रही है। उन्होंने कहा कि इस कंपनी के कर्मचारियों की आर्थिक पीड़ा सरकार से साझा की है।

## पीरीयड अवकाश को लेकर बननी चाहिए राष्ट्रीय नीति: चंद्रशेखर



नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लोकसभा में उठाई मांग, गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर किया पलटवार

**नई दिल्ली।** यूपी की नगीना संसदीय सीट से सांसद व आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद ने गुरुवार को लोकसभा में मासिक धर्म (पीरीयड) अवकाश को लेकर राष्ट्रीय नीति की मांग उठाई है। आजाद ने कहा कि मासिक धर्म अवकाश को लेकर राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए और इसके तहत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को शामिल किया जाना चाहिए, उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मांग उठाई। नगीना सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि मासिक धर्म अवकाश को लेकर कोई राष्ट्रीय नीति नहीं है, जबकि कई देशों में ऐसी नीति मौजूद है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मासिक धर्म अवक. ाश पर राष्ट्रीय नीति तैयार होए। मीडिया से बात करते हुए कहा नगीना सांसद ने कहा कि जितना पैसा चुनाव के दौरान खर्च हो रहा है, उसके बाद किसी गरीब का बेटा तो आगे बढ़ ही नहीं सकता है। मताधिकार हमारी शक्ति है, इसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के मताधिकार को अप्रत्यक्ष रूप से छीनना चाह रही है, एसआईआर में इतनी तेजी क्यों की जा रही है, क्या वे कुछ छिपाना चाहते हैं? भारत अकेला ऐसा देश है जहां संविधान के लागू होने के बाद सभी को मताधिकार मिला है।

## जरूरतमंद को आवास बीमार को मिलेगा उपचार

**गोरखपुर, वार्ता**



■ सीएम योगी ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनकर दिया भरोसा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया।

योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की और कहा कि कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया और कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का आवास हो। जनता दर्शन में एक महिला ने अपने पति की बीमारी में इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई।

इस पर योगी नें महिला को आश्वस्त किया कि वह अपने पति का अच्छे से इलाज कराएं, पैसे की व्यवस्था विवेकाधीन कोष से करा दी जाएगी। इलाज में आर्थिक मदद मांगने कई अन्य लोग भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

### बहराइच हिंसा के दोषी सरफराज को फांसी की सजा, नौ को उम्रकैद

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की सां. प्रदायिक हिंसा में मारे गए 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार को दोषियों को सजा सुनाई। बहराइच कोर्ट ने राम गोपाल की हत्या के दोषी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं 9 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 दिसंबर को 13 आरोपियों में से 10 को दोषी ठहराया था, जबकि तीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। दोषी ठहराए गए आरोपी अब्दुल हमीद, उसके बेटे फहीम, सरुराज, तालिब, सैफ, जावेद, जीशान, ननकऊ, शोएब और मारुफ हैं।

## कफ सिरप केस में सहारनपुर के दो भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कोडीन कफ सिरप केस में गुरुवार को यूपी एसटीएफ ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों का नाम अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा हैं, दोनों सगे भाई हैं। ये दोनों कोडीन कफ सिरप का अवैध रूप से स्टॉक रखते थे। एसटीएफ को इनके पास से कई अहम दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

अभिषेक और शुभम सहारनपुर के रहने वाले हैं। लखनऊ के आलमबाग इलाके से एसटीएफ ने इनको गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल और फर्जी फर्मों से संबंधित तमाम दस्तावेज बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक एबॉट कंपनी का दिल्ली का सुपर डिस्ट्रीब्यूटर एवं अभियोग में वांछित अभियुक्त अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा किसी काम से गुरुवार को लखनऊ आए हुए थे। एसटीएफ ने आलमबाग मवैया रोड पर टेढ़ी पुलिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिय। अभिषेक शर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 से वह विशाल सिंह एवं विभोर राणा के यहां जी.आर. ट्रेडिंग दवा की फर्म में काम कर रहा था। वह लोडिंग-अनलोडिंग का काम देखा करता था एवं उससे संबंधित रिकॉर्ड मेंटेन करता था। विभोर और विशाल एबॉट कंपनी की अन्य दवाओं के साथ फेन्सेडिल कफ सिरप मंगाते थे एवं फर्जी फर्म के माध्यम से खरीद-बिक्री दिखाकर नशे के रूप में प्रयोग करने के लिए तस्करों को सप्लाई करते थे, जो बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजी जाती थी।

### शुभम जायसवाल पर 25 हजार का इनाम

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी के मामले में वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। फरार चल रहे शुभम जायसवाल की तलाश में वाराणसी, सोनभद्र, जौनपुर और चंदौली पुलिस के साथ-साथ विशेष जांच टीम (एसआईटी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और एंटी नारकोटिक्स सेल की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस गिरोह के एक अन्य प्रमुख सदस्य झारखंड (रांची) की शैली ट्रेडर्स के मालिक भोला प्रसाद को सोनभद्र पुलिस ने कुछ दिन पहले कोलकाता से गिरफ्तार किया था।

### रिजर्व बैंक ने 50 हजार करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकिंग तंत्र में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास के तहत गुरुवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 दिसम्बर को मौद्रिक नीति संबंधी बयान जारी करने के अवसर पर बताया था कि केंद्रीय बैंक इस महीने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा। पहले चरण के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदी गई है जबकि 18 दिसम्बर को इतने ही मूल्य की प्रतिभूतियां खरीदी जाएंगी। ये प्रतिभूतियां चार से लेकर 25 साल तक की मियाद वाली हैं। रिजर्व बैंक ने बताया गया है कि उसने 6.75 प्रतिशत पर 2029 की 6,638 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां खरीदी हैं।

### लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान का अपमान: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लगाया। पूनावाला ने आज संसद में टीएमसी सांसद द्वारा ई सिगरेट लाने और उसके उपयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुए देखा गया। इस संबंध में सासंद अनुराग ठाकुर ने सदन को और अध्यक्ष को अवगत कराया है। पूनावाला ने कहा कि पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है। लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसपर कार्यवाही की जाएगी।



**सेंसेक्स** 84818.13
**निफ्टी** 25898.55



**सोना रु.** 128535
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 186988
प्रति किलो



## बाजारों में तीन दिन बाद लौटी रौनक

**मुंबई, वार्ता**



रिजर्व बैंक द्वारा 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से गुरुवार घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन बाद तेजी लौट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.86 अंक (0.51 प्रतिशत) उछलकर 84,818.13 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी 140.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त में 25,898.55 अंक पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक ने बैंकिग तंत्र में नकदी बढ़ाने के उपायों के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। दूसरे चरण में 18 दिसम्बर को इतने ही मूल्य की और सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने की उसकी योजना है। इससे बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.81 फीसदी चढ़ा। ऑटो, धातु, आईटी, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा तेजी रही। तेल एवं गैस और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक मामूली गिरावट में रहे। एनएसई में कुल 3,206 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,919 के शेयरों में तेजी और 1,183 में गिरावट रही। अन्य 104 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर 2.74 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.56 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.45, मारुति सुजुकी में 1.62, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.31 और टेक महिंद्रा तथा सनफार्मा दोनों में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.99 प्रतिशत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.98, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.97, इंफोसिस का 0. 83, ट्रेंट का 0.68 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 0.63 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। वहीं एशियन पेंट्स का शेयर 0.91 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 0.65 प्रतिशत रहा।

## चांदी पहुंची ऑलटाइम हाई पर, सोने के दाम भी बढ़े

**नई दिल्ली।** गुरुवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी 1,500 रुपए बढ़कर 1,86,988 रुपए किलोग्राम हो गई है। इससे पहले कल ये 1,85,488 रुपए पर थी। वहीं सोना 747 रुपए बढ़कर 1,28,535 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,27,788 रुपए पर था। सोने ने 17 अक्टूबर को 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के कोस्मास मरिनाकिस ने कहा कि चांदी अब सिर्फ निवेश का साधन नहीं रह गया है, बल्कि एक जरूरी भौतिक संसाधन भी है। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को इसकी ज्यादा जरूरत है। इसलिए मांग बढ़ रही है।

इससे कीमतों में लगातार तेजी है। चांदी के दाम में उछाल की एक और बड़ी वजह है कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड नीतियों के तहत चांदी पर टैरिफ लगने का डर है। इस डर से अमे. रिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं, जिससे दुनिया के बाकी हिस्सों में कमी हो गई है। दुनियाभर के मैन्युफैक्चरर अपनी प्रोडक्शन बाधित न हो, इसलिए सप्लाई पक्की करने की होड़ में हैं।

## चावल, गेहूं के भाव मजबूत, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में रही नरमी



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं भी मजबूत हुआ। वहीं चीनी, दालों और खाद्य तेलों में नरमी देखी गई। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,854.01 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं दो रुपये महंगा हुआ और 2,852.57 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत सात रुपये टूट गई। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन 24 रुपये और तुअर दाल 18 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और मूंग दाल 17-17 रुपये टूट गई। मसूर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल कमजोर हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा एक रिंगिट चढ़कर 4,064 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत गिरकर में 50.77 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 80 रुपये और वनस्पति 86 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 73 रुपये और सोया तेल की 67 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल 10 रुपये और सूरजमुखी तेल चार रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7837.01 रुपये, मसूर काली 8170.48 रुपये, मूंग दाल 10097.72 रुपये, उड़द दाल 10348.83 रुपये, तुअर दाल 10581.17 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2852.57 रुपये और चावल 3854.01 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3292.45 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4325. 01 रुपये और गुड़ 4979.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17655.51 रुपये, मूंगफली तेल 17749.67 रुपये, सूरजमुखी तेल 15723.31 रुपये, सोया तेल 13769.42 रुपये, पाम ऑयल 12423.06 रुपये और वनस्पति 14422.01 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## व्यावसायिक परीक्षा के लिए प्रयोगात्मक परीक्षकों की मैपिंग 26 तक पूरी करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ छूटे हुए/सप्लीमेंट्री श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से 19 दिसम्बर 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा (दिसम्बर- 2025) की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है।

प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बताया कि छूटे हुए/सप्लीमेंट्री श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से 19 दिसम्बर 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी। इसके लिए प्रेक्टिकल एग्जामिनर मैपिग की अनिवार्य समय-सीमा 9 से 26 दिसम्बर 2025 तय की गई है। इस बाबत उन्होंने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि यह प्रक्रिया परीक्षा शुरू होने से पहले हर हाल में पूरी कर ली जाए। गुरुवार को प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बताया कि डीजीटी, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार केवल वही परीक्षक मैपिग के लिए पात्र होंगे, जो सीधे पोर्टल पर पंजीकृत हैं। यदि किसी जनपद में पंजीकृत परीक्षकों की संख्या कम पड़ती है तो संबंधित नोडल राजकीय आईटीआई की अध्यक्षता में गठित समिति ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करेगी। यह समिति आवेदकों के शैक्षिक दस्तावेज, योग्यता और अनुभव की जांच कर उनके अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी करेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य हेतु तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इसमें जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का प्रधानाचार्य तथा जिले के अन्य राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य/वरिष्ठतम कार्यदेशक सदस्य होंगे। यह समिति डीजीटी के निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षकों का चयन सुनिश्चित करेगी, ताकि प्रयोगात्मक परीक्षाएं बिना किसी बाधा के सम्पन्न हो सकें।

प्रमुख सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अधिक से अधिक योग्य परीक्षकों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए, जिससे परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कमी उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि नोडल प्रधानाचार्यों को समयबद्ध ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी, ताकि न तो परीक्षकों की कमी रहे और न ही परीक्षा कार्यक्रम में कोई देरी हो। विभाग का कहना है कि परीक्षकों की उपलब्धता और समय पर मैपिग प्रक्रिया परीक्षा संच. ालन की गुणवत्ता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## हाइड्रोजन से चलने वाला देश का पहला यात्री जलयान गंगा में रवाना

■ केंद्रीय पत्तन पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद ने किया रवाना

**वाराणसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को वाराणसी के नमो घाट से देश के पहले पूर्णत: स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित यात्री जलयान के वाणिज्यिक संचालन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जलयान देश में समुद्री एवं अंतर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र में हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणोदन प्रौद्योगिकी का पहला व्यावसायिक प्रदर्शन है और इसमें 100 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक पर आधारित है।

निम्न तापमान प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन ईंधन सेल प्रणाली से संचालित यह जलयान संग्रहित हाइड्रोजन को विद्युत में बदलता है और एकमात्र उप-उत्पाद के रूप में शुद्ध जल छोड़ता है। इस अवसर पर सोना. ॅवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर परिवहन प्रणालियों की ओर तेजी से अग्रसर है।

आज देश का पहला स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित जलयान लॉन्च करना 'मेक इन इंडिया' और हरित परिवहन के प्रति प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। यह उपलब्धि मां गंगा के पुनरुद्धार एवं संरक्षण के हमारे व्यापक मिशन को भी सशक्त बनाती है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की स्वामित्व वाली यह 24 मीटर लंबी कैटामरन नौका कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित की गई है। परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे होने के बाद इसे वाणिज्यिक सेवा में शामिल किया गया है। 50 यात्रियों की क्षमता वाली पूर्णत: वातानुकूलित यह नौका हाइड्रोजन ईंधन सेल, बैटरी तथा सौर ऊर्जा की हाइब्रिड प्रणाली से संचालित है। एक बार हाइड्रोजन भरने पर यह लगातार आठ घंटे तक 7-9 समुद्री मील प्रति घंटे की गति से संचालन कर सकती है। इसके लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और इनलैंड एंड कोस्टल शिपिग लिमिटेड के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ है, जिसमें तकनीकी सहायता, संच. ालन, सुरक्षा मानक और नियमित निरीक्षण के प्रावधान शामिल हैं। हाइड्रोजन नौका के संचालन से यात्रियों को शोर-मुक्त, धुआं-मुक्त एवं प्रदूषण-रहित यात्रा का अनुभव मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डीएफओ पौड़ी पर गिरी गाज, सीएम धामी ने दिए तुरंत हटाने के निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानव वन्यजीव संघर्ष को खत्म करने के लिए वन विभाग के साथ ही शासन-प्रशासन के स्तर पर भी प्रभावी प्रयास किये जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना की सूचना मिलने के 30 मिनट के अन्दर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच जाए। इसके लिए संबंधित डीएफओ और रेंजर की जिम्मेदारी तय की जाए। प्रभावितों को आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए।सचिवालय में वन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान

मुख्यमंत्री ने पौड़ी में मानव -वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं के दृष्टिगत पौड़ी के डीएफओ को तत्काल प्रभाव से वहां से हटाने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में जंगली जानव. रों का अधिक भय है, ऐसे क्षेत्रों में स्कूली बच्चों को स्कूल तक छोड़ने और घर तक लाने के लिए वन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा एस्कॉर्ट की व्यवस्था की जाए। मानव-वन्यजीव संघर्ष में किसी परिवार से कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना, ऐसी स्थिति से निपटने के लिए वन विभाग प्रभावित परिवार की आजीविका को सहायता देने के लिए दो सप्ताह के अंदर नीति बनाकर प्रस्तुत करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए जिन भी उपकरणों की आवश्यकता है, उन्हें यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहली जिम्मेदारी वन्यजीवों से लोगों के जीवन को बचाना है, इसके लिए नई तकनीक के इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। जंगली जानवर आबादी क्षेत्रों में न आये, इसके लिए स्थाई समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए। वन्यजीवों की दृष्टि से संवे. दनशील क्षेत्रों में कैमरों के माध्यम से निरंतर नजर बनाये रखें।

वन कर्मी लगातार निगरानी रखें, साथ ही ग्रामीणों के साथ अपना संवाद मजबूत रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तियों के आस पास जंगली झाडियों को अभियान चलाकर साफ किया जाए, साथ ही बच्चों और महिलाओं को विशेष तौर पर आस पास वन्य जीवों की मौजूदगी को लेकर जागरुक किया जाए। बैठक में वन मंत्री सुबोध उनियाल, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पांडेय, सी रविशंकर, प्रमुख वन संरक्षक रंजन मिश्रा, अपर सचिव हिमांशु खुराना शामिल हुए।



■ वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में स्कूली नौनिहालों को मिलेगी एस्कार्ट की सुविधा: सीएम
मुख्यमंत्री ने वन विभाग की समीक्षा बैठक में दिए डीएफओ पौड़ी को हटाने के निर्देश,गांव के आस पास झाड़ियों को भी साफ करने के निर्देश, सूचना के 30 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचे टीम

## मैक्स अस्पताल जाकर सीएम ने जाना स्व. प्रकाश पंत की माताजी का हालचाल



**देहरादून ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित मैक्स अस्पताल पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. प्रकाश पंत की माताजी का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की एवं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## महाराज ने एम्स में कंचन देवी का जाना हालचाल



**प्रमुख संवाददाता शाहटाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज और भाजपा युवा नेता सुयश रावत ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल विकासखण्ड पोखड़ा के ग्राम देवराड़ी निवासी 36 वर्षीय श्रीमती कंचन देवी पत्नी अर्जुन सिंह का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने डाक्टरों से बातचीत कर उनकी देखभाल और उचित इलाज करने को भी कहा। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज और भाजपा युवा नेता सुयश रावत ने गुरुवार को ऋषिकेश एम्स पहुंचकर अपने विधानसभा क्षेत्र में गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल विकासखण्ड पोखड़ा के ग्राम देवराड़ी निवासी 36 वर्षीय श्रीमती कंचन देवी पत्नी अर्जुन सिंह का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने डाक्टरों से बातचीत कर उनकी देखभाल और उचित इलाज करने को भी कहा। उन्होंने घटना पर चिंता जताते हुए बुधवार को जिलाधिकारी से वार्ता कर गुलदार के हमले में घायल श्रीमती कंचन देवी को तत्काल एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश में उनका उपचार करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद उन्हें इलाज हेतु एयर एंबुलेंस से एम्स लाया गया था।

महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल में जंगली जानवरों के हमलों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए वन मंत्री सुबोध उनियाल से वार्ता कर लोगों की सुरक्षा के साथ-साथ बढ़ती घटनाओं का अध्ययन कर उनसे सभी तरह के ऐतिहाती कदम उठने का भी अनुरोध किया।

# कांग्रेस ने वंदेमातरम विघटन से देश विभाजन की नींव रखने का पाप किया: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा है कि कांग्रेस ने वन्देमातरम को छांट कर देश को बांटने का काम किया है। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में वंदेमातरम के 150वीं वर्षगांठ पर, उसके मौलिक स्वरूप की चर्चा से गौरवमई संसदीय इतिहास का सृजन हुआ है।

राज्यसभा में वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुई चर्चा में भाग लेने की चर्चा करते उन्होंने इस अवसर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए सरकार की राष्ट्रवादी नीति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सदन में कहा कि, हम वंदे मातरम की चर्चा कर रहे हैं, जो मात्र राष्ट्रगीत नहीं बल्कि एक महामंत्र है जिसने आजादी के संघर्ष को क्रांति



ने बदला था। जिसे गुनगुनाते हुए युवाओं में हंसते हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था। स्वयं का जिक्र करते हुए कहा, मैं देवभूमि से आता हूं जो ऋषियों की तपोभूमि है, मेरी रगों में गंगा जमुना का जल बहता है, देवताओं का आशीर्वाद जहां मिलता है। मेरे पहाड़ के लोग सीढ़ीदार खेतों में पसीना बहाते हैं, सीमा पर शून्य से नीचे तापमान पर सीमा रक्षा सेवा में जीवन खपाते हैं। देश के अन्य लोगों की तरह हमारे लिए भी भारत मात्र एक जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि साक्षात धरती मां है। ऐसे में जब को सैनिक सीमा पर गोली खाता है तो उसके मुंह से अंत समय, जय हिंद और वन्देमातरम ही निकलता है। इस जीवित जागृत भावना की स्तुति का नाम है वन्देमातरम गीत। अफसोस राजनैतिक तुष्टिकरण के चलते गीत पूर्ण स्वरूप से एक बड़ी पीढ़ी को महरूम रखा गया। क्योंकि कांग्रेस के वामपंथी इतिहासकारों की किताब पढ़ेंगे तो उसमें बताया जाएगा कि सहमति से सद्भावना बनाने के लिए इसे संक्षिप्त किया गया। जबकि सच यह है कि इसे मुस्लिम लीग के दबाब में खंडित किया गया।

■ कहा - वंदेमातरम के मौलिक स्वरूप की चर्चा से गौरवमई संसदीय इतिहास का सृजन

उन्होंने आरोप लगाया कि इस गीत पर ही नही बल्कि राष्ट्र की आत्मा पर कैंची चलाई गई है।

कांग्रेस ने इस गीत के विघटन से देश के विभाजन की नींव रखने का पाप किया है।उन्होंने जोर देते हुए कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश बदल चुका है। उनके प्रयासों से ही इस सदन में वंदे मातरम के पूर्ण स्वरूप की बात हम सब कर पा रहे हैं। प्रधानमंत्री भारत को सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव की गर्वानुभूति कराते हुए विकास मार्ग पर आगे बढ़ा रहे हैं।

# मतदाताओं से संपर्क,समन्वय व संवाद स्थापित करें बीएलओः सीईओ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने गुरुवार को सचिवालय में वीडियो कॉफ्रेंस में माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों, जनपद और ईआरओ स्तर पर प्रत्येक मतदाता तक पहुंच और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि बूथ लेवल ऑफिसर "बीएलओ आउटरीच अभियान" के तहत अपने क्षेत्र के मतदाताओं से संपर्क,समन्वय और संवाद स्थापित करें। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बीएलओ की नियमित भ्रमण की मॉनिटरिंग की जाए और नियमित रिर्पोट मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं द्वारा वोटर हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से मतदाता सूची की जानकारी ली जा रही है उनका हर हाल में समाधान किया जाए। जनपद एवं ईआरओ ऑफिस में हेल्पडेस्क प्रभावी रुप से स्थापित की जाए और इसके लिए प्रभारी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बैग) के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता स्थलों पर बैग का गठन तत्काल पूर्ण कर लिया जाए।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे,उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से शामिल रहे।



■ कहा - "बीएलओ आउटरीच अभियान" की हो नियमित मॉनिटरिंग,सीईओ डॉ. पुरुषोत्तम ने एसआईआर की तैयारियों के सम्बंध में की जिलों की समीक्षा,मतदाताओं की सुविधा के लिए स्थापित हेल्पडेस्क में अधिकारियों की तय की जाए जिम्मेदारी,सभी जनपदों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप का तत्काल गठन

# विद्यालय में बच्चों से मारपीट और कठोर व्यवहार पर बाल आयोग सख्त

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** जनपद देहरादून के डोईवाला क्षेत्र स्थित एक विद्यालय में मुख्य रूप से चीनी मिल एवं प्रवासी मजदूरों के बच्चे अध्ययनरत हैं, वहां एक अभिभावक/प्रार्थी ने उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को यह शिकायत प्राप्त हुई कि विद्यालय में बच्चों के साथ मारपीट तथा कठोर व्यवहार किया जा रहा है।

शिकायत प्राप्त होते ही डॉ. गीता खन्ना, अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए विद्यालय प्रबंधन से विस्तृत रिपोर्ट तलब की तथा निर्देश जारी किए।किसी भी परिस्थिति में बच्चों को शारीरिक दंड न दिया जाए।बच्चों से संबंधित व्यवहारिक चुनौतियों का समाधान समझाइश, परामर्श एवं संवादात्मक तरीकों से किया जाए।



विद्यालय के प्रधानाचार्य ने स्पष्टीकरण देते हुए बताया गया कि कुछ छात्राओं द्वारा हाल ही में विशेष प्रकार के वस्त्र पहनने की अनुमति तथा दो चोटी न बनाने का आग्रह किया गया था।

इस पर आयोग ने निर्देशित किया कि विद्यालय प्रबंधन बच्चियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ सुने ताकि उनकी चयनात्मक सोच (ैमसमबजपअम जीपदापदह) को सकारात्मक दिशा मिल सके। डॉ. गीता खन्ना ने बच्चों में उभर रही नकारात्मक, निर्णायक एवं विनाशकारी सोच पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन भावनाओं के वास्तविक कारणों का पता लगाना आवश्यक है। इस संबंध में उनकी अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी हितधारकों को आमंत्रित कर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

■ उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने विद्यालय प्रबंधन को तलब कर ली रिपोर्ट, जरूरी निर्देश दिए

आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय प्रबंधन को अभिभावकों के साथ बैठक कर सकारात्मक समाधान के लिए संवाद स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। विद्यालय को यह भी निर्देशित किया गया कि वह तुरंत प्रभाव से एक सुरक्षित, बाल-अनुकूल एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करे तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए। डॉ गीता खन्ना ने कहा कि आयोग पुनः स्पष्ट करता है कि बच्चों के अधिकार, सुरक्षा एवं सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। आयोग भविष्य में भी ऐसे सभी मामलों में संवेदनशीलता एवं कठोरत के साथ कार्रवाई करता रहेगा।

## कैंब्रियन हॉल सोसायटी के पंजीकरण संबंधित सभी अभिलेखों की जाँच के निर्देश

कैंब्रियन हॉल सोसायटी संबंधी प्रकरण में आयोग को संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें आरोप लगाया गया कि संस्था का पंजीकरण विधिवत रूप से नहीं किया गया है।इस पर आयोग ने कठोर संज्ञान लेते हुए सोसायटी के संस्थापक को तलब किया। लेकिन उनके उपस्थित न होने पर आयोग ने गहरी आपत्ति व्यक्त की तथा निर्देश जारी किए।उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा कैंब्रियन हॉल सोसायटी के पंजीकरण से संबंधित सभी अभिलेखों की तात्कालिक जाँच की जाए।यदि संस्था बिना वैध पंजीकरण के संचालित पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध उचित विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।आयोग ने स्पष्ट किया कि बच्चों से जुड़े किसी भी संस्थान का बिना विधिक पंजीकरण संचालन किसी भी स्थिति में अस्वीकार्य है।

# डीफार्मा व बीफार्मा कोर्स में फार्मेसी एक्ट के अनुरूप हो प्रवेशः रजिस्ट्रार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** फार्मेसी अधिनियम 1948 (1948 क 8) की धारा 10 के तहत एजुकेशन रेगुलेशन 1992, 1994, 2014 के विपरीत कतिपय कॉलेजों/विश्वविद्यालयों द्वारा डीफार्मा /बी फार्मा० में प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में रजिस्ट्रार फार्मेसी काउन्सिल उत्तराखण्ड द्वारा समस्त कॉलेजों/विश्वविद्यालयों को पत्र जारी कर उपर्युक्त विषयक आवश्यक कार्यवाही करने को अवगत कराया गया है , जिसमें उनके द्वारा कहा गया है कि, कतिपय कॉलेजों/विश्वविद्यालयों द्वारा फार्मेसी एक्ट के विपरीत डी० फार्मा०/बी० फार्मा० में प्रवेश दिया जा रहा है। जबकि डी० फार्मा०/बी० फार्मा० में प्रवेश के लिए इण्टरमीडिएट में साइंस स्ट्रीम (अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान तथा गणित) विषयों में पृथक-पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार के. एस. फर्स्वाण ने बताया कि राज्य के कतिपय संस्थानों द्वारा अनिवार्य विषयों में अनुत्तीर्ण छात्राओं को फार्मेसी एक्ट के विपरीत डी० फार्मा०/बी० फार्मा० पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जा रहा है। जिससे बाद में छात्रों को दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि द्विवर्षीय डिप्लोमा/चार वर्षीय डिग्री उत्तीर्ण कर छात्र/छात्राएं पंजीकरण कराने जब कार्यालय में आते हैं तो अनिवार्य विषयों में उत्तीर्ण न होने के कारण उनका पंजीकरण नहीं हो पाता है। जिससे ऐसे छात्र/छात्राओं का भविष्य खराब हो रहा है साथ ही धन की भी हानि होती है। उन्होंने बताया कि इसे प्रकरण में कई छात्रों द्वारा मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल में वाद दायर भी किया गया है।स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार ने समस्त संस्थानों/विश्व. विद्यालयों को पत्र जारी कर अवगत कराया कि डी फार्मा /बी. फार्मा में प्रवेश देते समय छात्र/छात्राओं के समस्त दस्तावेजों को भली भांति जांच लें, कि छात्र/छात्राएं इण्टरमीडिएट में साइंस स्ट्रीम (अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान तथा गणित) विषयों में पृथक-पृथक उत्तीर्ण हैं कि नहीं । भविष्य में इस तरह गलत प्रवेश देने पर संस्थान स्वयं ही उत्तरदायी होगें।

■ छात्रों को इंटरमीडिएट में पृथक-पृथक विषयों में होना होगा उत्तीर्ण

## बाल आयोग के पत्र के बाद दून पुलिस में हड़कंप

# जांच कर रहे अधिकारियों ने नहीं भेजी रिपोर्ट

**मयूर गुप्ता**

**देहरादून।** राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकारी संरक्षण आयोग ने देहरादून के एसएसपी को पत्र लिखकर उनके पास पहुंचे शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच कराए जाने के आदेश दिए जाने और जांच रिपोर्ट पेश किए जाने के आदेश दिए।

बाल आयोग के पत्र के बाद दून पुलिस महकमे में हडकंच मच गया। आयोग ने एसएसपी को पत्र लिखकर उनके द्वारा भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्रों पर जांच नहीं किए जाने पर सख्त रूख अपनाया है।राज्य बाल आयोग ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून को पत्र लिखकर दस प्रकरणों की गंभीरता पूर्वक जांच करवाए जाने के लिखित रूप में आदेश दिए। राज्य बाल आयोग ने अपने पत्र के पत्रांक संख्या एसटी-एसएसपी-(बाल आयोग)/2025 का उल्लेख करते हुए लिखा की उनके द्वारा दस शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच राजपत्रित अधिकारियां से करवाए जाने के निर्देश दिए थे। अपने पत्र में राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माध्यम से भेजे गए सभी दस शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच राज पत्रित अधिकारियां से करवाए जाने का उल्लेख भी किया गया था।राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र के बाद एसएसपी अजय सिंह ने तीन शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच सहायक पुलिस अधीक्षक सीओ सिटी आईपीएस को सौंपी तो सीओ सदर अंकित कंडारी को भी दो शिकायती प्रार्थना पत्रों का जिम्मा सौंपा था।

इसके अलावा महिला हेल्प लाईन की प्रभारी को भी एक मामले की जांच सौंपी थी। वहीं क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश को राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग से मिले शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच का जिम्मा सौंपा गया था।इसके अलावा सीओ मसूरी और सीओ विकासगर को भी एक-एक शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच करने का अधिकारी दिया गया था। लेकिन मामले की गंभीरता को दर किनार करते हुए उक्त अधिकारियां ने जांच करने की जहमत तक नहीं उठाई। राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को मिले शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच को गंभीरता ने नहीं लिए जाने और जांच रिपोर्ट बाल आयोग को समय से नहीं सौंप जाने पर बाल आयोग ने इसकों गंभीरता से लिया और एसएसपी को पत्र लिखकर सभी जांचों की सुपष्ट जांच अविलम्ब उनतक सौंपे जाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग धर्म के नाम पर एक स्कूल के प्रधानाचार्य पर मेघदूत एन्कलेव कालीदास मार्ग निवासी कक्षा 11 में वहां पर अध्यनरत छात्र अंशुमन को परेशान किए जाने,लक्ष्मण रोड कोतवाली नगर निवासी एक महिला के शिकायत पर कार्यवाही किए जाने एक महिला ने अपनी और अपने बच्चों की जांच को उनकी दादी, बुआओं से खतरा बातते हुए अपनी और उनकी सुरक्षा करवाए जाने, दून अस्पताल में भर्ती एक नाबालिग किशोरी से लगातार तीन वर्षा तक शारीरिक उत्तपीड़न किए जाने और नाबालिग बच्चे के साथ मारपीट किए जाने जैसे गंभीर आरोपों की जांच किए जाने का अपने पत्र में उल्लेख किया था। उक्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच नहीं किए जाने पुलिस की कार्य प्रणाली को संदेह के घेरे में लाता है।

## सीएम ने जाना वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र कंडारी का हाल

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में भर्ती उत्तराँचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष भूपेन्द्र कंडारी का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से श्री कंडारी के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी मुलाकात की, उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यकताओं की जानकारी ली।मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को मरीजों के समुचित उपचार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# राज्य की सभी जेलों में 'एक जेल-एक प्रोडक्ट' का करें विकास : सीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सचिवालय में जेल विकास बोर्ड बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य की सभी जेलों में 'एक जेल-एक प्रोडक्ट' का विकास किया जाए। कारागारों में निरूद्ध बन्दियों के कौशल विकास के लिए नियमित कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। आईटीआई के माध्यम से भी जेलों में अलग-अलग ट्रेड के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि जेलों के विकास के लिए राज्य का अपना अलग मॉडल विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जेलों में बनाये गये उत्पादों का सरकारी कार्यालयों में उपयोग किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे समय-समय पर जेलों में भोजन व्यवस्थाओं को भी देखें।



बैठक में निर्णय लिया गया कि केन्द्रीय कारागार सितारगंज, जिला कारागार अल्मोड़ा, पौड़ी, टिहरी, उप कारागार हल्द्वानी और रूड़की में लॉंड्री मशीन की स्थापना की जायेगी। जिला कारागार देहरादून और हरिद्वार में इसकी स्थापना से अच्छे परिणाम आये थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि कारागारों में चिकित्सकों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में प्रदेश की खुली जेल सितारगंज में कच्ची घानी सरसों तेल संयंत्र की स्थापना पर सहमति बनी।

■ कारागारों में निरुद्ध बन्दियों के कौशल वकास के लिए नियमित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं

सितारगंज और हरिद्वार जेल में मशरूम फार्मिंग की सहमति भी दी गई। बैठक में जानकारी दी गई कि जिला कारागार हरिद्वार, अल्मोड़ा, केन्द्रीय कारागार सितारगंज और उपकारागार हल्द्वानी में बेकरी यूनिट की स्थापना से लगभग 12 लाख रूपये आय अर्जित हुई है। सितारगंज खुली जेल में गौशाला की स्थापना से 10 लाख रूपये की आय हुई है।बैठक में प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव गृह शैलेश बगोली, अपर पुलिस महानिदेशक कारागार अभिनव कुमार, सचिव सी. रविशंकर एवं सबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने की सीएम घोषणाओं की समीक्षा



■ सभी कार्यदायी संस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें कार्य : जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक करते हुए त्वरित, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने निर्देश दिये है।गुरूवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित कर संबोधित विभाग अध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने विभागवार सभी घोषणाओं की समीक्षा की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग और कार्यदायी संस्थाएं आपस में समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी किसी भी घोषणा में देरी स्वीकार्य नहीं होगी और अधिकारियों को अपनी जवाब. देही समझते हुए त्वरित कार्रवाई करनी होगी। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से उन घोषणाओं पर ध्यान देने को कहा जिनके लिए बजट स्वीकृत हो चुका है, ताकि उनके कार्य तुरंत शुरू किए जा सकें। जिन कार्यों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) आवश्यक है, उन्हें समयबद्ध तरीके से तैयार कर शीघ्र शासन को भेजा जाए।

उन्होंने ने सड़क, पेयजल और आधारभूत संरचना से जुड़े विभागों को विशेष रूप से त्वरित गति से कार्य पूरा करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वन भूमि हस्तांतरण की आवश्यकता वाले कार्यों के संबंध में, उन्होंने संबंधित विभागों को वन विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव तैयार करने और उन्हें शीघ्र शासन एवं नोडल अधिकारियों को भेजने को कहा, ताकि विकास कार्य बाधित न हों।बैठक में एसडीएम देवानंद शर्मा, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग सचिन सिंघल, एसीएमओ बीएस पांगती, डीटीडीओ केके जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी सहित विभिन्न अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

## भालू दिखने से ग्रामीण में भय का माहौल

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम मठुड़ गांव क्षेत्र के आसपास भालू दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र पंचायत सदस्य कंडोली मनोज कुमार लखेड़ा ने बताया कि गुरुवार सुबह नौ बजे के करीब ग्राम मठुड़ गांव के पास स्थित राजकीय इंटर कालेज में भालू के दो बच्चे और दो भालू दिखाई दिये । जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को सूचना दे दी है। वहीं उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर मंजू राजपूत ने बताया कि भालू दिखाई देने की सूचना प्राप्त हुई हैजिससे सुरक्षा को देखते हुए वन क्षेत्राधिकारी कीर्तिनगर को लगातार निगरानी करने और सम्भावित स्थानों पर रात्रि 10 बजे तक गश्त करना करने के निर्देश जारी किए है।

# डोभा मार्ग के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलने पर सीएम का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राज्य योजना के अंतर्गत रुद्रप्रयाग विधानसभा के जखोली-भीरी-गुप्तकाशी मोटरमार्ग से डोभा तीन किमी मोटरमार्ग के डामरीकरण को वित्तीय एवं प्रशास. निक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस कार्य में 2.55 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। सड़क डामरीकरण की स्वीकृति प्रदान होने पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी एवं लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज का धन्यवाद ज्ञापित किया।

विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल 2021 में सड़क का कटिंग का कार्य पूर्ण किया गया था। क्षेत्र की जनता को आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिलें, इसके लिए निरंतर प्रयास जारी थे। जनता की मांग पर सड़क डामरीकरण की स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में 58 से अधिक सड़कें स्वीकृत हुई हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पहले चरण में 1700 करोड़ राज्य सरकार को मिले हैं। कहा कि 90 करोड़ से अधिक धनराशि के विधानसभा रुद्रप्रयाग के सड़कों के डीपीआर शासन में भेजे गए हैं, जिनके लिए शीघ्र धनराशि आवंटित होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार के सहयोग से क्षेत्र में विकास के कार्य संचालित हो रहे हैं, जिनका लाभ जनता को मिल रहा है। क्षेत्र के विकास को लेकर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आगे भी बहुत सी सौगातें जनता को मिलने जा रही हैं।



■ जखोली-गुप्तकाशी से डोभा मोटर मार्ग के डामरीकरण को मिली स्वीकृति

## पंजीकरण की तिथि 24 दिसंबर तक विस्तारित

**रुद्रप्रयाग।** समाज कल्याण विभाग की ओर से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल आगामी 24 दिसंबर तक खोला गया है। इस संबंध में मुख्य शिक्षा अधिकारी सहित समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थान के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी टीआर मलेठा ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग आईटी सेल द्वारा छात्रों की सुविधा के दृष्टिगत 24 दिसंबर तक की तिथि विस्तारित की गई है, ताकि छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत पोर्टल पर अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकें।

# कुलपति ने शिक्षकों व अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रकाश सिंह ने अपने आधिकारिक दौरे के तहत बादशाही थौल स्थित स्वामी रामतीर्थ परिसर (एसआरटी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर के शैक्षणिक और प्रशासनिक माहौल को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र प्रतिनिधियों के साथ मैराथन बैठकें कीं। कुलपति के साथ कुलसचिव प्रोफेसर राकेश डोडी, प्रोफेसर ओपी गोसाईं, प्रोफेसर मोहन सिंह पंवार और सहायक कुलसचिव एस बादल भी मौजूद रहे। बैठक में कुलपति ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।अपने संबोधन में कुलपति प्रोफेसर प्रकाश सिंह ने परिसर के शिक्षकों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे एक टीम के रूप में कार्य करें ताकि संस्थान की गरिमा बनी रहे। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि छात्रों को छात्रावास, खेलकूद गतिविधियों, पुस्तकालय, एनसीसी और एनएसएस जैसी बुनियादी सुविधाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। यदि इन सुविधाओं से संबंधित कोई भी शिकायत आती है, तो उसका त्वरित निदान सुनिश्चित किया जाए। कुल. पति ने आश्वस्त किया कि जो कार्य विश्वविद्यालय मुख्यालय स्तर से लंबित हैं या वहां से संपन्न होने हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा ताकि छात्र-छात्राओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े और उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने आंतरिक और बाह्य परीक्षाओं को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संपन्न कराने और समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करने की हिदायत दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि परीक्षा परिणामों में देरी या कक्षाओं में अनियमितता की शिकायत भविष्य में प्राप्त होती है, तो संबंधितों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर छात्र संघ अध्यक्ष आशीष राणा, उपाध्यक्ष अमन, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित सजवान, रविंद्र रावत और नगर पालि. का अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने कुल. पति के समक्ष छात्रों की समस्याएं रखीं। उन्होंने मुख्य और आंतरिक परीक्षाओं के मूल्यांकन में पारदर्शिता, समय पर रिजल्ट घोषित करने, प्रयोगात्मक परीक्षाओं को सुदृढ़ बनाने और महिला छात्रावास में सीटों की संख्या बढ़ाने की पुरजोर मांग की, जिस पर कुलपति ने कार्यवाही का भरोसा दिया।बैठक के दूसरे सत्र में शिक्षक और कर्मचारी संगठनों ने भी अपनी मांगें रखीं। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. कैलाश पेटवाल और महासचिव डॉ. अभिषेक पांडे ने शिक्षकों की लंबित पदोन्नति और परिसर में आवासों की मरम्मत का मुद्दा उठाया। वहीं, साक्षरता कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश कोठारी और रमेश राठौड़ी ने कर्मचारियों की विभिन्न वेतन विसंगतियों और अन्य समस्याओं से कुलपति को अवगत कराया। कुलपति ने सभी पक्षों को सुनने के बाद समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान परिसर निदेशक प्रोफेसर एए बौड़ाई, प्रोफेसर कैंतुरा, प्रोफेसर आरसी रमोला, प्रोफेसर जीडीएस नेगी, प्रोफेसर के अग्रवाल, प्रोफेसर सेमल्टी और सुदामा लाल सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### एक नजर .......

## नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र के कार्यकर्ताओं ने दिखाया मानवता का अद्भुत उदाहरण

**कोटद्वार।** रिखणीखाल निवासी संतोषी देवी की पीलिया तथा खून की अत्यधिक कमी के कारण अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा मदद की गुहार लगाई गई। सूचना मिलते ही नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र के कार्यकर्ता तुरंत बेस हॉस्पिटल कोटद्वार पहुँचे और आवश्यक सहायता प्रदान की। संस्था की समर्पित स्वयंसेवी कुमारी आंचल नेगी का रक्त समूह मरीज से मैच होने पर उन्होंने बिना देर किए तात्कालिक रक्तदान किया, जिससे मरीज की जान सुरक्षित हो पाई। संस्था द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की अस्पताल प्रशासन एवं परिजनों ने सराहना की। अध्यक्ष अनुराग कंडवाल ने कहा कि किसी को जीवन देना सबसे बड़ा पुण्य है। नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र के कार्यकर्ता पहले भी समय-समय पर रक्तदान करते आए हैं और भविष्य में भी समाजसेवा के कार्यों में सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र संस्था के अध्यक्ष एवं पीजी कॉलेज कोटद्वार के महासचिव अनुराग कंडवाल, अपूर्वा रावत, विपिन भंडारी, ऋषभ बुड़ाकोटी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय एसएमसी प्रशिक्षण का हुआ समापन

**लैंसडाउन।** जयहरीखाल ब्लाक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरस्वार में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के तीन दिवसीय एसएमसी प्रशिक्षण का बुधवार देर शाम को समापन हो गया है। प्रशिक्षण में संकुल के अंतर्गत आने वाले रा. प्रा. वि. बरस्वार, रा. प्रा. वि. जडियाना, रा. प्रा. वि.तूनीखाल, रा. उ. प्रा. वि. तूनीखाल तथा रा. उ. मा. वि. बरस्वार के 27 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर आरटीई अधिनियम 2009, विद्यालय विकास योजना, बाल अधिकार, समुदाय की भूमिका व पीएम पोषण योजना, द्वितीय दिवस पर एसएमसी व एसएमडीसी की जिम्मेदारियाँ, विद्यालय की वित्तीय व्यवस्था, बालिकाओं की शिक्षा, विद्यालयी सुरक्षा, एवं भौतिक संसाधन प्रबंधन व तृतीय दिवस पर आपदा प्रबंधन, सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा, समावेशी शिक्षा, विद्यालय विकास योजना के क्रियान्वयन तथा मेरी नजर में मेरा विद्यालय आदि गतिविधियों पर जानकारी दी गई।

## पूजा-पाठ के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले को किया गिरफ्तार

**सतपुली ।** विगत 19 सितम्बर 2025 को राकेश चन्द्र बलोदी, निवासी-सतपुली द्वारा थाना सतपुली में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अंकित किया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी माताजी को फोन पर वार्ता के जरिये पूजा-पाठ एवं अनुष्ठान कराने के नाम पर 5 लाख, 58 हजार की आनलाइन ठगी की। जिस संबंध में थाना सतपुली पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा आमजन के साथ हो रही साइबर एवं आर्थिक धोखाधड़ी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर अभियुक्तों की पहचान एवं शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में थानाध्यक्ष सतपुली जगमोहन रमोला के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल सर्विलांस, सुरागसी-पतारसी, तथा उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन परीक्षण करते हुए मामले की सतत एवं प्रभावी विवेचना की गई। लगातार प्रयासों एवं तकनीकी सर्विलांस के आधार पर उक्त अभियोग में संलिप्त अभियुक्त मोसीन मलिक, उम्र 32 वर्ष, पुत्र बाबूदीन, निवासी- ग्राम चोरावाला, थाना- ककरोली, जानसट, जनपद मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 को मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## महिलाओं में उत्साह, आत्मनिर्भरता की नई उम्मीद

**रुद्रप्रयाग।** प्रशिक्षण में शामिल ग्रामीण महिलाओं ने इस पहल को आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रतिभागी संगीता कुमेठी और अनिता देवी ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से उन्हें नई संभावनाएं और आत्मविश्वास मिल रहा है। वन उपज आधारित हस्तशिल्प न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि भविष्य में आय का स्थायी स्रोत भी बन सकता है। यह पहल न केवल ग्रामीणों को कौशल आधारित आजीविका प्रदान कर रही है, बल्कि वन संरक्षण और स्थानीय संसाधनों के संतुलित उपयोग की दिशा में भी एक मजबूत मॉडल के रूप में उभर रही है

# केदारनाथ यात्रा से आय बढ़ाने की होगी पहल: पूनम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिले के विकास को लेकर धरातल पर कार्य किये जाने की आवश्यकता है। ग्राम पंचायतों का चहुंमुखी विकास हो और महिलाओं की आर्थिकी कैसे मजबूत बनाई जाए, इसको लेकर कार्य करने की जरूरत है। महिला होने के नाते ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों से संघर्ष कर रही महिलाओं की पीड़ा को समझती हूं। साथ ही केदारनाथ यात्रा से जिला पंचायत की आय बढ़ाने को लेकर भी कार्य किया जा रहा है।

बृहस्पतिवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत ने कहा कि उन्हें जिपं अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद से ग्राम पंचायतों के विकास को लेकर धरातल पर कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना है। यहां जंगली जानवरों की समस्याएं आये दिन बढ़ती जा रही है तो कई क्षेत्रों में आज भी पेयजल, शिक्षा, सड़क की समस्या बनी है। जिला पंचायत अध्यक्ष होने के नाते मेरा दायित्व बनता है कि जिले के विकास को लेकर एक ठोस कार्ययोजना तैयार करवाई जाए, जिससे समस्याओं का समय से समाधान हो सके। साथ ही साथ जिला पंचायत की आय बढ़ाने को लेकर भी कार्य किया जा रहा है। जिपं अध्यक्ष ने कहा कि केदारनाथ आपदा के दौरान जिला पंचायत की कई परिसंपत्तियां एवं पार्किंग व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त हो गई थी। इसके बाद विभिन्न विभागों द्वारा इन परिसंपत्तियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे जिला पंचायत की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आय के स्त्रोत नहीं होने से जिला पंचायत को विकास कार्यों को करवाने में दिक्कतें हो रही हैं। जिपं अध्यक्ष ने कहा कि पद संभालने के बाद से पंचायत की सभी परिसंपत्तियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्षों से बिना देख-रेख के जर्जर हो चुकी परिसंपत्तियों को बेकार नहीं होने दिया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि केदारनाथ आपदा के समय केदारनाथ क्षेत्र में जिपं के गेस्ट हाउस एवं यात्रा पड़ावों की जो परिसंपत्तियाँ नष्ट हुई थी, उनके पुनर्निर्माण और पुनरोद्धार के लिए भी गंभीरता से कार्य किया जाएगा। वहीं जिपं की आय बढ़ाने और परिसंपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सुधार किए जाएंगे, ताकि आगामी समय में पंचायत की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके और इन परिसंपत्तियों का लाभ स्थानीय जनता को मिल सके।



## बेंजवाड़ी गांव में शार्ट सर्किट एक मकान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के बेंजवाड़ी गांव में शार्ट सर्किट से आवासीय भवन जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेंजवाड़ी गांव में देर रात एक घर में अचानक आग लग गई। जिसमें मकान की ऊपरी मंजिल पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। स्थानीय निवासी धीरज सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे घर से धुआं उठता दिखाई दिया। इस दौरान आग की तेज लपटों ने ऊपरी मंजील तक जा पहुंची। आगजनी की सूचना प्राप्त होती ही मौके पर पहुंचा स्थानीय प्रशासन और दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक ऊपरी मंजील में रखा सामान पूरी तरह से राख हो गया था। कीर्तिनगर उपजिलाधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही उनके द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है। उन्होंने बताया कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि या पशुहानि नहीं हुई है। बताया कि प्रभावित परिवार को तुरंत राशन कीट, रजाई गद्दे और बरसाती उपलब्ध करवाई गई है। प्रशासनने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को भेजी जाएगी।

# नोटिस तामील को पहुंची पुलिस का महिलाओं ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** एलयूसीसी कंपनी द्वारा की गई ठगी में रकम वापसी की मांग को लेकर महिला पीडितों का धरना गुरूवार को भी जारी रहा। इस दौरान पुलिस द्वारा एलयूसीसी ठगी पीड़ित महिलाओं को राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने को लेकर नोटिस जारी किया गया। नोटिस लेकर धरना स्थल पर पहुंचे पुलिस कर्मियों का विरोध स्वरूप महिलाओं ने प्रदर्शन व नारेबा. जी की। महिलाओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए नोटिस लेने से इनकार कर दिया। श्रीनगर पीपलचौरी के समीप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में बैठी महिलाओं को श्रीनगर पुलिस द्वारा नोटिस जारी किया गया। श्रीनगर कोतवाली से नोटिस की प्रतियां लेकर पहुंचे पुलिस कर्मियों को धरना स्थल पर विरोध का सामना करना पड़ा। आंदोलन का नेतृत्व कर रही सरस्वती देवी ने कहा कि लगभग अप्रैल माह में पैसा वापस दिलाए जाने की मांगों को लेकर एलयूसीसी ठगी पीड़ित महिलाओं ने कीर्तिनगर मोटर पुल पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन को लेकर उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर, श्रीनगर व पुलिस अधिकारियों को भी सूचित किया गया था। बताया कि प्रदर्शन के दौरान किसी तरह की कार्यवाही न किए जाने का आश्वासन प्रशासन ने महिलाओं को दिया था, लेकिन छह-सात महीने बाद नोटिस जारी पुलिस प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। उन्होंने इसे आंदोलन को खत्म करने की साजिश बताई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्रीनगर जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि महिलाओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाया था, जिसको लेकर एनएच बाधित करने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बताया कि इनमें से 13 महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें नोटिस तामील किया गया है, ताकि वे कोतवाली पहुंच अपना पक्ष रख सके। वहीं अन्य अज्ञातों को वीडियो साक्ष्य के आधार पर चिन्हित किया जा रहा है।

## चुनाव को लेकर बूथ अध्यक्षों की बैठक ली

**श्रीनगर।** भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए बीएलए-2 और बूथ अध्यक्षों के साथ संगोष्ठी की गई। जिसमें उनके द्वारा बताया अपने-अपने बूथ में एवं अपने-अपने वार्डों में वोटरों का सत्यापन करना और उनको सरक. ारी बीएलओ तक पहुंचाना को कहा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल ने कहा कि आने वाले आगे के चुनाव के लिए सभी को एक साथ एकजुट एक होकर कार्य करना होगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष जिला महामंत्री गणेश भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

## पर्वत भौगोलिक इकाइयां नहीं बल्कि मानव संस्कृति भी:प्रो. नेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस. नेगी ने कहा कि यह दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों के संरक्षण, विकास और उनके सामाजिक, आर्थिक महत्व और जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष 11 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस मनाया जाता है। बताया कि पर्वत केवल भौगोलिक इकाइयाँ नहीं बल्कि मानव संस्कृति, परम्पराएँ, जैव विविधता और जल संसाधनों के मुख्य आधार हैं।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राकेश सैनी ने बताया गया कि हिमालय पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण ग्लेशियर धीरे-धीरे पिघल रहे हैं और उनकी संख्या लगातार कम हो रही है, जो आने वाले समय में जल संसाधनों के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। डॉ. मीणा ने बताया गया कि हिमालय जल स्रोतों के संरक्षण एवं वैज्ञानिक अध्ययन बढ़ाने की आवश्यकता है। डॉ. रहमान ने बताया कि ग्लेशियरों का पिघलना हिमालय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है।

# सड़क हादसे में 3 की मौत, 2 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** विकासखण्ड देवाल के अंतर्गत कोटेड़ा-मोपाटा मोटर सड़क पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें सवार दो महिलाओं सहित एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। जिन्हें स्थानीय लोगो की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवाल लाया गया,जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है ।

मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष विनोद चोरिसया ने बताया कि देवाल के चौड़ गांव से अलग-अलग परिवारों के कुछ महिलाएं एवं पुरूष मोपाटा गांवों में आयोजित एक शादी समारोह में भाग लेने गए थे, शादी समारोह के बाद वापस चौड़ एवं कोटेड़ा गांवों अपने घर को लौटते हुए तीन महिलाओं समेत दो व्यक्ति इकोस्पोर्ट वाहन में सवार हो गए, जबकि चालक वाहन में नहीं बैठा था कि अचानक मोपाटा के रौल नामक तोक में ढालदार सड़क पर वाहन अपने आप ही चलने लगा और गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक हादसे में 38 वर्षीय बसंती देवी पत्नी कुंवर सिंह एवं 48 वर्षीय मोहिनी देवी पत्नी मान सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि इस दुर्घटना में घायल भजन सिंह पुत्र बादर सिंह उम्र 48 वर्ष की अस्पताल पहुंचने से पहले ही 108 में मौत हो गयी। हादसे में 65 वर्षीय खिलाप सिंह पुत्र नारायण सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए उक्त सभी मृतक एवं घायल चौड़ गांव के निवासी हैं,जबकि 19 वर्षीय ज्योति पुत्री गंगा सिंह गड़िया निवासी कोटेड़ा भी इस हादसे में घायल हो गयी इस हादसे की सूचना मिलते ही मोपाटा गांव के ग्रामीण राहत एवं बचाव कार्य मे जुट गए और घायलों को खाई से निकालकर 108 की मदद से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवाल पहुंचाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही देवाल ब्लॉक प्रमुख तेजपाल सिंह रावत ,ज्येष्ठ प्रमुख दीपक सिंह गड़िया ,पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हरेंद्र कोटड़ी ,मोपाटा के ग्राम प्रधान रूप सिंह कुंवर सहित कई अन्य ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और राहत बचाव में सहयोग किया ,इस दर्दनाक हादसे के बाद से देवाल क्षेत्र में शोक की लहर छाई हुई हैं।





# ‘वंदे मातरम के 150 साल’ पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून:** भारत सरकार द्वारा शुरू की गई "वंदे मातरम के 150 साल" राष्ट्रीय स्मारक पहल के अंतर्गत, पूरे देश में वंदे मातरम् की भावना और उसके ऐतिहासिक महत्व का उत्सव मनाया जा रहा है।

1 अक्टूबर को केंद्र सरकार द्वारा वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर देशव्यापी कार्यक्रमों की स्वीकृति दी गई।इस राष्ट्रीय उत्सव का हिस्सा बनते हुए एडीफाई वर्ल्ड स्कूल देहरादून ने भी अपने परिसर में विशेष कार्यक्रमों, वाद-विवाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जागरूकता गति. विधियों का आयोजन करने का निर्णय लिया है, ताकि छात्र-छात्राओं के मन में इस कालातीत प्रेरणा को स्थायी रूप से अंकित किया जा सके। विद्यालय का उद्देश्य है कि वंदे मातरम् की गौरवमयी विरासत अगली पीढ़ी के हृदयों में सुरक्षित, सशक्त और जीवंत बनी रहे।विद्यालय प्रशासन, शिक्षक-मंडल एवं छात्रों का उत्साह इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

एडीफाई वर्ल्ड स्कूल भारत की इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण और प्रचार के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।अतिरिक्त गतिविधियों के अंतर्गत उत्तराखंड उच्च न्यायालय बार काउंसिल के उपाध्यक्ष, अधिवक्ता पूरण सिंह रावत ने एडिफाई वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों के लिए भारतीय संविधान पर एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया। अपने संबोधन में उन्होंने संविधान की उत्पत्ति, इसकी महत्वपूर्ण विशेषताओं तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



# हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर निर्माण में अभूतपूर्व प्रगति

## भारत सरकार की एक उच्च स्तरीय टीम ने निर्माणाधीन हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर का लिया निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड में हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर की स्थापना को मंजूरी देने के बाद राज्य में स्वास्थ्य आपात प्रबंधन के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा आई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निरंतर मार्गदर्शन में हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर की स्थापना का कार्य देहरादून स्थित महानिदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिसर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार की एक उच्च स्तरीय टीम ने स्वास्थ्य महानिदेशालय में बन रहे निर्माणाधीन हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर का निरीक्षण किया। टीम ने महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. सुनीता टम्टा से भेंट की और निर्माण कार्य की गुणवत्ता, संरचना और डिजाइन पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद टीम ने नोडल अधिकारी डॉ. पंकज सिंह के साथ निर्माण स्थल का दौरा किया और केंद्र की तैयारियों का प्रत्यक्ष मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने कार्य प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और राज्य सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी एवं व्यवस्थित कार्यप्रणाली की सराहना की। इस निरीक्षण प्रक्रिया ने न केवल परियोजना की विश्वसनीयता को मजबूत किया है, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर भ्म्ब्को एक मॉडल संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत सरकार की टीम में डॉ. सैयद जुल्फेकार अहमद, क्षेत्रीय निदेशक, आरओएचएफडब्ल्यू, लखनऊ, डॉ. निश्चय केशरी, चिकित्सा अधिकारी, आरओएचएफडब्ल्यू, लखनऊ, आशिष, परामर्शदाता, हेमंत नेगी मौजूद रहे तथा स्वास्थ्य विभाग उत्तराखंड की तरफ से हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर नोडल अधिकारी डॉ पंकज सिंह तथा डॉक्टर सुजाता सिंह उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत बनाने का प्रयास : डॉ. राजेश शुक्ला

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि देशभर में भारत सरकार की टीम का निरीक्षण, गुणवत्ता पर संतुष्टि स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के निर्माण कार्य का लगभग आधा हिस्सा पूरा हो चुका है और शेष कार्य भी निर्धारित गति से प्रगति पर है। उम्मीद है कि यह केंद्र जनवरी 2026 के अंत तक पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। इसके बाद इसे औपचारिक रूप से केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग, उत्तराखंड को हस्तांतरित किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस केंद्र के संचालन को लेकर पहले ही तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसके तहत प्रशिक्षित और अनुभवी अधिकारियों को आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य आपात प्रतिक्रिया से संबंधित विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि केंद्र के शुरू होते ही यह अत्याधुनिक क्षमता के साथ प्रभावी ढंग से कार्य कर सके।

# पौड़ी-श्रीनगर एनएच पर टनल निर्माण को लेंगे जनसुझाव: डॉ. रावत

## प्रेमनगर से चोपडियूं व तिरपालीसैण से जल्लू बैंड तक बनेगी सुरंग, कम होगी दूरी

### कहा, विधानसभा क्षेत्र के मोटरमार्गों के वनभूमि प्रकरणों को सुलझाएं अधिकारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-309 (पौड़ी-श्रीनगर एनएच) पर दो टनलों का निर्माण किया जायेगा। इन टनलों के निर्माण से विधानसभा क्षेत्र के कई गांव राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधे जुड़ जायेंगे, साथ ही दूरियां भी कम हो जायेगी। एनएच पर सुरंग बनाने से पहले स्थानीय जनता से जनसुझाव लिये जायेंगे ताकि परियोजना को बेहतर स्वरूप दिया जा सके। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र के तहत वनभूमि प्रकरणों के चलते लम्बित पड़ी डेढ़ दर्जन मोटरमार्गों को शीघ्र फॉरेस्ट क्लीयरेंस देने को वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।

सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पश्चिम बंगाल दौरे पर जाने से पहले अपने शासकीय आवास पर श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मोटरमार्गों के निर्माण, डामरीकरण एवं सुधारीकरण को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग एंव वन विभाग की संयुक्त बैठक ली। जिसमें उन्होंने पौड़ी-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग-309 पर प्रस्तावित दो टनलों के निर्माण को लेकर प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर उन्हें टनल की डीपीआर बनाने से पहले स्थानीय जनता से आवश्यक रूप से जनसुझाव लेने के निर्देश दिये, ताकि भविष्य में निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार का अवरोध पैदा न हो। डॉ. रावत ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टनल प्रेमनगर से चोपड्यूं जबकि दूसरा टनल तिरपालीसैण से जल्लू बैंड तक बनाया जायेगा। दोनों टनलों के निर्माण से प्रेमनगर-चोपड्यूं के बीच लगभग 19 किलोमीटर तथा तिरपालीसैण-जल्लू बैंड के बीच लगभग 10 किलोमीटर की दूरी कम हो जायेगी और क्षेत्र के कई गांव सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जायेगा। इससे स्थानीय लोगों एवं ग्रामीणों को सुरक्षित, तेज एवं सुगम यातायात की सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा डॉ. रावत ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मोटरमार्गों कल्याणखाल-किमोज-डांडखिल- भैड़गांव तल्ला मल्ला मोटरमार्ग, उपरैंखाल-भतपो तल्ला मल्ला-गाड़खरक- भगवतीतलैया मोटरमार्ग, भरीक-पैठाणी मोटरमार्ग, पैठाणी-इज्जर मोटर मार्ग, कुआंखर्क मोटरमार्ग, दुमलोट मोटरमार्ग, सैंजी से उदलाखाल मोटर मार्ग तथा चुठाणी से चोपड्यू मोटर मार्ग के वन भूमि से जुड़े प्रकरणों को एक पखवाड़े के भीतर निस्तारित कर शीघ्र फॉरेस्ट क्लीयरेंस देने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उक्त मोटरमार्गों की डीपीआर तैयार कर शीघ्र शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

बैठक में सचिव वन सी रवि शंकर, प्रमुख वन संरक्षक व वन संरक्षण नोडल अधिकारी एसपी सुबुद्धि, अपर सचिव लोक निर्माण विभाग विनीत कुमार सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मजनी तोक वनभूमि प्रकरण का शीघ्र करें निस्तारण: डॉ. धन सिंह

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई वन विभाग एवं थलीसैण विकासखण्ड के ग्रामसभा सौंठ के प्रतिनिधि मंडल की बैठक में वनभूमि प्रकरण को शीघ्र निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिये गये। बैठक में ग्रामीणों के प्रतिनिधियों ने बताया कि थलीसैण विकासखण्ड के अंतर्गत ग्रामसभा सौंठ के मजनी तोक में ग्रामीण कई पीढ़ियों से रह रहे हैं। लेकिन हाल ही में वन विभाग द्वारा उक्त तोक को वनभूमि बताकर उन्हें नोटिस भेजे गये हैं। जिसें उन्हें वहां से मकान खाली करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जानबूझ कर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने मांग करते हुये कहा कि वन विभाग द्वारा भेजे गये नोटिस को वापस लिया जाय। जिस पर डॉ. रावत ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनको उनकी जमीन से बेदलख नहीं किया जायेगा। उन्होंन वन विभाग के अधिकारियों को प्रकरण का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये।

### 210 करोड़ की विकास योजनाओं को वित्तीय स्वीकृतियां

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं, आपदा प्रबंधन कार्यों तथा मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए 210 करोड़ से भी अधिक लागत की योजनाओं की वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री धामी ने जनपदों की मांग के अनुरूप आपदा में राहत एवं बचाव कार्यों के सफल संचालन के लिए 71 बोलेरो वाहन को 7.24 करोड़ की धनराशि स्वीकृत करने के साथ ही पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को एन.एच.-109 के लगभग 07 कि.मी. लम्बाई के पुन संरेखण के निर्माण को 188.55 करोड़ की योजना का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री धामी द्वारा सीएम घोषणाओं से संबंधित कार्यों के लिए 14 करोड़ से अधिक की स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं। जिनमें जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला में हरकोट से थामडी कुण्ड एवं जलथ से फगुनी उड्यार तक सम्पर्क मार्ग के लिए 88.76 लाख, दोबाटा से मर्ताली तक 3.02 कि.मी. मोटर मार्ग के निर्माण के लिए 84.12 लाख, विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट में विकासखण्ड मूनाकोट के अंतर्गत ग्राम नैनीपातल से भगवती मंदिर तक सी.सी. सम्पर्क मार्ग निर्माण के लिए 45.74 लाख की योजना सम्मिलित है। जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में नाबार्ड मद से औद्यानिकी विकास किये जाने को धनराशि 98.18 लाख तथा पूर्णागिरी तहसील में मिनी विकास भवन/बार भवन के निर्माण को 533.79 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का भी मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र चकराता के अंतर्गत ग्राम पंचायत काण्डी, चामा, गाता में सार्वजनिक टीन शैड के निर्माण के लिए 55.95 लाख और जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र खटीमा में 300 हैण्डपम्प लगाये जाने को 499.65 लाख की योजना की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने विकासखण्ड नारसन के ग्राम मुकीमपुर में भारत ऑयल एण्ड वेस्ट मैनेजमेंट फैक्ट्री के पास बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु सोलानी नदी के बांये किनारे पर सी.सी. द्वारा दो स्पर के निर्माण को 24.37 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया है।

# वन्दे मातरम पर हो रही चर्चा में शामिल हुए डॉ. नरेश बंसल

## कहा - वंदे मातरम एक रचना मात्र नहीं, आनंदमठ का है प्रेरक अध्याय

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सांसद राज्यसभा एवं भाजपा राष्ट्रिय सह कोषाध्यक्ष डा. नरेश बंसल ने सदन में वन्दे मातरम पर हो रही चर्चा मे भाग लिया।

डा. बंसल ने सदन में कहा कि वन्दे मातरम भारत की आत्मा है।डा. बंसल ने वंदे मातरम के 150 वीं वर्षगांठ पर वह बंकिम बाबू और सभी स्वतंत्रता के उन नौजवानों को जिन्होंने फांसी के फंदों को हंसते-हंसते चूमा और वंदे मातरम का गान करते हुए श्रंद्धाजली अर्पित की। उन्होने वंदे मातरम के संबंध में अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि

ष्है वंदे मातरम माघ छठी के शुभ अवसर पर 150वीं पूर्ति विषय पर जन्मदिवस के पुण्य क्षणों में स्वागत है वंदन है जागरण गीत तुम्हारा अभिनंदन है। डा बंसल ने कहा कि ष्वंदे मातरम ये बंकिम बाबू की एक रचना मात्र नहीं आनंदमठ का प्रेरक अध्याय है। यह पृष्ठ है अतीत के गौरव का, राष्ट्र के विराट वैभव का स्वाधीनता के संघर्ष का, भारत के उत्कर्ष का। यह केवल एक गीत नही वंदन है पावन माटी का, चंदन है पावन माटी का, संदर्भ है अपनी परिपाठी का, यह जननी का अमर गान है, स्वत्व की पहचान है। इन सुंदर पंक्तियो के माध्यम से सदन मे डा. नरेश बंसल ने वन्दे मातरम का गुणगान किया।

डा. बंसल ने आगे कहा कि आज 150वीं वर्षगांठ पर इस भारतीय संसद में वंदे मातरम गीत पर चर्चा चिंतन का शुभ अवसर है इस शब्दों के साथ श्रद्धांजली देते हुए मैं यह कहना चाहता हूं कि वंदे मातरम 1875 में लिखा गया 1896 में बाबू रवींद्रनाथ टैगोर ने इसको संगीतबद्ध किया, गाया 1882 में इसने आनंदमठ में इसने स्थान पाया। यह स्वाधीनता आंदोलन में इसकी भूमिका रही, 1905 में बंग-बंग आंदोलन के दौरान में यह गीत राष्ट्रीय जागरण का प्रमुख प्रतीक बना, उस समय जूलूसों, सभाओं और आंदोलन में वंदे मातरम का उद्घोष ब्रिटिश शासन के खिलाफ प्रतिरोध का स्वर बना।

### विश्वविद्यालय के निकट खुली अंग्रेजी शराब की दुकान बंद कराने की मांग

**किच्छा।** सूरजमल विश्वविद्यालय के निकट अंग्रेजी शराब की दुकान को बंद करायें जाने को लेकर राजकीय आदर्श महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में छात्र नेताओं ने एडीएम कौस्तुभ मिश्रा से भेंटकर ज्ञापन सौंपा है।

**कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, जलभवन, 'बी' ब्लाक, नेहरु कालोनी, देहरादून।**

पत्रांक: 6052/निविदा सूचना/2025-26 — **निविदा सूचना** — दिनांक : 11.12.2025

उत्तराखण्ड जल संस्थान की ओर से निम्न कार्य हेतु निविदा, सिंगल-बिड सिस्टम आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| धरोहर धनराशि रु. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| वार्षिक दर अनुबन्ध पर विभिन्न प्रिंटर्स की पुरानी टोनर काट्रेज रिफिल एवं नई टोनर काट्रेज की आपूर्ति का कार्य | | | | |
| 12000/- | 500.00 + 18% GST | 23.12.25 upto 5:00 PM | 24.12.25 upto 2:00 PM | 24.12.25 upto 3:30 PM |

शर्तें –
1. निविदा प्रपत्र विभागीय वैबसाईट **http://ujs.uk.gov.in** पर भी प्राप्त किये जा सकते हैं। वैबसाईट से डाउनलोड निविदा प्रपत्र को जमा करते समय निविदा प्रपत्र के साथ उक्त तालिका के कॉलम (2) में दिये गये निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट, किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत, अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून के नाम से बनाकर निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस पर अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार, उत्तराखण्ड जल संस्थान, जल भवन, नेहरू कालोनी, देहरादून के कार्यालय से क्रय किये जा सकते हैं।
2. निविदादाता फर्म का देहरादून शहर में संस्थान होना आवश्यक है।
3. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार विभाग को होगा।
4. शेष समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।

सचिव (प्रशासन)

**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून।**

पत्रांक: 475/अभि0-/2025-26 — दिनांक:11/12/2025

**ई-निविदा सूचना**

उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में ए श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से रायपुर विधान सभा के अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर सड़क एवं नाली के निर्माण हेतु (एक जॉब के अन्तर्गत) टू-बिड के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित दि0 08.01.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार / फर्म जो क्वालीफाई कर रहे हो वह उत्तराखण्ड की वेबसाईट uktenders.gov.in में उक्त तिथि व समय तक निविदा अपलोड कर सकते है। अन्य निविदा की विस्तृत शर्ते प्राधिकरण की वेबसाईट mddaonline.in में एवं प्राधिकरण नोटिस बोर्ड में भी दिया गया है यदि उक्त निविदा के सम्बन्ध किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है तो उसकी सूचना उक्त वेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड के माध्यम से दी जाएगी।

**अधिशासी अभियन्ता,**
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।

**न्यायालय असिस्टेन्ट कलक्टर महोदय टिहरी/जाखणीधार, टिहरी गढ़वाल।**

प्र०रा०वाद सं०-01 सन्-2025
भरत लाल **बनाम**
विनोद प्रसाद आदि

**नोटिस बनाम- 1.** विनोद प्रसाद पुत्र गोकल देव, **2.** प्रमोद प्रसाद पुत्र गोकल देव, **3.** प्रदीप प्रसाद पुत्र गोकल देव, **4.** श्रीमती लक्ष्मी देवी बेबा गोकल देव, **5.** पंकज कुमार पुत्र गुणानन्द, **6.** नीरज कुमार पुत्र गुणानन्द, **7.** श्रीमती सुलोचना देवी बेबा गुणानन्द, **8.** राहुल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, **9.** रविन्द्र पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, **10.** श्रीमती कुसुम बेबा राजेन्द्र प्रसाद, **11.** अंकित प्रसाद पुत्र आनन्दमणी द्वारा माता श्रीमती प्रमिला देवी, **12.** श्रीमती प्रमिला देवी बेबा आनन्दमणी, **13.** लोकमणी पुत्र मधवानन्द सभी निवासी ग्राम-कैलबागी, पट्टी-खास, पोस्ट-गड़ोलिया, तहसील-जाखणीधार, जिला-टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।
**14.** सरकार उत्तराखण्ड द्वारा कलक्टर/जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल।
**15.** प्रधान ग्रामसभा ग्राम-कैलबागी, पट्टी-खास, पोस्ट-गड़ोलिया, तहसील-जाखणीधार, जिला-टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

आप नोटिस बनाम को सूचित किया जाता है कि वादी ने एक प्रकीर्ण राजस्व वाद सं०-05/2022 भरत लाल बनाम विनोद प्रसाद आदि को पुर्नस्थापना प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसे न्यायालय द्वारा सुनवायी हेतु स्वीकार किया जाकर दिनांक-18 माह-12 सन-2025 की तिथि नियत की गयी है, यदि आपको उक्त प्रार्थना पत्र पर कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो उक्त तिथि को असालतन या वकालतन प्रातः 10:00 बजे न्यायालय में आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा वादी के प्रार्थना पत्र पर आप नोटिस बनाम के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

आज दिनांक-11 माह-12 सन्-2025 को मेरे हस्ताक्षर व अदालत की मुद्रा से जारी।

**आदेशानुसार**
**वाचक**
**असिस्टेन्ट कलक्टर**
**टिहरी, टिहरी गढ़वाल**

# पीआरडी जवानों के लिए होगी एक विशिष्ट प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना : सीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को ननूरखेड़ा, देहरादून स्थित निदेशालय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल परिसर में प्रान्तीय रक्षक दल के श्स्थापना दिवसश के अवसर पर आयोजित रैतिक परेड कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत पीआरडी स्वयंसेवकों के आश्रितों को सहायता राशि एवं पीआरडी जवानों के बच्चों को छात्रवृत्ति के चेक भी प्रदान किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा कि की पी.आर.डी जवानों के लिए एक विशिष्ट प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की जाएगी।पीआरडी जवानों को भी अब ड्यूटी के दौरान चिकित्सालय में भर्ती होने की स्थिति में उपचार के दौरान ड्यूटी पर ही माना जाएगा और उन्हें अधिकतम छह माह का मानदेय प्रदान किया जाएगा। ग्राम अस्थल रायपुर में खेल मैदान का निर्माण भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने प्रांतीय रक्षक दल के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पी.आर.डी जवान, धैर्य, समर्पण और अदम्य इच्छाशक्ति के साथ प्रदेश में सुरक्षा और जनसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। पीआरडी जवान, प्रदेश में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, सुरक्षा व्यवस्था, लिपिकीय कार्यों और विभिन्न विभागीय का दायित्वों, प्राकृतिक आपदाओं में चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में कार्य कर प्रदेश की सेवा कर रहे हैं। चार धाम यात्रा के दौरान भी जवानों ने धैर्य, संवेदनशीलता और सजगता के साथ लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा कराने में सहयोग किया।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने पीआरडी जवानों के कल्याण के लिए अनेकों महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राज्य गठन के समय पीआरडी जवानों को मात्र 65 रुपये प्रतिदिन भत्ता मिलता था। अब उसमें 10 गुना वृद्धि करते हुए उसे 650 रुपये प्रतिदिन किया गया है। पीआरडी जवानों के आश्रित बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार ने मृत एवं घायल पीआरडी जवानों और उनके आश्रितों को 70 लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हुए पीआरडी जवानों को 18 लाख रुपये का एकमुश्त सेवा-भत्ता भी प्रदान किया है। साम्प्रदायिक दंगों में ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर परिवार को मिलने वाली राशि को एक लाख रुपये से बढ़ाकर 2 लाख किया गया है। पीआरडी जवान की अति-संवेदनशील ड्यूटी में मृत्यु होने पर देय राशि 75 हजार रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये की है। सामान्य ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने की दशा में मिलने वाली राशि को भी 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस माह 149 पंजीकृत आश्रितों को विभागीय अर्द्ध सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिससे वे अपने कौशल में वृद्धि कर सकेंगे और भविष्य में पीआरडी सेवा के विभिन्न दायित्वों को और अधिक दक्षता और तत्परता के साथ निभाने में सक्षम होंगे।इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, अपर निदेशक युवा कल्याण राकेश डिमरी, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय, टिहरी गढवाल नई टिहरी।**

प्र०वा०सं०-03 सन्-2025
श्रीमती सुमति देवी **बनाम**
विजेन्द्र सिंह आदि

**नोटिस बनाम-** समस्त रिश्तेदारान आम व खास।

चूंकि प्रार्थिनी श्रीमती सुमति देवी पत्नी स्व० राजेन्द्र सिंह के द्वारा मेरे न्यायालय में एक प्रार्थनापत्र अपनी अवयस्क पुत्री कु० सुष्मिता पुत्री स्व० राजेन्द्र सिंह के नाम ग्राम जखोत, पट्टी बमुण्ड, तहसील टिहरी, जिला टिहरी गढवाल के खाता सं०-00040 में दर्ज 14 वर्ग मीटर भूमि व उस पर बने भवन के विक्रय की अनुमति चाहने हेतु प्रस्तुत किया गया है। जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक-19 माह-12 सन्-2025 की तिथि नियत है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थनापत्र के सम्बन्ध में यदि आपको कोई आपत्ति हो तो उक्त नियत तिथि पर स्वयं या द्वारा अधिवक्ता हाजिर आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। ऐसा न किये जाने पर प्रार्थनापत्र में एकपक्षीय सुनवाई की जाकर आदेश पारित किया जायेगा।

यह नोटिस आज दिनांक-11 माह-12 सन्-2025 को जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**मुख्य प्रबन्धक**
**कार्यालय जिला जजी**
**नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल**

**।। कार्यालय नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल ।।**

पत्रांक: 886 / निविदा /निर्माण/न0पा0प0न0नगर/2025-26/नरेन्द्रनगर, — दिनाँक: 11 दिसम्बर 2025

**।। निविदा सूचना ।।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के पंजीकृत ठेकेदारों से इस निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष-2025-26 में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से कराएं जाने वाले 03 (तीन) अति आवश्यक निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु दिनॉक, 27 दिसम्बर 2025 अपराहन 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निविदा/निर्माण समिति के द्वारा पालिका कार्यालय में खोली जायेंगी। उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र दिनॉक 26 दिसम्बर 2025 को प्रात: 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक नगद भुगतान पर पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम एवम् शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक महोदय/ निविदा/निर्माण समिति को निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+18% GST | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0- 05 सुमन चिकित्सालय परिसर के अन्तर्गत ओल्ड़ पुलिस उपभोक्ता भन्डार के समीप कूडा रोकथाम एवं पशुओं की सुरक्षा हेतु वायर मैस चौनलिंग का कार्य। | 7.59 लाख | 15500.00 | 1000.00 | 15 दिन | 3 माह |
| 02 | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0- 01 किनवानी के अन्तर्गत कुमार खेडा में श्री प्रेम लाल के आवासीय भवन के पीछे सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 8.25 लाख | 16500.00 | 1000.00 | 15 दिन | 3 माह |
| 03 | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0- 03 बाजार लाईन के अन्तर्गत हरीश राण एवं श्री शैलेन्द्र नौटियाल के आवासीय भवन के समीप क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 13.73 लाख | 27500.00 | 1500.00 | 15 दिन | 4 माह |

**नोटः**- निमार्ण कार्यो से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय में देखी जा सकती है।

**(एलम सिंह रावत)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्
नरेन्द्रनगर, टि0ग0।

**केनरा बैंक Canara Bank** A Government of India Undertaking — Syndicate Bank

**एआरएम।। शाखा, ए-27, पहली मंजिल, हौज खास, नई दिल्ली - 110016**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।**

**केनरा बैंक,** से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन पी ए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभुतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशी 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो बैंक/सिक्योर्ड क्रेडिटर के ऊपर बताए गए आपके दायित्व का निर्वहन न करने की स्थिति में सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत दिए गए किसी भी अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम<br>एनपीए की तारीख | मांग सूचना की तारीख<br>बकाया राशि | सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 1. श्री पवन सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह (खाता संख्या 2200619001797, 2200619001830 और 2200860001102 के उधारकर्ता)<br>2. श्री दुष्यंत कुमार पुत्र श्री पवन सिंह (खाता संख्या 2200619001797 के सह-उधारकर्ता)<br>3. श्री प्रदीप चौधरी पुत्र जय सिंह (खाता संख्या 2200619001797 और 2200619001830 के गारंटर)<br>4. श्री जीत सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह (खाता संख्या 2200860001102 के उधारकर्ता और बंधककर्ता)<br>ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि : **21.07.2024** | **04.10.2025**<br>खाता संख्या 2200619001797 के लिए रुपये 6,70,899.96 (केवल छह लाख सत्तर हजार आठ सौ निन्यानवे रुपये और छियानवे पैसे) ब्याज सहित (01.11.2025 से प्रभावी),<br>खाता संख्या 2200619001830 रुपये 7,28,055.53 (केवल सात लाख अट्ठाईस हजार पचपन रुपये और तिरपन पैसे) ब्याज सहित (01.11.2025 से प्रभावी)<br>और<br>खाता संख्या 2200860001102 डेयरी ऋण रुपये 14,48,520.22 (केवल चौदह लाख अड़तालीस हजार पांच सौ बीस पैसे) ब्याज सहित, 01.10.2025 से प्रभावी | 1. आवासीय मकान का संपूर्ण भाग, जिसका क्षेत्रफल पूर्व- 41.46 फीट, पश्चिम-अक्ष 41.46 फीट, उत्तर- 43 फीट और दक्षिण- 43 फीट है, कुल भूमि क्षेत्रफल 1800 वर्ग फीट या 167.286 वर्ग मीटर है, जो खसरा संख्या 82M का हिस्सा है, जो आबादी गांव रहीमपुर, परगना भगवानपुर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार में स्थित है।<br>बिक्री विलेख संख्या के अनुसार रुड़की के उप-पंजीयक कार्यालय में दिनांक 16.05.2005 को जारी पंजीकरण संख्या 5254 के अनुसार,<br>**चौहद्दी:-**<br>पूर्वः 12 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः श्री महक सिंह का प्लाट,<br>उत्तरः 12 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः श्री सुलेख चंद की भूमि<br>सेरसाई सुरक्षा हित आईडीः 400008875185<br>(खाता संख्याः 2200619001797, 2200619001830 और 2200860001102 में बंधक)<br>स्वामित्व धारक का नामः **श्री पवन सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह**<br>2. आवासीय संपत्ति का संपूर्ण भाग, जिसका माप पूर्व दिशा में 49 फीट 6 इंच, पश्चिम दिशा में 48 फीट, उत्तर दिशा में 125 फीट और दक्षिण दिशा में 125 फीट है, जिसका कुल क्षेत्रफल 6093.75 वर्ग फीट या 566.33 वर्ग मीटर है, जो खाता संख्या 323अ और खसरा संख्या 679म के साथ मुंडलाना प्रगना, मंगलौर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार में स्थित है, और जिसका विक्रय विलेख संख्या 3967 दिनांक 06.12.1979 और 2082 दिनांक 28.04.1984 को रुड़की के उप रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत है।<br>**चौहद्दी:-**<br>**पूर्व** : श्री नरेंद्र और शिव कुमार पुत्र श्री राफल सिंह का घर **पश्चिम** : सड़क<br>**उत्तर** : श्री विश्वास और मुकेश पुत्र श्री अजब सिंह का घर **दक्षिण** : श्री मेनपाल पुत्र इलम सिंह का घर<br>सेरसाई सुरक्षा हित आईडीः 400026108794<br>(खाता संख्याः 2200860001102 में बंधक)<br>(स्वामित्व धारक का नामः **श्री पवन सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह और श्री जीत सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह**) |

दिनांक : 11.12.2025, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

# अतिक्रमण नियंत्रण एवं घाटों के व्यवस्था की गहन समीक्षा

## सफाई कर्मचारी को लोकेशन साझा करने के आदेश

■ घाट क्षेत्र सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान : नंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर निगम हरिद्वार की बड़ी कार्रवाई घाटों का औचक निरीक्षण, अतिक्रमण पर लगाम और कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने की नई व्यवस्था आज दिनांक 11 दिसंबर 2025 को नगर आयुक्त नंदन कुमार ने नाई घाट, सुभाष घाट, हर की पैड़ी चौक, संजय पुल एवं धनुष पुल क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण तथा घाटों की समग्र व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। नगर आयुक्त के निर्देशन में की जा रही सफाई एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान की व्यापारियों द्वारा सराहना की गई। साथ ही सुभाष घाट, नाई घाट एवं गऊघाट पर पी.आर.डी जवानों की तैनाती के कारण घाटों पर अतिक्रमण लगभग समाप्त हो गया है जिसके लिए व्यापारियों ने नगर आयुक्त का आभार व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक अर्जुन, धीरेंद्र सेमवाल तथा सफाई नायक कपिल, अशोक चौहान, संदीप एवं अतुल उपस्थित रहे। कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर नगर निगम की कड़ी पहल इसी बीच नगर निगम को कई माध्यमों से यह शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ सफाई कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो रहे हैं। प्राप्त शिकायतों और साझा किए गए नामों के आधार पर नगर आयुक्त द्वारा एक सप्ताह पूर्व महत्वपूर्ण आदेश जारी किया जा चुका है। आदेश के प्रमुख बिंदु इस प्रकार है की प्रत्येक कर्मचारी की सुबह और शाम दोनों शिफ्ट में जी.पी. एस लोकेशन सहित फोटो लेकर संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करना अनिवार्य। सभी निरीक्षकों को कम से कम 1 माह की जी.पी. एस उपस्थिति फोटो सुरक्षित रखने के निर्देश। उपस्थिति की जांच कभी भी आकस्मिक रूप से की जा सकती है। आदेश तुरंत प्रभाव से लागू है। इस आदेश के क्रम में अब सभी संबंधित कर्मचारी प्रतिदिन दोनों शिफ्टों में अपनी जी.पी.एस युक्त उपस्थिति फोटो व्हाट्सएप ग्रुप में साझा कर रहे हैं जिससे नगर निगम की इस नई पहल से शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो रही है। नगर आयुक्त नंदन कुमार का आधिकारिक वक्तव्य घाट क्षेत्र हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान है। यहाँ स्वच्छता और व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतिक्रमण रोकने, सफाई व्यवस्था सुधारने और कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सख्त और पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है। जी.पी.एस की आधारित उपस्थिति से जवाबदेही बढ़ी है और घाटों को स्वच्छ, सुरक्षित व व्यवस्थित रखने में यह बड़ा कदम साबित होगा। सभी व्यापारियों व नागरिकों के सहयोग से नगर निगम पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

# राजमार्ग पर सड़क मरम्मत की मशीन से टकराई कार

## कार चालक व दो मजदूरों की जान गई

■ कार सवार की हालत गंभीर

■ तीनों शवों का पंचनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक वॉलीबॉल खिलाड़ी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। घायल को जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा प्रेम नगर आश्रम के सामने फ्लाईओवर पर हुआ जहां मरम्मत कार्य चल रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना बुधवार देर रात तब हुई जब इब्राहिमपुर थाना पथरी निवासी वॉलीबॉल खिलाड़ी अर्पित सैनी अपने मित्र अलीपुर बहादराबाद निवासी रहमान के साथ देहरादून से किसी कार्यक्रम से लौट रहे थे। प्रेम नगर आश्रम के सामने फ्लाईओवर पर जहां हाईवे का मरम्मत कार्य चल रहा था अर्पित सैनी की कार हाइवे पर रखी मशीन से जा टकराई और पलट गई। भीषण टक्कर में कार चालक अर्पित सैनी और मौके पर मौजूद मजदूर राजू राय निवासी पश्चिम बंगाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक अन्य मजदूर आनद सिंह निवासी पश्चिम बंगाल को तत्काल एम्स ऋषिकेश भेजा गया। लेकिन उपचार के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। हादसे में कार सवार रहमान को गंभीर चोटें आई हैं इलाज के लिए जॉली ग्रांट अस्पताल में भर्ती कराया गया है रहमान की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



# बीस वाहन स्वामियों को कारण बताओ नोटिस : परिवहन विभाग

■ एक माह की जीपीएस ट्रैकर आख्या की मांग

■ विभाग द्वारा कार्रवाई तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में वाहन समर्पण अवधि के दौरान निर्धारित स्थल से हटकर कहीं और खड़े पाए जाने की शिकायतों पर परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई तेज कर दी गई है। समर्पण के समय वाहन स्वामियों द्वारा यह घोषणा की जाती है कि वाहन निर्धारित अवधि तक निर्दिष्ट स्थान पर ही खड़ा रहेगा। परंतु हाल ही में निरीक्षण एवं प्राप्त रिपोर्टों में कई वाहनों के घोषित स्थान से हटे होने की पुष्टि हुई है। इस संबंध में अब तक 20 वाहन स्वामियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। नोटिस में संबंधित स्वामियों से एक माह की GPS ट्रैकर रिपोर्ट सहित स्पष्टीकरण मांगा गया है। निर्धारित अवधि में संतोषजनक उत्तर न मिलने पर उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान अधिनियम, 2003 की धारा 12(2) के अंतर्गत कर एवं दण्ड की कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगी तथा समर्पण अवधि में नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहन स्वामियों को नोटिस भेजे जाएंगे। परिवहन विभाग सभी वाहन स्वामियों से अपेक्षा करता है कि वे समर्पण सम्बन्धी शर्तों एवं घोषित स्थान का पालन करें अन्यथा प्रचलित नियमों के अनुसार कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी।

# कांग्रेस कार्यकर्ता रैली में प्रतिभाग करने दिल्ली जाएंगे

## रैली ऐतिहासिक होगी : पालीवाल

■ कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिल्ली में 14 दिसम्बर को होने वाली कांग्रेस की रैली को लेकर पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रदीप चौधरी के कनखल स्थित कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री डा.संजय पालीवाल ने कहा कि रैली ऐतिहासिक होगी। रैली को लेकर लोगों में बहुत उत्साह है। हरिद्वार से भारी संख्या में लोग रैली में शामिल होंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि सभी अपने सशांधनो से रैली में जा रहे हैं। लोगों में वोट चोरी और तानाशाही को लेकर बहुत रोष है। पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि जिस तरह से सत्ता में रहने के लिए साम दाम दंड भेद का इस्तेमाल भाजपा कर रही है। अब जनता के सामने इसकी पोल खुल चुकी है। अब जनता जागरूक हो गई है और वोट चोरी नहीं होने देगी। पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि अब हर चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ेगी। क्योंकि भाजपा का वोट चोरी का खुलासा सर्वविदित हो गया है। ईडी, सीबीआई द्वारा लोगों पर कार्रवाई का मुद्दा भी भाजपा को भारी पड़ रहा है। अब वो दिन दूर नहीं जब जनता भाजपा को उखाड़ने का काम करेगी। बैठक में आकाश बिरला जिलाध्यक्ष आई.टी सैल, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कनखल शुभम अग्रवाल, जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ वसीम सलमानी, प्रदेश सचिव दिनेश पुंडीर, विक्की ठाकुर, रचित अग्रवाल, बाबूराम पाल, शाहनवाज कुरैशी, प्रशांत चौधरी, विमल कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# पनीर की जांच करने अधिकारी तत्काल थाना पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पुलिस की सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी तत्काल थाना कनखल पहुंच कर मौके पर मौजूद वाहनों का खाद्य कारोबारी तथा पुलिस की उपस्थिति में निरीक्षण किया। वाहनों में रखे गये पनीर के दो नमूने संदेह के आधार पर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। नमूना लेने के पश्चात शेष पनीर को सुपुर्द कर दिया। गया लगभग नौ कुंटल पनीर, आईस बॉक्स युक्त कंटेनरों में रखा पाया गया था। पूछताछ करने पर कारोबारी ने बताया कि एक वाहन मे पनीर मथुरा स्थित उसके स्वयं के प्लांट से हरिद्वार स्थित फर्म महादेव मिल्क भण्डार में लाया गया जबकि दूसरे वाहन में रखा गया पनीर उक्त फर्म से देहरादून स्थिर डेयरी में भेजा जा रहा है। जांच आख्या पश्चात कार्रवाई की जाएगी।

# वीआईपी घाट बनाने की योजना पर विचार : सिंचाई विभाग

## डी.पी.आर तैयार करने के निर्देश

■ सी.सी.आर समीप वी.आई.पी घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड सिंचाई विभाग 2027 में होने वाले अर्द्ध कुंभ मेले से पहले नया वी.आई.पी घाट बनाने की योजना पर काम कर रहा है। यदि योजना परवान चढ़ी तो कुंभ से पहले नया वी. आई.पी घाट अस्तित्व मे आ सकता है। जिसका फायदा कुंभ मेले के दौरान मिलेगा। मौजूदा वी.आई.पी घाट पर उत्तर प्रदेश सरकार का मालिकाना हक है। स्नान पर्वों और खास मौकों पर ज्यादा भीड़भाड़ हो जाने से वी.आई.पी घाट पर व्यवस्थाएं कम पड़ जाती हैं। इसलिए उत्तराखंड सिंचाई विभाग अपना वी.आई.पी घाट बनाने की योजना पर काम कर रहा है। धनुष पुल और सी.सी.आर के बीच खाली जगह को वी.आई.पी घाट के रूप में विकसित किया जा सकता है। मेला प्रशासन की ओर से इसके लिए उत्तराखंड सिंचाई विभाग को डी.पी.आर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। अगर योजना आगे बढ़ती है तो कुंभ मेले से पहले घाट बना दिया जाएगा। गौरतलब है कि कुंभ आदि बड़े स्नान पर्व पर अनेक वी.आई.पी भी गंगा स्नान के लिए आते हैं। जिनके लिए प्रशासन को हरकी पैड़ी के सामने स्थित वीआईपी घाट पर स्नान की व्यवस्था करनी पड़ती है। ऐसे में एक और वीआईपी घाट बनने से कुंभ मेले में फायदा मिलेगा। मेलाधिकारी सोनिका ने बताया कि धनुष पुल और सी.सी.आर के पास घाट को विकसित कर नया वी. आई.पी घाट बनाया जाएगा। जिसे सी.सी.आर के पास अंडर पास से होते हुए दीनदयाल पार्किंग और आस्था पथ से होते हुए चंडीपुल से जोड़ा जाएगा।

# वरिष्ठ नागरिकों के घर पहुंची श्यामपुर पुलिस

## समस्या सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया

■ साइबर अपराध की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पुलिस मुख्यालय से जारी निर्देशो के दृष्टिगत श्यामपुर पुलिस टीम ने अभियान चलाकर थाना क्षेत्रांतर्गत अकेले निवारत वरिष्ठ नागरिकों के घर पर डोर टू डोर जाकर सभी से पूछा गया कि कैसे हो और उनकी समस्या सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया। डोर टू डोर कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को साईबर अपराध व डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा बताया कि किसी भी प्रकार की अनजान कॉल आने पर घबरायें नही किसी भी स्थिति मे ओ.टी.पी शेयर न करे सीधे स्थानीय पुलिस से सम्पर्क करें। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नागरिकों को अपने अपने निवासरत क्षेत्र में प्रचलित चेतक मोबाईल पर नियुक्त कर्मिगणों के मोबाईल नम्बरों व पुलिस कंट्रोल रुम तथा थानाध्यक्ष श्यामपुर के मोबाईल नम्बर से भी अवगत कराया गया। यह भी बताया गया कि कोई भी निजी पारिवारिक, घरेलू हिंसा अथवा अपराध सम्बन्धी समस्या होने पर अपनी समस्या फोन करके बता सकते है जिसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। श्यामपुर पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया गया।



# ट्रस्ट ने गर्म वस्त्र व भोजन वितरित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** धार्मिक एवं सामाजिक संस्था महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट ने शीतकाल शुरू होते ही साधु संतों की सेवा और स्कूली बच्चों को भोजन और गरम वस्त्रो का वितरण प्रारंभ कर दिया है। बुधवार से प्रारंभ हुए इस सेवा कार्य के अंतर्गत साधु संतों को स्वेटर कंबल और भोजन वितरित किया गया। सेवा कार्य का शुभारंभ करते हुए संस्था के ट्रस्टी ओ.पी गोयल ने कहा कि शीतकाल में असहाय, निर्धनो को गर्म वस्त्र वितरित करना पुण्य का कार्य है। यह कार्य प्रतिवर्ष संस्था की ओर से किया जाता है। इस वर्ष भी प्राइमरी स्कूल खड़खड़ी, भूपतवाला के बच्चों को टोपी, मौजे, गर्म वस्त्र सहित भोजन वितरित किया जा रहा है। यह कार्य पूरे महीने निरंतर जारी रहेगा। इस कार्य में समाजसेवी चंद्रकांता गोयल संस्था के प्रबंधक अनुज कुमार मौर्य, दिल्ली से आए अमनदीप, लुधियाना से आए सोमनाथ गोयल भी अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



# रविदास मंदिर परिसर में लोकिंगटाइल्स का कार्य शुरू

## आदेश चौहान के कार्यकाल में रानीपुर क्षेत्र का निरंतर विकास

■ अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने 9 दिसम्बर को बी.एच.ई.एल के रविदास मंदिर में सौंदर्यीकरण कार्य के साथ लोकिंगटाइल्स लगाने का कार्य पूजन के साथ शुरू कराया। कार्य शिलान्यास से पूर्व बी.एच.ई.एल. सेक्टर-1 स्थित संत रविदास मंदिर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक ने संत शिरोमणि रविदास को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने सनातन धर्म की परंपरा को नयी ऊंचाइयां दीं। संतो का सम्मान हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने संत रविदास मंदिर समिति के सदस्यों के मंदिर उत्थान के लिए किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समिति सदस्यों की लगातार मंदिर को सुन्दर बनाने का समर्पण भाव अन्य लोगो के लिए भी प्रेरणादायक है। समिति पदाधिकारियों ने संत रविदास मंदिर के उत्थान के लिए किये जा रहे कार्यों के लिए विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि आदेश द्वारा किये जा रहे कार्य अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरक उदाहरण है। गौरतलब है कि विधायक के कार्यकाल में निरंतर रानीपुर विधानसभा में विकास हो रहा है जनता का कहना है की रानीपुर क्षेत्र में अधिकतम विकास कार्य विधायक आदेश चौहान के कार्यकाल में हुआ। रानीपुर वासियों नें बताया की विधायक का स्वभाव व उनके द्वारा किए गए अनेकों विकास कार्य से लगता है की 2027 के विधानसभा चुनाव में भी आदेश चौहान की जीत निश्चित है। शिलान्यास कार्यक्रम में गुरू रविदास मंदिर समिति के अध्यक्ष सुखपाल सिंह, सचिव प्रमोद कुमार, पूर्व अध्यक्ष जगपाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अतुल वशिष्ठ, ब्रजेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# तकनीकी टीम ने 28 वाहनों का परीक्षण किया

## दस वाहन अयोग्य घोषित

■ वाहनों की फिटनेस पर लापरवाही बर्दाश्त नही : ए.आर.टी.ओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बहदराबाद स्थित स्वचालित वाहन परीक्षण स्टेशन (ए.टी.एस) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की जांच में वाहनों की फिटनेस प्रक्रिया मे कई खामियां उजागर हुई हैं। ए.आर.टी.ओ प्रशासन निखिल शर्मा ने संभागीय निरीक्षक आनंदवर्द्धन के साथ वाहनों की फिटनेस जांच की वास्तविक स्थिति के निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर स्टाफ को वाहनों की फिटनेस जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही करने की चेतावनी देते हुए कड़े निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग की जांच में सामने आया है कि सेंटर पर फिटनेस प्रक्रिया को महज औपचारिकता मानकर सड़क सुरक्षा से खिलवाड किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान तकनीकी टीम ने 28 वाहनों का परीक्षण किया। जिनमें से 10 वाहनों में फिटनेस मानकों के पूरा नहीं होने पर उन्हें मौके पर ही अनफिट घोषित कर दिया गया। एआरटीओ ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए स्टाफ को सख्त निर्देश दिए कि फेल फिटनेस रिपोर्ट पोर्टल पर समय से और पूरी स्पष्टता के साथ अपलोड की जाए। रिकॉर्ड में किसी प्रकार की गड़बड़ी या हेर फेर पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। निखिल शर्मा ने बताया कि फिटनेस मानकों को पूरा किए बगैर सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों से दुर्घटना, प्रदूषण और यातायात जोखिम बढ़ता है।

# 52 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नशा मुक्ति अभियान व तस्करों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दिनांक 10 दिसम्बर को अभियुक्त राजू निवासी जगजीतपुर को 52 पव्वे देशी शराब माल्टा मार्का के साथ रेलवे रोड कोतवाली ज्वालापुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली ज्वालापुर पर मुकदमा धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत किया। पुलिस की ओर से कॉन्स्टेबल अमित गौड व राजेश बिष्ट को आरोपी को अवैध शराब के साथ पकड़ने में सफलता मिली।

# तेजपुर एवं इब्राहिमपुर ग्राम में स्वच्छता अभियान

## कूड़ा फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आज जनपद में तेईसवे वें दिन भी जनपद के शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी चलाया गया सफाई अभियान। जल संस्थान अधिशासी अभियंता ने अवगत कराया कि जनपद में 11 दिसंबर को लाल ग्रांट पेयजल योजना परिसर चोली एवं शहाबुद्दीन पेयजल योजना परिसर में साफ सफाई कराई गई। सहायक निर्देशक रेशम अर्जुन सिंह में अवगत कराया कि रेशम फार्म हाउस पथरी, रेशम फार्म मूलदासपुर एवं असिस्टेंट डायरेक्टर कार्यालय में सफाई अभियान चलाया गया।

डी.ओ पी.आर.डी ने अवगत कराया कि युवक मंगल दल ने भरपुर भोरी एवं महिला मंगल दल ने खानपुर कसौली में सफाई अभियान चलाया गया। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग दीपक कुमार ने अवगत कराया कि आज हिल बाईपास पर सफाई अभियान चलाया गया। अधिशासी अभियंता जल निगम सुधीर कुमार ने अवगत कराया कि आज तेजपुर एवं इब्राहिमपुर परिसर की साफ सफाई कराई गई। खंड विकास अधिकारी लक्सर प्रवीण भट्ट ने बताया कि आज ग्राम पंचायत खरंजा कुतुबपुर एवं मुड़खेड़ा खुर्द में रोड हेड दुकान तथा गन्ना चर्खियों द्वारा ठीक तरह से सफाई व्यवस्था न रखने पर संबंधितों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत ने बताया कि सिंह द्वारा क्षेत्रांतर्गत अकुम्स कम्पनी द्वारा सड़क किनारे की सफाई कराई गई।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित का जो उद्देश्य एवं ध्येय है कि धर्मनगरी जनपद हरिद्वार को स्वच्छ एवं क्लीन बनाने का है उसका असर धरातल पर दिखने लगा है तथा शहर से लेकर ग्रामीणों क्षेत्रों तक साफ सफाई अभियान का कार्य निरंतर किया जा रहा है जिसकी निगरानी संबंधित क्षेत्र के अधिकारी स्वयं धरातल पर पहुंचकर कर रहे है जिसकी जिलाधिकारी स्वयं निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे है।

# व्यापारियों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

■ हाइमास्ट लाइट लगाने की मांग

■ संविदा कर्मचारियों की स्थाई नियुक्ति हो : सुनील सेठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने बढ़ती आबादी को देखते हुए सभी वार्डो में सफाई नायकों की संख्या बढ़ाने, संविदा कर्मचारियो को स्थाई करने, गृहकर प्रणाली को आनलाइन करने और कुंभ मेला योजना से बाजारों और कालोनियों में स्ट्रीट हेरिटेज हाइमास्ट लाइट लगाने की मांग की है। महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ नगर आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सुनील सेठी ने बताया कि कई वार्डो जिसमें उत्तरी हरिद्वार और मध्य हरिद्वार में आबादी और घरों, धर्मशालाओं, होटलों की संख्या बढ़ने और सफाई नायकों की सीमित संख्या से सफाई व्यवस्था बनाए रखने में परेशानी होती है। जिसके लिए सफाई नायकों और कर्मचारियों की संख्या बढ़ायी जानी चाहिए। साथ ही कई सालों से संविदा पर काम कर रहे कर्मचारियों की स्थाई नियुक्ति की जाए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीत कमल एवं सचिव युवराज बिष्ट ने कहा कि गृहकर प्रणाली के ऑन लाइन न होने से लोगों को रसीद संभालाना पड़ता है। अन्यथा दोबारा बिल जुड़ कर आ जाता है। जिसके लिए गृह कर प्रणाली को सरल बनाते हुए ऑनलाइन किया जाए साथ ही अर्धकुंभ में नगर निगम द्वारा विशेष बजट से शहर में हेरिटेज पोल पथ प्रकाश की व्यवस्था की जाए उसे बाजारों के साथ वार्डों में भी लागू किया जाए। जिससे श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय निवासियों को भी लाभ मिल सके। इस अवसर पर भूषणलाल अरोड़ा, सुनील मनोचा, मुकेश अग्रवाल, सोनू चौधरी, सौरभ अरोड़ा आदि व्यापारी मौजूद रहे।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
शाह टाइम्स हरिद्वार
डी. एस. वर्मा
प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

# कार्यालय नगर पालिका परिषद लक्सर जनपद हरिद्वार

पत्रांक 862 / राज्य वित्त आयोग / 2025–26 दिनांक 11.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निकाय के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से वर्ष 2025-26 के अन्तगर्त निम्न निर्माण/विकास कार्य प्रस्तावित है। इसके लिये दिनांक 27/12/2025 को समय 12.00 बजें दोपहर तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन गठित कमेटी द्वारा दोपहर 2.00 बजें, नगर पालिका परिषद लक्सर के कार्यालय मे खोली जायेगी, निविदा प्रपत्र दिनाक 26/12/2025 को दोपहर 12.00 बजें तक कय किये जा सकते है। कोई एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्तक्षरी/कमेटी में निहित होगा।

| क0 | कार्य का नाम | लागत | जमानत राशि | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न0–01 मे अम्बेडकर नगर मे मोहन लाला के मकान से सुमेरचन्द्र गर्ग के मकान की ओर क्षतिग्रस्त सडक का पुनः निर्माण निर्माण कार्य। | 1.15 | 3500 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–+GST | 30 दिन |
| 2 | वार्ड न0–01 मे अम्बेडकर नगर मे मेन रोड से ईसम के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 2.30 | 7000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 3 | वार्ड न0–01 मे अम्बेडकर नगर मे प्रवीण के मकान से दीपक के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 0.88 | 2700 | श्रेणी सी0 एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 4 | वार्ड न0–01 मे अम्बेडकर नगर मे पी0डी0एस0 स्कूल से अंकुर चौधरी के मकान की ओर सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 9.47 | 29000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1000/–एवं GST | 45 दिन |
| 5 | वार्ड न0–02 मालगोदाम रोड मुख्य मार्ग से ललिता के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 1.71 | 5200 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 6 | वार्ड नं0–02 नरोजपुर रोड पर नथ्थू के मकान से सुदेश के मकान की ओर नाली निर्माण कार्य। | 2.46 | 7500 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 7 | वार्ड न0–02 सीमली मे दीपक के मकान से राजेश शर्मा के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 0.66 | 2000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 8 | वार्ड न0 02 सीमली मे विजय गौतक के मकान से रफल के मकान की ओर सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 1.29 | 4000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 9 | वार्ड न0–02 शुक्ला के मकान से राजेश के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 8.90 | 27000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1000/–एवं GST | 30 दिन |
| 10 | वार्ड न0–02 मे मालगोदाम रोड मख्य मार्ग से शगल के मकान एंव मोनू के मकान की ओर सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 4.25 | 13000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 11 | वार्ड न0–03 बबलू के मकान से मांगी के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 0.38 | 1200 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 12 | वार्ड नं –04 मे शिवपुरी पूर्वी मे पंकज कुमार जी के मकान से जसवीर सिंह के मकान की ओर इंटरलौकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 2.46 | 8000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 13 | वार्ड नं –04 मे शिवपुरी पूर्वी मे अरविन्द कुमार के मकान से रामनाथ के मकान की ओर इंटरलौकिंग टाईल्स निर्माण कार्य। | 1.91 | 6000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 14 | वार्ड न0–05 लक्सरी मे ऑनर पाल के मकान से प्रिति के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 2.49 | 7500 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 15 | वार्ड न0–05 लक्सरी मे जुल्फकार के मकान से पंडित जी के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण | 4.54 | 14000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 16 | वार्ड न0–05 लक्सरी मे बबलू के मकान से किरण मैडम के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली व सुरक्षा दिवार निर्माण कार्य। | 6.96 | 21000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1000/–एवं GST | 30 दिन |
| 17 | वार्ड न0–05 लक्सरी मे कुवर पाल के मकान से संदीप के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 10.79 | 33000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1500/–एवं GST | 30 दिन |
| 18 | वार्ड न0–06 आदर्श कालोनी मे रमेश के मकान से नवाब के मकान की ओरसी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 23.01 | 70000 | श्रेणी बी0 एवं उच्चतर | 2000/–एवं GST | 45 दिन |
| 19 | वार्ड न0–06 आदर्श कालोनी मे पूनम के मकान से मुकेश के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 6.82 | 21000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1000/–एवं GST | 30 दिन |
| 20 | वार्ड न0–06 आदर्श कालोनी मे शालू के मकान के पास सी0सी0 सडक एंव आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 7.40 | 23000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1000/–एवं GST | 30 दिन |
| 21 | वार्ड 06 आदर्श कालोनी मे शमशान घाट के समीप से तालाब की ओर नाली निर्माण कार्य। | 6.48 | 11000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1000/–एवं GST | 30 दिन |
| 22 | वार्ड न0–07 मे अजित सिंह के मकान से छत्रपाल सिंह के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 5.37 | 20000 | श्रेणी सी0 एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 23 | वार्ड न0–07 मे स्टेट बैंक वाले मुख्य रोड पर गुरूद्वावरे के सामने से नरेश जी के मकान की ओर सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 3.49 | 11000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1000/–एवं GST | 30 दिन |
| 24 | वार्ड न0–07 मेन बाजार अग्रवाल कालोनी नाले के समीप से राधापाल के मकान की ओर सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 9.59 | 29000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1000/–एवं GST | 30 दिन |
| 25 | वार्ड न08 विपिन के मकान से सोनू गुप्ता के मकान की ओर सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 12.67 | 38000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1500/–एवं GST | 30 दिन |
| 26 | वार्ड न08 मे जुल्फकार के मकान से तालाब की ओर सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 5.22 | 16000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1000/–एवं GST | 30 दिन |
| 27 | वार्ड न08 मेन रोड से अशोक मामा के मकान के मकान की ओर सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 6.82 | 21000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1000/–एवं GST | 30 दिन |
| 28 | वार्ड न0–08 मे काला के मकान के समीप से नदी की ओर सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 10.06 | 31000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1500/–एवं GST | 30 दिन |
| 29 | वार्ड न0–08 मे बिरम के मकान से इरफान के मकान की ओर सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 2.41 | 7500 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 30 | वार्ड न08 मे रूद्वप्रताप के मकान से आर्यन के मकान की ओर इंटरलौकिंगटाईल्स निर्माण कार्य। | 2.26 | 7000 | श्रेणी सी0 एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 31 | वार्ड न0–09 मे आजाद नगर मे फूलमती के मकान से ओमप्रकाश के प्लाट की ओर इंटरलौकिंग टाईल्स एंव नाली निर्माण कार्य। | 2.07 | 7000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 32 | वार्ड न0–09 मे केहडा मार्ग वनविभाग के समीप ज्ञानलक्ष्मी आर्य डिग्रि कालेज से पंकज के मकान की ओर सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 17.80 | 54000 | श्रेणी बी0 एवं उच्चतर | 1500/–एवं GST | 30 दिन |
| 33 | वार्ड न0–10 मे केशवनगर मे कृष्णपाल के मकान से चन्द्रपाल के मकान की ओर सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 6.00 | 18000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1000/–एवं GST | 30 दिन |
| 34 | वार्ड न0–10 मे अजब सिंह के मकान से सेठपाल के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 4.78 | 15000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST. | 30 दिन |
| 35 | वार्ड न011 मेन रोड से मंजू के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली का कार्य। | 10.84 | 33000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1500/–एवं GST | 30 दिन |
| 36 | वार्ड न011 मे रणबीर सिंह के मकान से मेन रोड की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली का कार्य। | 3.80 | 12000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 37 | वार्ड न011 मे बिजली घर मुख्य मार्ग से एड0पवन के मकान की ओर आर0 सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 13.63 | 41000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1500/–एवं GST | 45 दिन |
| 38 | वार्ड न011 मे रायसी रोड मुख्य मार्ग से सुनिल शर्मा के मकान की ओर सी0सी0 सडक एंव नाली निर्माण कार्य। | 24.68 | 75000 | श्रेणी बी एवं उच्चतर | 2000/–एवं GST | 45 दिन |
| 39 | वार्ड न011 मे गोवर्धनपुर रोड से कुलदीप एडवोकेट के मकान की ओर इंटरलौकिंग टाईल्स एंव नाली निर्माण कार्य। | 22.40 | 68000 | श्रेणी बी एवं उच्चतर | 2000/–एवं GST | 45 दिन |
| 40 | वार्ड न011 मे जगपाल के मकान से ब्रिजेश के मकान की ओर सी0सी0 सडक व नाली निर्माण कार्य। | 4.27 | 13000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |
| 41 | वार्ड न011 मे अरविन्द्र के प्लाट से विपिन सैनी के मकान की ओर सी0सी0 सडक व नाली निर्माण कार्य। | 22.28 | 67000 | श्रेणी बी एवं उच्चतर | 2000/–एवं GST | 15 दिन |
| 42 | वार्ड न011 मे ब्रिजेश के मकान से सचिन के मकान की ओर सी0सी0 सडक व नाली निर्माण कार्य। | 14.60 | 44000 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 1500/–एवं GST | 45 दिन |
| 43 | वार्ड न0 11 मे सोसायटी रोड से विजयपाल एडवोकेट के मकान की ओर इंटरलौकिंग टाईल्स एंव नाली निर्माण कार्य। | 18.08 | 55000 | श्रेणी बी एवं उच्चतर | 1500/–एवं GST | 45 दिन |
| 44 | वार्ड 01, अम्बेडकर नगर मे मौहित कौशिक के मकान से संजय के मकान की ओर सी0सी0 सडक एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.11 | 9500 | श्रेणी सी एवं उच्चतर | 500/–एवं GST | 30 दिन |

शेष जानकारी कार्यालय से कार्यालय समय /दिवस पर जानी जा सकती है।

(मौ0 कामिल)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद लक्सर

(संजीव कुमार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद लक्सर

# जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्ष भिड़े

■ खूनी संघर्ष में तीन लोग हुए घायल, एक गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** जमीनी हिस्से बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद बढ़ गया। विवाद इस कदर बढ़ गया कि इन दोनों पक्षों में जमकर धारदार हथियार चल निकले। जब तक इन्हें कोई समझा पता तथा यह दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। खूनी संघर्ष में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मारपीट की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने सभी को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। इसमें एक की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है।

गुरुवार की सुबह को एक पक्ष के बरहैनी नगला निवासी 28 वर्षीय सोनू,26 वर्षीय अमरीक सिंह पुत्रगण गुरदीप सिंह और 65 वर्षीय गुरमुख पुत्र लक्ष्मण सिंह घर से कुछ दूरी पर स्थित एक खेत में किसी कार्य से गए थे। बताया जाता है कि इसी बीच गुरदीप सिंह के सबसे छोटे भाई से जमीनी हिस्से बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। वहीं इसी विवाद के चलते दोनों पक्ष आपस में भीड़ गए। बात बड़ी तो जमकर दोनों पक्षों में धारदार हथियार चल निकले, जिसमें एक पक्ष के तीन लोग गंभीर घायल हो गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। इस दौरान चिकित्सकों ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर पर कर दिया है, जिसमें सोनू सिंह की हालत काफी गंभीर बताई जा रही हैं। हिस्से बंटवारे को लेकर पूर्व में कई बार





पंचायत भी हो चुकी है और वर्तमान समय में गुरदीप सिंह का उसके छोटे भाई से जमीनी विवाद चल रहा है। इधर पुलिस का कहना है कि दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# तहसीलदार पर 160 फाइल अपने घर ले जाने का आरोप

■ कांग्रेसी नेता ने एसडीएम से मुलाकात कर निकाली भड़ास

■ फाइलों को किस इरादे से लंबित रखा जाता है किसी से छिपा नहीं: राजेंद्र पाल सिंह



शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** तहसील में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का समय से समाधान न होने और फाइलों को लंबे समय तक लंबित रखने पर कांग्रेसी नेता का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने एसडीएम से मुलाकात कर तहसील प्रशासन पर जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि इन दिनों तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुका है। कांग्रेसी नेता ने तहसीलदार पर भी सैकड़ों सरकारी फाइलों को अपने आवास पर जानबूझकर लंबित रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कुमाऊं आयुक्त से भी मामले का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है।

गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधान सहित कई जन्म प्रतिनिधि तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने तहसीलदार पर करीब 160 फाइलों को अपने आवास पर ले जाने का आरोप लगाया। राजेंद्र पाल सिंह का कहना था कि इन फाइलों को किस इरादे से लंबित रखा गया यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस समय तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुका है। उन्होंने कई पटवारियों को भी आड़े हाथों लेते हुए उन पर भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा। कांग्रेसी नेता ने उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह से मुलाकात की और उनके समक्ष सारी समस्याएं रखीं। जिस पर एसडीएम ने कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह को तत्काल कार्यवाही और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेसी नेता ने ग्राम मजरा शीला में सिंचाई विभाग द्वारा हटाए जा रहे चिन्हित अवैध अतिक्रमण की कार्यवाही पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाना चाहिए, लेकिन वह भी बिना भेदभाव के। उन्होंने कहा कि यदि अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी प्रकार का कोई भी भेदभाव किया गया तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा। मुलाकात करने वालों में कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह, शराफत मंसूरी, शैलेंद्र शर्मा, संजीव अरोरा, ग्राम प्रधान गगन सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## पुलिस की मौजूदगी में लगा ट्रांसफॉर्मर

**किच्छा।** वार्ड 15 में ट्रांसफॉर्मर लगाने को लेकर स्थानीय लोगों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। कुछ देर तक हंगामा हुआ, जिसकी जानकारी बिजली कर्मियों ने एसडीओ को दी। सूचना पर एसडीओ और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर ट्रांसफॉर्मर लगवाया। इन दिनों लेफ्ट पाहा नहर पर कवरिंग का काम चल रहा है, जिसके चलते बिजली के खंभों और ट्रांसफॉर्मरों की शिफ्टिंग की जा रही है। गुरुवार को ऊर्जा निगम की टीम कुरैशी मोहल्ला वार्ड 15 में डबल पोल ट्रांसफॉर्मर की शिफ्टिंग कर रही थी। इस दौरान एक दुकानदार ने दुकान के सामने ट्रांसफॉर्मर लगाने का विरोध किया। मामले की सूचना एसडीओ दिनेश चंद्र गुरुरानी को दी गई। वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रांसफॉर्मर के स्थान में मामूली बदलाव कर खुदाई का कार्य शुरू कराया। इसी बीच कुछ अन्य स्थानीय लोग भी वहां पहुंच गए।

# अद्वैत आश्रम मायावती में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गई मां शारदा की 173वीं जयंती



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती में आज मां शारदा की 173वीं जयंती बड़े भक्ति भाव, पूर्ण श्रद्धा और दिव्यता के साथ मनाई गई। मां शारदा, जिन्होंने अपने वात्सल्य, करुणा और मातृत्व से संपूर्ण मानवता को अपनी बाहों में समेटा, आज भी जगत जननी के रूप में आध्यात्मिक जगत को आलोकित कर रही हैं।

कार्यक्रम के मुख्य प्रवचन में विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक पत्रिका 'प्रबुद्ध भारत' के विद्वान संत स्वामी दिव्य कृपानंद महाराज ने कहा कि जब व्यक्ति घर बार का मोह त्यागकर सन्यास जीवन अपनाता है तो उसके त्याग, अनुशासन और समर्पण के कारण ही समाज में उसे सम्मान मिलता है। उन्होंने नर्मदा नदी का उदाहरण देते हुए कहा कि नर्मदा पूजा से पहले कन्या पूजन का विधान है क्योंकि मानसिक विकारों के समाप्त होने के बाद ही मनुष्य के अंतर्मन का ब्रह्म जागृत होता है। महाराज ने अपने प्रवचन में मां शारदा के जीवन से कई प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख किया और कहा कि उनका जीवन करुणा, मातृत्व और धैर्य का अनुपम उदाहरण है। इससे पूर्व आश्रम के व्यवस्थापक सुहृदानंद, 'प्रबुद्ध भारत' के उप संपादक स्वामी ज्ञानेशानंद, चिकित्सा प्रभारी स्वामी एकदेवानंद, स्वामी एकविद्यनंद, स्वामी आत्मप्रकाशानंद सहित अन्य संतों ने उपस्थित भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी भगवत प्रसाद पांडे, पूर्व जीसी अमरनाथ वर्मा, लखनऊ मेडिकल कॉलेज के प्रा. डा. नितिन रंजन गुप्ता, डा. शशि, शिव गुप्ता, विपिन गुप्ता, राजेंद्र बिष्ट, भुवन पुजारी, धर्म सिंह अधिकारी, त्रिभुवन उपाध्याय, कमल राय, डा. प्रकाश लखेड़ा, मनीष जुकरिया, नागेंद्र जोशी, कीर्ति बगोली सहित बड़ी संख्या में युवा व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाएं, पुलिस के लिए बन रही है चुनौती

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** थाना क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहीं चोरी की घटनाएं पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। बेखौफ चोरों के हौंसले बुलंद हैं। आए दिन गदरपुर शहर हो या देहात क्षेत्र चोर ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की गश्त चोरों के लिए नकारा साबित हो रही है। गुरुवार की सुबह तड़के दिनेशपुर रोड पर स्थित प्राइम ओवरसीज के कार्यालय से चोरों ने काफी सारे इलेक्ट्रॉनिक्स सामान पर हाथ साफ कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है, लेकिन खुलासे तक नहीं पहुंच पाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकुर चावला पुत्र तिलक चावला निवासी बड़ाखेड़ा का दिनेशपुर रोड पर प्राइम ओवरसीज का कार्यालय है, जहां गुरुवार की सुबह चोरों के द्वारा चार लैपटॉप, सीसीटीवी डीवीआर, वाई-फाई का सेटअप और साउंड बॉक्स सहित अलेक्सा को चोरी कर लिया। घटना की जानकारी उनके एक कर्मचारी द्वारा सुबह उन्हें दी। गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी हासिल की, वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर मौके पर फोटोग्राफी और कई नमूने लिए। घटना के बाद बरखेड़ा निवासी अंकुर चावला ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के साथ ही जल्द खुलासे की मांग की है।

बीते लगभग 10 दिन पूर्व सकैनिया चौकी के समीप अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए थे। पीड़ित ने बताया कि पुलिस ने चोरों का सुराग लगाना तो दूर की बात है पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर तक दर्ज नहीं कर पाई है। दूसरी घटना में इतवार बाजार में सोनू चाय वाले की पत्नी सब्जी लेने गई थी जिनके हाथ में पर्स को छीनकर एक उचक्का भाग गया, जिस संबंध में सोनू चाय वाले ने पुलिस को एक लिखित तहरीर दी थी तहरीर में बताया था कि पर्स में नगदी और मोबाइल था, जिसमें पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं किया है ना ही उसे चोरो का कोई सुराग पुलिस अभी तक लगा पाई है। गदरपुर थाना क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाएं जनता में खौफ पैदा कर रही है।

# कुमाऊं प्रवेश द्वार पर जनरल बीसी जोशी के नाम पर भव्य द्वार बनेगा

## जिले में कीवी एवं एप्पल मिशन को बढ़ावा देने पर फोकस करें अधिकारी: गणेशी जोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में राज्य के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कृषि, उद्यान, सैनिक कल्याण, पीएमजीएसवाई, और ग्राम्य

**■ठेकेदारी प्रथा को खत्म करते हुए पॉली हाउस निर्माण हेतु किसानों के खाते में सीधे धनराशि जमा कराई जाए**



विकास विभागों के तहत चल रही योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने कई अहम निर्देश दिए, जिनका उद्देश्य योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ किसानों और स्थानीय जनता तक पहुँचाना था। मंत्री श्री जोशी ने विशेष रूप से उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान एप्पल और कीवी मिशन और पाल. ाहिउस निर्माण कार्यों की स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि भविष्य में विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी और पूरी तैयारी के साथ बैठक में हिस्सा लिया जाए। साथ ही, उन्होंने जनपद में कीवी, मिलेट्स, और एप्पल उत्पादन को बढ़ाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। पालीहाउस निर्माण के बारे में उन्होंने कहा कि किसानों के खाते में सीधे धनराशि स्थानांतरित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि निर्माण कार्य में कोई देरी न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पालीहाउस का आवंटन जनपद की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए किया जाए। कृषि विभाग की समीक्षा में मंत्री ने कृषि यंत्रों के वितरण की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया कि कृषि योजनाओं का लाभ न्याय पंचायत वार तरीके से दिया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने मृदा हैल्थ कार्ड को 100 प्रतिशत बनाने के निर्देश भी दिए और पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी पात्र किसानों को लाभ देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मौन पालन के क्षेत्र में उन्होंने जनपद के किसानों और युवाओं को शहद उत्पादन के लिए प्रेरित करने की बात की, ताकि इसे एक स्वरोजगार के रूप में अपनाकर लोग अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकें। मंत्री श्री जोशी ने मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार और आय के अवसर उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। उनका उद्देश्य था कि अधिक से अधिक महिलाएं इस योजना से जुड़ें और अपनी आर्थिक स्थिति सुधारें। सैनिक कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने जनरल बीसी जोशी के नाम पर सैनिक आश्रितों के लिए छात्रावास निर्माण को लेकर अधिकारियों को 15 दिन के भीतर सभी औपचारिकताएँ पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सैनिक विश्राम गृह की क्षमता बढ़ाने और सैनिक कल्याण भवन के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि धनराशि आवंटित की जा सके। इसके अलावा, कुमाऊं प्रवेश द्वार पर जनरल बीसी जोशी के नाम पर भव्य द्वार बनाने के लिए मार्ग चिन्हीकरण का कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। बैठक में आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

दुश्मनों से लोहा लेने वाले सेवानिवृत्त नायक तेज सिंह मेहता को

# असम राइफल्स ने 40 साल बाद सम्मानित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देश के लिए जान की बाजी लगाने वाले जांबाजों को असम राइफल्स कभी नहीं भूलती। ऐसा ही एक वीर सैनिक सेवानिवृत्त नायक तेज सिंह मेहता जिनकी वीरता और साहस ने उन्हें हमेशा के लिए देश के नायक बना दिया। जब असम राइफल के अधिकारियों को पता लगा तो वह गुरुवार को असम राइफल्स के सहायक कमांडेंट सुदीप लामा तेज सिंह मेहता के हल्द्वानी स्थित कठघरिया स्थित घर पहुंचे और उन्हें उनकी वीरता के लिए सम्मानित किया। वीर सैनिक नायक तेज सिंह मेहता को यह सम्मान 40 साल बाद मिला। गुरूवार को सेवानिवृत्त नायक तेज सिंह मेहता के कठघरिया स्थित घर पहुंचे असम राइफल्स के सहायक कमांडेंट सुदीप लामा ने बताया कि यह सम्मान उन जांबाजों के लिए था जिन्होंने देश की सेवा में अपनी जान की परवाह नहीं की। 1984 में तेज सिंह मेहता असम राइफल्स में नायक के पद पर तैनात थे और उस समय असम राइफल्स नागालैंड में आतंकवादियों के खिलाफ एक



बड़ा ऑपरेशन चला रही थी। उस ऑपरेशन के दौरान तेज सिंह मेहता पर आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया था। इस हमले में उन्हें 13 गोलियां लगीं। 12 गोलियां उनके बाएं पैर में और एक गोली दाएं पैर में। इन गंभीर चोटों के बावजूद उन्होंने साहस नहीं खोया, लेकिन उनके बाएं पैर का निचला हिस्सा काटना पड़ा। असम राइफल्स के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा के निर्देश पर कंपनी उन वीर जवानों का समय-समय पर हालचाल लेती है जिन्होंने अपनी वीरता से देश का नाम रोशन किया। तेज सिंह मेहता की वीरता के बारे में असम राइफल्स को जानकारी पिछले साल तब मिली, जब जवान तेज प्रताप ने अपने सीनियर तेज सिंह मेहता के बारे में बताया। इसके बाद, जनरल लखेरा के आदेश पर सुदीप लामा की टीम तेज सिंह मेहता के घर पहुंची और उन्हें सम्मानित किया। सामाजिक सेवा और सैनिकों की वीरता के प्रति असम राइफल्स की प्रतिबद्धता को देखते हुए मेहता को सम्मान स्वरूप दो लाख रुपए का चेक भी सौंपा गया। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट सुदीप लामा ने कहा असम राइफल्स भारत का सबसे पुराना अर्धसैनिक बल है और हम अपने सैनिकों की वीरता का सम्मान करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं।

---

## पर्यटकों की सुविधा के लिए हर जगह रहेगी पर्यटन पुलिस: आईजी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल व कैंची में क्रिसमस से नव वर्ष के दौरान पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन पुलिस मौजूद रहेगी। क्षेत्र में ड्यूटी देने वाले प्रत्येक पुलिस कर्मी को पर्यटन स्थलों, रूट व पार्किंग स्थलों की पूरी जानकारी दी



जाएगी ताकि पूछने पर वह पर्यटकों को सही जानकारी दे सकें। बता दें कि नैनीताल और कैंची धाम में क्रिसमस से नव वर्ष तक पर्यटकों के भारी संख्या में आने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिसको लेकर पुलिस विभाग अलर्ट मोड पर है। मामले में आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष क्रिसमस से नव वर्ष तक नैनीताल और कैंची धाम के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी ताकि पर्यटकों को जाम में न फंसना पड़े। उन्होंने बताया कि यातायात को सुगम बनाने के लिए पुलिस की ओर से हर संभव प्रयास किया जाएगा। बताया कि इस दौरान भरपूर संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी को क्षेत्र, रूट और पार्किंग स्थलों की जानकारी दी जाएगी साथ ही पर्यटकों की सुविधा के लिए पुलिस को पर्यटक पुलिस की पहचान के साथ चौराहों और सड़क पर तैनात किया जाएगा ताकि पुलिस की ओर से पर्यटकों को सही जानकारी और सुरक्षा दी जा सके।

## दिव्यांग बालिका नेहा भट्ट की पेंशन स्वीकृत

**नैनीताल।** जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम ने अवगत कराया कि नैनीताल के भवाली निगलाट क्षेत्र की दिव्यांग मूकबधिर बालिका जिसने अपनी शिक्षा को सुचारू रखने के लिए न्यायालय में याचिका दायर करते हुए सीमित संरक्षक नियुक्त करने की मांग की थी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त बालिका के लिए इंदौर की मनीषा चौधरी को बालिका का सीमित संरक्षक नियुक्त किया था। जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल ने बताया कि जिला अधिकारी द्वारा उक्त बालिका को समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के संभावित लाभ दिए जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसका संज्ञान लेते हुए बालिका के परिजनों से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए समाज कल्याण विभाग की टीम द्वारा घर जाकर आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करवाने में सहयोग किया गया और आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण होते ही बालिका की दिव्यांग पेंशन 1500 रुपये प्रतिमाह स्वीकृत कर दी गई है।

## राजकीय मेडिकल कालेज में संकाय सदस्यों के रिक्त पदों पर साक्षात्कार समपन्न

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में विभिन्न विभागों में संकाय सदस्यों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए गुरुवार को साक्षात्कार संपन्न हुआ। कॉलेज प्रशासन के अनुसार हाल ही में फैकल्टी के रिक्त पदों को भरने के लिए समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन जारी किया गया था, जिसके बाद निर्धारित तिथि पर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। विभिन्न शहरों से आए कुल 5 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया। इनमें न्यूरोसर्जरी विभाग एवं मानसिक रोग विभाग (साइकिएट्री) में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए 2-2 अभ्यर्थियों तथा पैथोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए 1 अभ्यर्थी ने साक्षात्कार दिया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में संकाय सदस्यों के कुल 114 रिक्त पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी, जिनमें प्रोफेसर के 8 पद, एसोसिएट प्रोफेसर के 45 पद तथा असिस्टेंट प्रोफेसर के 61 पद शामिल थे। साक्षात्कार प्रक्रिया में कुलपति हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय देहरादून डा. अजय आर्य, निदेशक चिकित्सा शिक्षा विभाग ने वर्चुअली प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डा. पंकज सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

---

## यूपी की तर्ज पर जारी हों पेंशनर्स डे के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर पेंशनर्स डे के आयोजन हेतु यूपी की तर्ज पर आदेश जारी करने की मांग की है। मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा है कि ऐसे आदेश जारी नहीं होने से राज्य प्राप्ति के आन्दोलन में ऐतिहासिक भूमिका निभाने वाले उत्तराखण्ड के लगभग दो लाख पेंशनर्स में नाराजगी है और वे उत्तरप्रदेश की योगी सरकार की सराहना और उत्तराखण्ड की धामी सरकार की आलोचना कर रहे हे हैं। मुख्यमंत्री को मेल से भेजे गये पत्र में 17 दिसम्बर को राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस के आयोजन हेतु उत्तरप्रदेश शासन द्वारा 26 नवम्बर को जारी आदेश की तर्ज पर उत्तराखण्ड में भी आदेश जारी करने की अपेक्षा



की है। श्री पाण्डे के अनुसार उत्तरप्रदेश में पेंशनर डे को सार्थक बनाने हेतु प्रचार-प्रसार का जिम्मा जनपद के कोषाधिकारियों को दिया गया है। जिला. धिकारियों को निर्देशित किया गया है कि हर जनपद में पेंशनर्स डे के आयोजन की अध्यक्षता वे स्वंय अथवा एडीएम करेंगे जिसमें हर विभाग के अधिक. ारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए आदेश दिये गये हैं कि वे मौके पर ही पेंशनर्स की समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं।

# पुलिस ने साइबर ठगों से बचने के टिप्स दिए

## काठगोदाम व लालकुआं में वरिष्ठ नागरिकों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर क्रिमिनल्स द्वारा लोगों को ठगने का मामला लगातार बढ़ रहा है, और जानकारी की कमी इस अपराध का शिकार बनने का मुख्य कारण बन रही है।

हाल ही में मुखानी थानाक्षेत्र में एक वृद्ध को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 20 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने काठगोदाम और लाल. कुआं कोतवाली क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार जानकारी का अभाव ही



साइबर क्रिमिनल्स को लोगों को ठगने का अवसर देता है। इस अभियान का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने के उपायों से अवगत कराना था।

पुलिस ने उन्हें समझाया कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिक इनका आसान शिकार बन रहे हैं। पुलिस ने वरिष्ठजनों को यह भी बताया कि अगर कोई व्यक्ति पुलिस, सीबीआई, क्राइम ब्रांच या अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बनकर गिरफ्तारी का डर दिखाए, तो तुरंत अपने नजदीकी थाना या पुलिस चौकी से संपर्क करें। ऐसे लोगों से डरने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी चेता. वनी दी कि किसी भी तरह के प्रलोभन, फ्री ऑफर या विज्ञापनों पर भरोसा न करें, क्योंकि ये अक्सर धोखाधड़ी का हिस्सा होते हैं। अगर कोई ऐसी घटना घटित हो, तो पुलिस ने कहा कि तुरंत 1930 पर कॉल करें और तुरंत मामले की रिपोर्ट दर्ज कराएं। इस अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिकों को साइबर सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स और उपाय दिए गए, जिससे वे साइबर ठगी से बच सकें।

## चार दिनी प्रशिक्षण एवं जांच शिविर सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला नैनीताल की ओर से लक्ष्मी शिशु मंदिर में आयोजित चार दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर गुरुवार को सम्पन्न हो गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल ने स्काउट-गाइड्स को स्काउटिंग के मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग बच्चों में अनुशासन, सेवा भाव और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने विद्यालयों में स्काउटिंग-गाइडिंग गतिविधियों को और अधिक सक्रियता से बढ़ावा देने का आ]वान किया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद दरम्वाल, एमबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डीके पंत, जिला स्काउट गाइड अध्यक्ष नरेंद्र शाह, उप संरक्षक एवं पूर्व अपर महाधिवक्ता बिन्देश कुमार गुप्ता, एमबी ट्रस्ट के सचिव सुशील अग्रवाल, प्रबंधक पियूष गोयल, ललित भट्ट, जिला सचिव स्काउट गाइड आरएस जीना मौजूद रहे।

---

# सिपाही ने मारा घूंसा, नाक की हड्डी टेढ़ी कर दी

## बुधवार को बाइक से बस टकराने के बाद दिया था घटना को अंजाम, फिर माफी मांगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मामूली बस व बाइक की टक्कर होने पर एक सिपाही ने गुंडो की तरह पीटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं जब पीड़ित शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचा तो सिपाही ने कोतवाली परिसर में ही मारपीट शुरू कर दी। सिपाही ने पीड़ित को इतना मारा कि उसकी नाक टेढ़ी हो गई। जब मामला भारी पड़ा तो सिपाही ने आज गुरूवार की सुबह पीड़ित से मॉफी मांगते हुए नजर आया। दोपहर बाद दोनों पक्षों में रजामंदी से समझौता हो गया। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार



की रात्रि रोडवेज बस स्टेशन के पास एक बस की टक्कर से बाइक गिर गई। बाइक गिरने के बाद बाइक सवार तीन युवकों ने बस के परिच. ालक से हाथापाई शुरू कर दी। इसी बीच रोडवेज से सेवानिवृत्त विपिन बहुगुणा बीच बचाव के लिए वहां पर पहुंचे और दोनो के बीच समझाने का प्रयास किया लेकिन बाइक सवारों ने विपिन की बातों को सुनने के बजाए उन्हें ही पीटना शुरू कर दिया। इस घटना के बाद जब विपिन बहुगुणा शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे तो पीछे से एक युवक कोतवाली पहुंच गया और कोतवाली में ही विपिन बहुगुणा के साथ मारपीट करते हुए नाक की हड्डी तोड़ दी। बताया जा रहा कि वह युवक कोई और नहीं बल्कि एक होमगार्ड का सिपाही है। आज गुरूवार की सुबह इस घटना के नाराज रोडवेज कर्मी कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने तुरंत मारपीट करने वाले युवक को कोतवाली बुलाया। तो पता लगा कि मारपीट करने वाला युवक होमगार्ड का सिपाही है और गदरपुर में तैनात है। कोतवाली पहुंचे होमगार्ड सिपाही ने जब अपने आप को फंसता हुआ देखा तो पीड़ित के पैरों में गिरकर मॉफी मांगने लगा। कोतवाली में काफी देर तक चले इस मामले में दोनो के बीच आपसी रजामंदी के बीच समझौता हो गया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया जिसके बाद आपसी रजामंदी से दोनो में समझौता हो गया है।

## मां ने लगाई डांट, तो किशोर ने गटका जहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मोबाइल गेम की लत पर परिवार से फटकार लगने के बाद एक किशोर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में परिजनों द्वारा किशोर को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बताया जाता है कि बिंदुखत्ता का रहने वाला 16 वर्षीय किशोर 11वीं का छात्र था। मां, किशोर के ही स्कूल में काम करती है, जबकि पिता दिल्ली की एक निजी कंपनी में काम करते हैं। बीते बुधवार की सुबह मां स्कूल चली गई और नाश्ता करने के बाद किशोर अपने दोस्त के घर चला गया। घर देर से लौटा और जब वजह पूछी गई तो बताया कि वह दोस्त के साथ मोबाइल पर गेम खेल रहा था। इस पर मां ने किशोर को डांट लगा दी। इसके बाद उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। आनन फानन में किशोर को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर देर रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

## टक्कर मारने वाले वाहन चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** एक वाहन के पीछे से टक्कर मारने के बाद एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित युवक ने मुखानी थाने पहुंचकर उक्त वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार कठघरिया निहाल सिंह ने मुखानी पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह बीते 5 अक्टूबर को वह अपने वाहन से जा रहे थे, तभी किसी तेज रफ्तार वाहन ने उनके वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत बेस अस्पताल लाया गया जहां पर उनका उपचार चल रहा है। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

---

# 15 गोल्ड, 11 सिल्वर और 5 ब्रांज मेडल जीते

## सिंथिया स्कूल का राज्य स्तरीय जू-जित्सू प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य स्तरीय जू-जित्सू प्रतियोगिता में सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण पदक, 11 रजत पदक और 5 कांस्य पदक प्राप्त किए, जिससे उन्होंने न केवल अपने स्कूल को गर्व महसूस कराया, बल्कि राज्य स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ी। विद्यालय परिसर में गुरूवार को आयोजित सम्मान समारोह में प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य डा. प्रवींद्र कुमार रौतेला ने कहा खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। बचपन से ही किसी न किसी खेल को सीखने और उसे आगे बढ़ाने से न केवल जीवन में अनुशासन आता है, बल्कि आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। गौलापार में आयोजित इस



प्रतियोगिता में दो-दो स्वर्ण पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें चेतन बिष्ट, और रिद्दिमा नेगी का नाम शामिल है। इसके अलावा अन्य पदक विजेताओं में पियूष अविघ्न नेगी, श्रृष्टि ल्वेशाली, मनन मेहरा, अक्षत थपलियाल, बोरा और दर्शन जिन्होंने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते अनुकृति जोशी एक स्वर्ण और एक रजत, गौरव शर्मा एक स्वर्ण और एक कांस्य, नमन मेहरा दो रजत पदक, श्रेयेशी कांस्य पदक, मैत्री बुधोरी दो रजत पदक, प्रेशा रैकवाल कांस्य पदक, भाविक रजत पदक, ललित बिष्ट और स्वप्निल दो-दो रजत पदक शामिल हैं। इस मौके पर सुरेश चंद्र मिश्रा, महेश जोशी, अकादमिक कोर्डिनेटर बीबी जोशी, केसी पंत, एसएस कपकोटी, कोर्डिनेटर प्रदीप मित्रा, हेमा तिवारी, ऋचा कर्नाटक, आईडी जोशी, बीसी सती, पुष्कर सिंह राजपूत, सुनीता तिवारी, हिमांशु तिवारी, रविंद्र और दीपक जोशी आदि मौजूद रहे।

## चरस तस्कर को रंगेहाथ दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलपड़ाव पुलिस ने चरस तस्करी के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसने अपनी ही दुकान को चरस



बिक्री का अड्डा बना रखा था। खास बात यह है कि आरोपी का पिता भी पहले जेल की हवा खा चुका है। पुलिस ने एसओजी के इनपुट पर साझा कार्रवाई करते हुए आरोपी को रंगेहाथ दबोच लिया और दुकान से पौन किलो से ज्यादा चरस बरामद की। कोतवाल विजय मेहता के अनुसार 9 दिसंबर को एसओजी के कांस्टेबल संतोष बिष्ट और भूपेंद्र जेष्ठा ने आरोपी की जानकारी पुलिस को दी। उन्हें सूचना मिली थी कि भैंस वाली गली में स्थित भारत ट्रेडर्स नाम की दुकान पर संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। दुकानदार बिना किसी ज्यादा बातचीत के ग्राहकों को कुछ संदिग्ध वस्तुएं दे रहा था। इस सूचना के बाद पुलिस ने चौकी प्रभारी गौरव जोशी के नेतृत्व में संयुक्त कार्रवाई की और दुकान पर छापा मारा। दुकान में छानबीन के दौरान एक व्यक्ति मौके से भाग निकला, लेकिन पुलिस ने दुक. ानदार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर दुकान से 896 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद अली पुत्र इस्तयाक हुसैन, निवासी जवाहर नगर वार्ड चार बताया। उसने बताया कि वह यह चरस गांधीनगर में राजेश नामक व्यक्ति से खरीद कर लाया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी का पिता भी पहले एक अपराध में जेल जा चुका है, जो इस परिवार के आपराधिक इतिहास को उजागर करता है। फिलहाल, आरोपी के खिलाफ मामले की जांच की जा रही है और पुलिस अन्य संभावित तस्करों का पता लगाने के लिए कार्रवाई कर रही है। टीम में मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, भूपेंद्र ज्येष्ठा शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

संक्षिप्त खेल समाचार

## जूनियर विश्व कप हॉकी में जर्मनी को खिताबी जीत पर दी बधाई

**चेन्नई, वार्ता।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने आज जर्मनी टीम को जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में अपने खिताब बरकरार रखने के लिए बधाई दी तथा भारतीय टीम को कांस्य पदक मुकाबले में अर्जेंटीना शानदार जीत के लिए सराहना की। कल रात यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में जर्मनी ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 3-2 से हराकर कड़ी टक्कर वाला मैच जीता। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। जर्मनी ने आठवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर स्टालिन ने कहा कि जज्बा, कौशल और जोश वही चैंपियन की एनर्जी है।

## सेल्टा से हार के बाद रियल मैड्रिड के कई खिलाड़ियों पर दुर्व्यवहार को लेकर लगे प्रतिबंध

**मैड्रिड, वार्ता।** सेल्टा विगो से हार के बाद रियल मैड्रिड पर मुख्य रूप से रेफरी के साथ दुर्व्यवहार के कारण उसके खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाए गए है। रियल मैड्रिड को सेल्टा विगो के साथ मैच के दौरान दूसरे हाफ में डिफेंडर फ्रन गार्सिया और अल्वारो कैरेरास और फॉरवर्ड एंड्रिक को दिखाए गए रेड कार्ड के लिए भारी अनुशासनात्मक कीमत चुकानी पड़ी। गार्सिया पर स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (आरएफईएफ) की अनुशासनात्मक कमेटी ने एक मैच का बैन लगाया है, जिसे वह इस वीकेंड डेपोर्टिवो अलावेस के खिलाफ मैच में नहीं खेल सकेंगे। उन्हें दो एलो कार्ड मिलने के बाद मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, कैरेरास और एंड्रिक को दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है।


# रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में

### शुभमन गिल का प्रमोशन संभव, विमेंस टीम की फीस बढ़ेगी, 22 को बीसीसीआई की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मीटिंग



**नई दिल्ली, वार्ता।** 22 दिसम्बर को होने वाली बीसीसीआई की मीटिंग में खिलाड़ियों का सेंट्रल कान्ट्रैक्ट सबसे बड़ा मुद्दा होगा। रोहित शर्मा और विराट कोहली ए+ ग्रेड में हैं, लेकिन उनका टॉप ग्रेड से बाहर होना लगभग तय माना जा रहा है। वजह यह कि दोनों खिलाड़ी अब केवल वनडे खेल रहे हैं। उनकी जगह शुभमन गिल, )षभ पंत और केएल राहुल के ए+ ग्रेड में प्रमा. शन पर चर्चा होगी। बैठक में महिला क्रिकेटरों की घरेलू मैच फीस बढ़ाने पर भी बड़ा फैसला हो सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिला खिलाड़ियों को बराबर मैच फीस मिलती है, लेकिन डोमेस्टिक लेवल पर अब तक यह लागू नहीं हुआ है। हाल ही में वर्ल्ड कप जीतने के बाद विमेंस क्रिकेटरों की फीस बढ़ाने की मांग तेज हुई है, जिसे बोर्ड मीटिंग में मंजूरी मिल सकती है। इसी के साथ घरेलू अंपायरों और मैच रेफरियों की फीस स्ट्रक्चर पर भी बदलाव प्रस्तावित है। बीसीसीआई अपनी डिजिटल प्रापर्टीज, स्ट्रीमिंग राइट्स और वेबसाइट अपग्रेड पर अपडेट भी देगी। मीटिंग का एजेंडा- विमेंस क्रिकेटर्स की डोमेस्टिक मैच फीस में बढ़ोतरी, मेंस प्लेयर्स के सेंट्रल कान्ट्रैक्ट में बदलाव, अंपायर व मैच रेफरी के भुगतान में सुधार, बीसीसीआई की डिजिटल प्रापर्टीज और स्ट्रीमिंग राइट्स अपडेट। एमएस धोनी ने 2014 में टेस्ट क्रिकेट छोड़ा था और उसके बाद वे सिर्फ वनडे और टी-20 खेलते रहे। 2018-19 के बीसीसीआई कान्ट्रैक्ट साइकिल (अक्टूबर 2018 से सितम्बर 2019) में धोनी ए+ ग्रेड में थे। इसके बाद उन्हें टॉप ब्रैकेट से हटा दिया गया। 2019-20 के कान्ट्रैक्ट में धोनी को ग्रेड ए (5 करोड़) में शामिल किया गया, लेकिन अगस्त 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वे कान्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर हो गए। धोनी ने 2019 वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। विमेंस टीम ने हाल ही में वनडे वर्ल्ड कप जीता था इंटरनेशनल लेवल पर विमेंस और मेंस को बराबर मैच फीस (पे-पैरिटी) मिलती है, लेकिन घरेलू क्रिकेट में अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। महिला खिलाड़ी पूरे सीजन काफी मैच खेलती हैं, लेकिन उनकी फीस कम है। भारत की हाल की वनडे वर्ल्ड कप जीत के बाद इस फैसले की मांग और तेज हुई है। इसलिए फीस बढ़ाने का प्रस्ताव बैठक के सबसे अहम मुद्दों में शामिल है।

# आईएसपीएल नीलामी में 144 खिलाड़ियों पर 10 करोड़ खर्च




● **सचिन तेंदुलकर ने कहा कि खुद से मुकाबला करो, जुनून व मेहनत ही आपको आगे ले जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग सीजन-3 की नीलामी के दौरान क्रिकेट आइकान सचिन तेंदुलकर ने सभी खिलाड़ियों को मेहनत, जुनून और आत्म-सुधार पर केंद्रित रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी और से नहीं, बल्कि खुद के कल से मुका. बला करना ही असली प्रगति है। आईएसपीएल 9 जनवरी से 6 फरवरी के बीच सूरत में खेला जाएगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। मुंबई में आक्शन हुआ। इस अवसर पर सलमान मान, सैफ अली और अक्षर कुमार भी मौजूद रहे। इस बार आक्शन में 101 शहरों के 408 खिलाड़ी उतरे। जिसमें 144 खिलाड़ियों पर करीब 10 करोड़ खर्च किए गए। विजय पावले आक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें पिछली बार की चैंपियन माझी मुंबई ने 32.50 लाख में खरीदा। आईएसपीएल आक्शन के दौरान सचिन सहित के कई स्टार मौजूद रहे। सचिन ने बताया कि क्रिकेट उनके लिए हमेशा जुनून रहा। उन्होंने कहा,मैंने क्रिकेट खेलना इसलिए शुरू किया क्योंकि मुझे इस खेल से बेहद प्यार था। मैं बस भारत के लिए खेलना चाहता था और इसके लिए जो भी करना पड़े, मैं तैयार था। उन्होंने कहा कि करियर के शुरुआती दिनों में भी वे कड़ी मेहनत से पीछे नहीं हटे। एक समय ऐसा था जब मैंने गर्मी की छुट्टियों में 55 दिन लगातार अभ्यास किया और बीमार पड़ गया। जुनून और जोश नहीं होगा, तो आगे नहीं बढ़ पाएंगे। सचिन ने कहा कि प्रदर्शन के साथ उम्मीदें जुड़ना स्वाभाविक है। उम्मीदें इसलिए होती हैं क्योंकि आपने पहले अच्छा किया है। इसे दबाव समझने के बजाय इसे अपनी मेहनत की पहचान की तरह देखें। विजय पावले आॅक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी विजय पावले आक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे।

# यौन उत्पीड़न को लेकर तोफेल अहमद रायहान पर चार्जशीट

● **पुलिस ने तोफेल के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न की चार्जशीट दाखिल की**

**ढाका, वार्ता।** पुलिस ने बांग्लादेश 'ए' टीम के तेज गें. दबाज ऑलराउंडर तोफेल अहमद रायहान के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न को लेकर चार्जशीट दाखिल की है।

गुलशन पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद समिउल इस्लाम ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, च्चार्जशीट महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम की धारा 9(1) के तहत दाखिल की गई है। दस्तावेज के अनुसार, तोफेल के खिलाफ आरोप पहली नजर में सही साबित हुए, जिसका समर्थन शिकायतकर्ता के शुरुआती बयान, होटल बुकिंग रिकॉर्ड, मेडिकल जांच और दूसरे सबूतों से हुआ। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 30 दिसम्बर को होगी, जब चार्जशीट कोर्ट के सामने पेश की जाएगी। केस दस्तावेजों में कहा गया है कि तोफेल ने इस साल जनवरी में पहली बार महिला से फेसबुक पर संपर्क किया था और मैसेंजर पर रेगुलर बातचीत हुई जो बाद में एक रोमांटिक रिश्ते में बदल गई। महिला ने शुरू में मना कर दिया था, लेकिन बाद में तोफेल के यह भरोसा दिलाने पर मान गई कि वह उससे शादी करना चाहता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 31 जनवरी को तोफेल कथित तौर पर महिला को गुलशन के एक होटल में ले गया, उसे अपनी पत्नी के तौर पर मिलवाया और जल्द ही शादी का वायदा कथित तौर पर बिना सहमति के यौन संबंध बनाए। महिला ने जब शादी करने को कहा तो उसके साथ कई मौकों पर मार पीट की गई। इसके बाद महिला ने। अगस्त को गुलशन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया, जिसमें बार-बार यौन हिंसा की घटनाओं की रिपोर्ट की गई। 24 सितम्बर को, हाई कोर्ट ने तोफेल को छह हफ्ते की अग्रिम जमानत दी और उसे जमानत खत्म होने से पहले महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम ट्रिब्यूनल के सामने सरेंडर करने का निर्देश दिया। हालांकि, उसने कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं किया। बांग्लादेश 'ए' टीम के रेगुलर सदस्य तोफेल ने अग्रिम जमानत मिलने के बाद दूसरी राष्ट्रीय टीम के लिए छह-ए-साइड टूर्नामेंट खेलने के लिए हांगकांग की यात्रा भी की।

# अकरम ने आईपीएल को उबाऊ लीग करार दिया

### कहाः बच्चे बड़े हो जाते हैं, लीग खत्म नहीं होती



**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने भारतीय लीग आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) पर तंज कसा है। अकरम ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के प्रमा. शन इवेंट में कहा- श्हाई से तीन महीने चलने वाली लीगें उबाऊ होती हैं। यह टूर्नामेंट कभी खत्म ही नहीं होता, बच्चे बड़े हो जाते हैं, लेकिन वो लीग खत्म ही नहीं होती।श् आईपीएल का आयोजन मार्च से जून तक चलता है। अकरम का तंज इसी बात पर था। लंदन के लाइर्स क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित एक प्रमोशन शो पर अकरम ने कहा- श्पीएसएल की छोटी अवधि ने लीग को विदेशी खिलाड़ियों के लिए आकर्षक बना दिया है। प्रतिभा दिखाने के मामले में पीएसएल नंबर-1 है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 11वें सीजन में 2 नई टीमों शामिल करने का ऐलान किया है। इन पर बोली 6 जनवरी, 2026 को लगाई जाएगी। नए इन्वेस्टर्स की तलाश करने के लिए ही इस शो का आयोजन किया गया था। जिसमें च्छ चीफ मोहसिन नकवी, पूर्व पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा और पूर्व कप्तान वसीम अकरम शामिल हुए। अकरम ने कहा कि पीसीएल की सबसे अच्छी बात यह है कि यह सिर्फ 34-35 दिन चलती है, अगले साल शायद थोड़ा और बढ़ जाए। विदेशी खिलाड़ी जब पाकिस्तान आते हैं, तो 35-40 दिन रहना पसंद करते हैं। ढाई से तीन महीने सबके लिए बहुत लंबा हो जाता है। मुझे भी बोरियत होने लगती है। नकवी बोले- पीसीएल को दुनिया की नंबर-1 लीग बनाना चाहते हैं नकवी ने कहा कि वे पाकिस्तान सुपर लीग को दुनिया की नंबर एक लीग बनाने के लिए कमिटेड हैं। वहीं, रमीज राजा ने कहा कि पीसीएल विदेशी खिलाड़ियों के लिए भी सर्वश्रेष्ठ लीग है, क्योंकि दुनिया में कहीं भी पाकिस्तान जैसा मेजबान नहीं है। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल दुनिया में सबसे ज्यादा दिन तक खेली जाने वाली लीग है। बीसीसीआई द्वारा संचालित इस लीग में दस टीमें खेलती हैं और लगभग दो महीने तक यह लीग खेली जाती है। इस बार इसका आगाज 15 मार्च से होने की संभावना है, जबकि फाइनल 31 मई को खेला जा सकता है।

## चोटिल टिकनर दूसरे टेस्ट नहीं करेंगे गेंदबाजी व फील्डिंग

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड को एक और बड़ा झटका लगा है उसके तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर कंधे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से बाहर हो गए हैं। बेसिन रिजर्व में पहले दिन क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका कंधा जाम हो गया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, 32 वर्षीय टिकनर बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय घायल हो गए और उन्हें स्ट्रेचर पर ले इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि ब्लैक कैप्स के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर वेलिंगटन में दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण नहीं करेंगे, और उनके बल्लेबाजी करने की भी संभावना नहीं है, क्योंकि पहले दिन बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय उनका कंधा डिसलोकेट हो गया था। टिकनर, जिन्हें कल रात इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, आज मैदान पर टीम के साथ जुड़ेंगे क्योंकि वह खेलने के लिए अपनी वापसी का समय तय करने के लिए आगे विशेषज्ञ मूल्यांकन का इंतजार कर रहे हैं। चोट से पहले, टिकनर ने वेस्टइंडीज को 205 रन पर रो. कने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने पहले दिन की शानदार गेंदबाजी में चार विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को अपनी पहली पारी 24/0 से शुरू की, और महत्वपूर्ण आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मैच में मजबूत बढ़त बनाने पर नजर थी। यह चोट इस सीरीज में न्यूजीलैंड की बढ़ती फिटनेस चिंताओं को और बढ़ा देती है, जिसमें तेज गेंदबाज मैट हेनरी और नाथन स्मिथ पहले ही बाहर हो चुके हैं।



## अब्दुल ने एशियन यूथ पैरा गेम्स में जीते दो पदक

**दुबई, वार्ता।** भारतीय एथलीट अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स की 50 मीटर (एस-5) बैकस्ट्रोक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण तथा 50 मीटर (एस 2-7) बटरफ्लाई स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और पैरा कमेटी ऑफ इंडिया सोशल मीडिया पर मंच एक्स पर अब्दुल कादिर इंदौरी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। साई ने लिखा कि दुबई में डबल मेडल की लहर! अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50मी बैकस्ट्रोक (एस-5) में गोल्ड और 50मी बटरफ्लाई (एस2-7) में कांस्य पदक जीता। यह दृढ़ संकल्प, गति और सच्ची खेल भावना का एक शानदार प्रदर्शन है। पैरा कमेटी ऑफ इंडिया ने लिखा कि भारत के लिए सुनहरा अवसर। एक शानदार उपलब्धि जो उनके धैर्य, अनुशासन और भारत के युवा पैरा एथलीट की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। बधाई हो, अब्दुल। भारत ने एशियन यूथ पैरा गेम्स के लिए 122 सदस्ई दल भेजा है।

# कॉन्वे-मिचेल ने दिलाई न्यूजीलैंड को बढ़त

● **डेवन कॉन्वे ने 60 और मिचेल ने 61 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (60) और मिचेल हे (61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय तक पहली पारी में 278 रन का स्कोर करने के साथ 73 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के 32 के स्कोर पर दो विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

न्यूजीलैंड ने कल के 24 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड का पहला विकेट सुबह के सत्र में टॉम लेथम (11) के रूप में गिरा। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केन विलियमसन ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। 31वें ओवर में एंडरसन फिलीप ने केन विलियमसन (37) को बोल्ड आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र (पांच) रन बनाकर आउट हुए। 36वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने डेवन कॉन्वे को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। डेवन कॉन्वे ने 108 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 60 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे। मिचेल हे ने 93 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रन बनाए। डैरिल मिचेल (25), ग्लेन फिलिप्स (18), जेकब डफी (11), माइकल रे (13) रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड ने 74-4 ओवरों में 278 का स्कोर बनाया। ब्लेयर टिकनर चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। वहीं जैकरी फॉक्स 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से एंडरसन फिलीप ने तीन और केमार रोच ने दो विकेट लिए। जेडेन सील्स, ओजे शील्ड्स, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक विकेट लिया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने दिन का खेल समाप्त होने के समय दो विकेट पर 32 रन बना लिए और वह अभी भी न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 41 रन पीछे है। ब्रैंडन किंग (नाबाद 15) और केवम हॉज (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद है।




## मूनी और किंग ने पर्थ स्कॉर्चर्स को डब्ल्यूबीबीएल के फाइनल में पहुंचाया

● **बेथ मूनी ने 76 और अलाना किंग ने 11 रन बनाकर तीन विकेट भी लिए**

**नॉर्थ सिडनी, वार्ता।** बेथ मूनी (76) और अलाना किंग (11 रन और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पर्थ स्कॉर्चर्स ने सिडनी सिक्सर को 11 रनों से हराकर डब्ल्यूबीबीएल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। पर्थ स्कॉर्चर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 183 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बेथ मूनी ने (76), केटी मैक (40), पेज स्कोफील्ड ने (14) रनों का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी सिक्सर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और घरेलू टीम ने एलिसे पेरी, एलिसा हीली और सोफिया डंकले को जल्दी-जल्दी खो दिया, हालांकि एश गार्डनर और अमेलिया केर के बीच 53 रन की साझेदारी से उन्हें कुछ उम्मीद मिली।अमेलिया केर (42), सोफिया डंकले (41), एलिसे पेरी (29) और एश गार्डनर (26) रन बना करन आउट हुयी। किंग ने पावर सर्ज में शानदार दूसरा ओवर फेंका, जिसमें सिर्फ छह रन दिए और गार्डनर को मिड-ऑफ पर कैच आउट करवाया। किंग ने फिर से खतरनाक मैटलान ब्राउन को आउट किया। अलाना ने 17 रन देकर तीन विकेट लेकर मैच जिताऊ प्रदर्शन किया। सिक्सर निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 172 रन ही बना सकी और मुकाबला 11 रनों से हार गई।

# शादी टूटने के बाद स्मृति मंधाना पहली बार पब्लिक इवेंट में दिखी



● **कप्तान हरमनप्रीत कौर को गले लगाया भारतीय उपकप्तान ने कहा कि क्रिकेट से ज्यादा कुछ पसंद नहीं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना शादी टूटने के बाद पहली बार किसी पब्लिक इवेंट में नजर आईं। उन्होंने बुधवार को नई दिल्ली के भरत मंडपम में आयोजित एक निजी इवेंट में हिस्सा लिया। मंधाना ने अपनी मैनेजर नूपुर कश्यप और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को गले लगाया।

कार्यक्रम में मंधाना ने कहा कि मुझे क्रिकेट से ज्यादा कुछ भी पसंद नहीं है। भारतीय जर्सी पहनने से मोटिवेशन मिलता है और सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं। 2 दिन पहले मंधाना ने इंस्टा पोस्ट करके पलाश मुछाल के शादी टूटने की जानकारी दी थी। दोनों की शादी 23 नवम्बर को होनी थी। मंधाना ने कहा कि हर दिन की शुरुआत शून्य से होती है एक सवाल पर मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने मुझे दो बातें सिखाई हैं। पहली- हर दिन की शुरुआत शून्य से होती है और दूसरी- अपने नहीं, अपनी साथ खिलाड़ियों के लिए खेलो। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में हमने तय किया था कि किसी को खुद के लिए नहीं खेलना, बल्कि अपने बगल वाले खिलाड़ी के लिए खेलना है। इससे दबाव कम होता है और ऊर्जा बढ़ती है।

मंधाना ने कहा कि जब आप सोचते हैं कि आपको अपने साथी के लिए अच्छा करना है, तो काम आसान हो जाता है। मैं भी अपने बगल के खिलाड़ी के लिए शतक बनाना चाहती थी, खुद के लिए नहीं। मंधाना श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए उपकप्तान मंधाना को श्रीलंका के खिलाफ 5 टी-20 की सीरीज के लिए भारत की महिला टीम का उपकप्तान बनाया गया है। यह सीरीज 21 दिसम्बर से शुरू होकर 30 दिसम्बर तक चलेगी। शुरुआती 2 मुकाबले विशाखापट्टनम और बाकी 3 मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।

## ओडिशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर ने शाहबाद हॉकी अकादमी हरियाणा को 6-0 से हराया

● **पहले मैच में साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा ने जरखड़ हॉकी अकादमी लुधियाना को 5-2 से हराया**

**जालंधर, वार्ता।** ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में जारी उन्नीसवें ऑल इंडिया बलवंत सिंह कपूर अंडर-19 लड़कों के हॉकी टूर्नामेंट के पांचवें दिन वीरवार को पूल बी की ओड़ीशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर और पूल सी में सुरजीत हॉकी अकादमी की टीम ने चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

पहले मैच में साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा ने जरखड़ हॉकी अकादमी लुधियाना को 5-2 से हराया। विजेता टीम की तरफ से दो गोल सुनील, अंकुश, सरिजन यादव, आदित्य कुमार ने 1-1 गोल किया। जरखड़ अकादमी की तरफ से अर्जन दीप सिंह ने 2 गोल किये। साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा के सुनील को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ओडिशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए शाहबाद हॉकी अकादमी हरियाणा को 6-0 से हराया। योजिन लमज ने दो, बिलकन ओरम ने 2, बिद्यानंद सिंह और दीपक परधान ने 1-1 गोल किया। ओड़ीशा टीम के योजिन लमज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सुरजीत हॉकी अकादमी ने एसएआईएल हॉकी अकादमी रुड़केला को 3-1 से हराया। सुरजीत अकादमी की तरफ से हर्षदीप सिंह, अजयपाल सिंह, मनदीप सिंह ने 1-1 गोल किया। एसएआईएल टीम की तरफ लेलसन लमज ने एक गोल किया। सुरजीत हॉकी अकादमी के अजयपाल सिंह के मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# एआरटीओ का फिटनेस सेंटर पर छापा

## लंढौरा के सेंटर पर निरीक्षण में अनियमितताएं मिलने पर रोक्सी एल्विन ने लगाई फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन महोदय देहरादून के निर्देशानुसार प्राइवेट कंपनी द्वारा संचालित वाहनो के फिटनेस हेतु स्वचालित परीक्षण केंद्र लंढोरा का लगातार शिकायतें मिलने व केंद्र पर अनियमितता होने की सूचना पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रुड़की तथा संभागीय निरीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया जिसकी सूचना मिलने पर स्वचालित परीक्षण केंद्र के कर्मचारियों द्वारा सभी वाहन मौके से भगा दिए गए तथा सर्वर डाउन होने का बहाना बताया गया मौके पर ही परिवहन की टीम द्वारा करीब तीन चार घंटे इंतजार किया गया किंतु कोई भी वाहन नहीं आया यह देखकर परिवहन टीम द्वारा वहाँ से जाने का नाटक किया गया और 15-20 मिनट अन्यत्र कहीं इंतजार करने के उपरांत पुनः जब स्वचालित परीक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया तो मोके पर फिटनेस हेतु 20-25 वाहन खड़े पाए गए परिवहन की टीम को वापस मोके पर देख स्वचालित परीक्षण केंद्र के कर्मचारी अचंभित हो गए तथा उनके हाथ पैर फूल गए और मौके से सभी वाहन चालकों को भगा दिया । जांच करने पर कई अनिमियतता सामने आई जिसमे कई बार कहने पर भी उनके द्वारा रेट लिस्ट चस्पा नहीं की जा रही



है और वाहन स्वामियों से मुँह माँगी रकम वसूली जा रही है। मोके पर मौजूद सभी वाहनो के नम्बर नोट कर लिए गए है यदि एटीएस द्वारा इन वाहनो की फिटनेस की जाती है तो उनको अनफिट किया जाएगा तथा चलानी कार्यवाही भी की जाएगी और एटीएस संचालक को

**❖प्रशिक्षण केंद्र के कर्मचारियों ने मौके से सभी वाहन भगाए: एल्विन**

चेतावनी दी गई। पुनः यदि शिकायत मिलती है। अनुशासनात्मक तथा कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी तथा भविष्य में भी औचक निरीक्षण जारी रहेगे।

दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा हेतु की गई त्वरित कार्रवाई-निरीक्षण के दौरान लंढोरा चौक पर एक ओमनी वैन में 8 दिव्यांग बच्चों को अत्यंत असुरक्षित ढंग से ले जाया जा रहा था तथा वाहन की भौतिक स्थिति अत्यंत खघ्राब थी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परिवहन टीम द्वारा वाहन को तत्काल रुकवाया गया, बच्चों को सुरक्षित रूप से दूसरी गाड़ी में भेजा गया तथा संबंधित वाहन का चालान कर उसे सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, रूड़की में बंद (सीज) किया गया। उक्त कार्यवाही में संभागीय परिवहन अधिकारी सुश्री एल्विन रॉक्सी संभागीय निरीक्षक अजय कुमार आर्य वरिष्ठ सहायक अक्षय कुमार तथा परिवहन आरक्षी कृष्ण कुंवर अँतीवाल मौजूद रहे।

# फरार चल रहा बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंग नहर पुलिस द्वारा फरार चल रहे बलात्कार के वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। वादीया (पीड़िता) कोतवाली गंग नहर क्षेत्रा अंतर्गत निवासरत द्वारा थाना हाजा उपस्थित आकर एक किता प्रार्थना पत्र अभियुक्त साकिब द्वारा वादिया को बहला फुसलाकर ले जाना व शादी का झांसा देते हुए कई बार वादिया के साथ शारीरिक संबंध बनाना एवं साकिब व उसके भाई सारिक, फाजिल द्वारा आपराधिक षड्यंत्र के तहत वादिया को साकिब से शादी का झूठा आश्वासन देकर बिना शादी किए साकिब का अफ्रीका भाग जाना तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में लाकर दाखिल किया गया। दाखिला प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। परिणाम स्वरूप महिला उप निरीक्षक करुणा रोकली, कांस्टेबल प्रभाकर कांस्टेबल नितिन के रवाना शुदा देखरेख शांति व्यवस्था ड्यूटी ,रोकथाम जुर्म जरायम, चेकिंग व्यक्ति /वाहन तलाश माल मुलजिमान मुकदमा अपराध संख्या 345/24 धारा 366/376(2)(ढ)/120ठ/506 आईपीसी बनाम साकिब आदि में रवाना होकर मुखबिर खास की सूचना के आधार पर आईजीआई एयरपोर्ट नई दिल्ली से अभियुक्त साकिब को उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किए गए थे। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में कारागार भेजा गया।

# ग्रामीण क्षेत्र में नीलगाय पहुंचा रही गेहूं की फसल को नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नील गायों द्वारा भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। किसानों द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र प्रेशित करते हुए खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा रही नीलगायों से किसी भी तरह निजात दिलाने की मांग की है। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के किसान राजवीर सिंह प्रदीप कुमार घनश्याम शर्मा सुशील कुमार यशवीर सिंह कालूराम रोहित कुमार भोला सिंह बिट्टू चौधरी आदि का कहना है कि कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के खेतों में नीलगायों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नीलगाय झुंड में रहना पसंद करती है। इनके झुंड में 5 से लेकर 10 तक नीलगाय होती हैं। नीलगाय किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को खाकर भारी नुकसान पहुंचा रही है। नीलगायो का झुंड जिस भी गेहूं के खेत में घुस जाता है उसमें खड़ी गेहूं की फसल को पहले पेट भरकर खाता है बाद में इस खेत में मस्ती करते हुए कबड्डी खेलते हैं। जिससे पूरे खेत में खड़ी गेहूं की फसल तबाह हो जाती है। किसानों का कहना है कि नीलगाय रात्रि के समय खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाती है। नील गायो द्वारा नुकसान पहुंचाने के कारण ही किसानों द्वारा अपने खेतों में उड़द मसूर तुअर आदि कई दलहन फसलो की बुवाई करनी बंद कर दी गई है। किसानों द्वारा रात्रि 10:00 तक अपने खेतों में पहरा देते हैं। इसके बावजूद भी जब किसान खेतों से अपने घर आ जाते हैं बाद मे उसी समय नीलगाय खेतों में आकर फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। किसानों द्वारा अपनी गेहूं की फसल को नीलगायो से बचाने के लिए कई उपाय भी करते हैं। किसान गेहूं की फसल के खेत में लकड़ी के ऊपर कमीज तथा अन्य कपड़े आदि टाँग कर उस पर बदबू करने के लिए फिनायल तेल आदि भी डालते हैं। किसानों का कहना है कि उक्त उपाय करने से पूर्व में नीलगाय रुक जाती थी लेकिन वर्तमान में ऐसा करने से भी नीलगायों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। किसानों द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र प्रेशित करते हुए नील गायों से किसी भी कीमत पर छुटकारा दिलाने की मांग की है।

# किसान समस्याओं को लेकर भाकियू की महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भाकियू रोड की महापंचायत में चकबंदी,बिजली बकाया भुगतान, हाथियों के उत्पात से निदान आदि समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में मौके पर पहुंचे एसडीएम एवं चकबंदी अधिकारियों ने किसानों से वार्ता की। उनकी मांगों को सुनने के बाद केसकारात्मक कारवाई का आश्वासन दिया।

भगवानपुर तहसील क्षेत्र के इब्राहिमपुर मसाई गांव में आयोजित भारतीय किसान यूनियन रोड की मासिक पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह रोड ने कहा कि आज किस तमाम समस्याओं से जूझ रहा है लेकिन शासन प्रशासन उनकी और किसी प्रकार का ध्यान देने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि इब्राहिम मसाई गांव में लंबे समय से किसान चकबंदी की मांग कर रहे हैं लेकिन हमेशा चकबंदी के नाम पर केवल खानापूर्ति होते आई है उन्होंने कहा कि गांव में तुरंत चकबंदी शुरू की जाए। इसके साथ ही गन्ना का बकाया भुगतान तुरंत किसानों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान न हुआ तो आने वाले समय जिलाधिकारी कार्यालय पर किसान अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। पंचायत संयोजक ग्राम प्रधान आचार्य घनश्याम ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मोबाइल नेटवर्क की समस्या से समाधान के टावर स्थापित किया जाए ,जंगली हाथियों से सुरक्षा के लिए जंगल और गांव की सीमा पर दीवार बनाई जाए



और जिन किसानों का नुकसान हाथियों ने किया है पांच हजार रुपए प्रति महीना किसानों को मुआवजा उन्हें दिया जाए,क्षेत्र में टूटी सड़कों का निर्माण किया जाए,बाग के बीमे करवाएं जाएं और बकाया गन्ना भुगतान दिलवाया जाए। एसडीएम देवेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि शुक्रवार से गांव में चकबंदी की टीम काम करेगी और तहसील स्तर की समस्याओं का समाधान जल्द होगा। जिला एवं शासन स्तर की समस्याओं को वहां पहुंचाकर उनकी समस्या समाधान के लिए कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर एसओसी चकबंदी अनिल कुमार सुनील,प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुशवाह,प्रदीप त्यागी,नाजिम अली,बृजमोहन त्यागी, प्रवीण कुशवाह,उमेश राणा,गोपाल सिंह राणा, अनीश प्रधान,कारी शहजाद,हाजी इरशाद,रियासत प्रधान,इकबाल अली,अनुज त्यागी,इंदर सिंह रोड,मास्टर तेलूराम सैनी,अर्जुन सैनी आदि मौजूद रहे।

# बहुजन क्रांति मोर्चा ने दिया भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए बहुजन क्रांति मोर्चा के प्रदेश संयोजक भंवर सिंह ने कहा कि जिला हरिद्वार के विभिन्न विभागों में सरकारी योजनाओं के अंतर्गत सरकार के नियमों के विरुद्ध किए जा रहे निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताएं कर भारी भ्रष्टाचार एवं ग्राम मोहम्मदपुर कुन्हारी में ग्राम समाज की भूमि पर जबरन अवैध निर्माण कर ग्राम समाज की भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। जिलाधिकारी के आदेश पर तहसील प्रशासन ने जांच कर ग्राम समाज की भूमि की पुष्टि करते हुए रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत




कर दी है उसके बावजूद भी अवैध निर्माण बेखौफ जारी है। संगठन के द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित पत्र जिला अधिकारी हरिद्वार को पहले ही दिए जा चुके हैं इसके बावजूद भी भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी बेखोफ धड़ल्ले से भ्रष्टाचार कर रहे हैं और जिलाधिकारी हरिद्वार के आदेश के बावजूद भी निर्माण कार्यों से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने से भी इनकार कर रहे हैं।बहुजन क्रांति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महिपाल सिंह ने कहा कि बामसेफ के ऑफसूट संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त करने वाली सरकार को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर आगाह किया है कि अगर सरकार एवं संविधान के खिलाफ कार्य करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ शीघ्र कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन पहले चरण में जिले हरिद्वार की सभी तहसीलों में धरना प्रदर्शन कर भ्रष्टाचारियों को जनता में बेनकाब करेगा और दूसरे चरण में रैली प्रदर्शन करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।भंवर सिंह प्रदेश संयोजक बहुजन क्रांति मोर्चा उत्तराखंड, महिपाल सिंह जिला अध्यक्ष बहुजन क्रांति मोर्चा जिला हरिद्वार, पोस्टर सुरेंद्र कुमार राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा नई दिल्ली, रमेश चंद जिला संगठन सचिव बहुजन क्रांति मोर्चा, राजू जिला सचिव बहुजन क्रांति मोर्चा हरिद्वार, आशीष कुमार जिला मीडिया प्रभारी हरिद्वार सोनू कुमार जिला सचिव बहुजन क्रांति मोर्चा हरिद्वार विनोद कुमार उपाध्यक्ष बहुजन क्रांति मोर्चा हरिद्वार सुभाष चंद्र मीडिया प्रभारी हरिद्वार, पोस्टर दिनेश कुमार राणा जिला संगठन सचिव बहुजन क्रांति मोर्चा हरिद्वार, तेलू राम बौद्ध शामिल रहे।

# निर्माणाधीन मकान में लाखों की चोरी, तहरीर

**रुड़की।** निर्माणाधीन मकान से चोरों ने लाखों के समान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित में पुलिस को तेरी देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

सुभाष नगर निवासी सौरभ श्रीवास्तव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मकतुलपुरी में वह अपने लिए एक नए मकान का निर्माण कर रहे हैं। बीती नौ दिसंबर की रात को घर में मिस्त्रियों के जाने के बाद वह भी अपने घर चले गए थे लेकिन दस दिसंबर की सुबह जब वह आए तो घर से काफी सामान गायब था। जिस सामान की कीमत करीब दो लाख रुपए बताया गई है। वहीं इस संबंध में कोतवाली एसएसआई दीप कुमार का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# शुगर मिल में काम करते मिले एक दर्जन कश्मीर के मजदूर

## गन्ना समिति सचिव ने की सत्यापन की मांग

**शाह टाइम्स मंगलौर**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के लिब्बारहेड़ी शुगर मिल में निरीक्षण के दौरान गन्ना समिति सचिव को 13 कर्मचारी जम्मू कश्मीर के निवासी काम करते हुए मिले। सचिव ने पुलिस को सूचना देकर कर्मचारियों का सत्यापन करवाए जाने की मांग की है।

गन्ना समिति लिब्बरहेड़ी में सचिव के पद पर तैनात अंनत सिंह ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि बुधवार राज्य 9:15 बजे करीब उन्होंने शुगर मिल का निरीक्षण किया। इस दौरान तौल केंद्र पर काम कर रहे कर्मचारियों से जानकारी मांगी तो वह अपना लाइसेंस और कोई कागजात आदि नहीं दिखा पाया। नाम पूछने पर उसने अपने आप को जम्मू कश्मीर का निवासी बताया। सचिव ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने इस संबंध में जानकारी जुटाई तो तौल केंद्र प्रभारी के रूप में 13 कर्मचारी इस तरह से काम करते मिले। सचिव ने बताया कि जम्मू कश्मीर के इतने कर्मचारी मिल में काम कर रहे हैं और उनका कोई सत्यापन नहीं हुआ है ऐसे में कोई अप्रिय घटना घट जाए तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी रफत अली ने बताया कि इस संबंध में जांच की जाएगी अगर सत्यापन नहीं किया गया है तो नियमों अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# कांग्रेसियों ने रैली को सफल बनाने को लगाया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की के द्वारा एक प्रतिष्ठित होटल में वोट छोड़ गद्दी छोड़ की प्रस्तावित 14 दिसंबर की रैली को सफल बनाने के के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को संविधान को बचाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में साथियों सहित 14 तारीख को दिल्ली जाना चाहिए ताकि देश के संविधान की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस को मजबूती प्रदान की जा सके उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया वह राहुल गांधी की इस रैली को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोगकरें। पूर्व राज्य मंत्री डॉ गौरव चौधरी ने कहा कि यह समय कठिन समय है इसलिए संविधान को मजबूत बनाने हेतु कांग्रेस की रैली को सफल बनाना प्रत्येक कांग्रेस जन की जिम्मेदारी है। पूर्व मेयर प्रत्याशी पूजा गुप्ता ने कहा कि वह स्वयं और उनके पति अपने सभी साथियों के साथ 14 तारीख को रैली में शामिल होंगे और पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी उसका निर्वहन करेंगे ।उन्होंने कहा कि वह 14 तारीख को रैली में भारी समर्थकों के साथ दिल्ली के लिए कूच करेंगे

# अवैध स्मैक के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से 12 , 11 ग्राम अवैध स्मेंक बरामद हुई है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय एसएसपी हरिद्वार द्वारा राज्य को नशा मुक्त करने के लिए अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 10 दिसंबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 12 ,11 ग्राम अवैध स्मेंक बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अनिकेत चौहान पुत्र रविंद्र चौहान निवासी गोल भट्टा मिलाप नगर रुड़की बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार हेड कांस्टेबल रियाज अली कांस्टेबल राजेंद्र शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का पहले नाम सोमिनया था जिसे बदलकर अब अपनी पुत्री का नया नाम अलिहा रहमान (ALIHA REHAN) रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को अलिहा रहमान (ALIHA REHAN) के नाम से ही जाना पहचाना, पढ़ा लिखा, व दर्ज किया जाए। **सुलेमान (SULEMAN) पुत्र असगर अली नि. रामरहीम कालोनी मौ. पांवधोई ज्वालापुर तह. व जिल हरिद्वार।**

# बाइक व स्कूटी की टक्कर बाद गुस्साए युवक ने कर डाली ताबड़तोड़ फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बाईक व स्कूटी की टक्कर के दौरान हुए विवाद के बाद एक पक्ष के दर्जनों युवक ने उद्योगपति की फैक्ट्री के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर डाली। फायरिंग की यह घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गंग नहर कोतवाली क्षेत्र के मतल्लापुर निवासी अशोक सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे वह अपने घर से फैक्ट्री की ओर बाईक से जा रहे थे तभी सामने से गांव का ही एक युवक हिमांशु सैनी स्कूटी से आया तो उससे उनकी टक्कर हुई। उस समय मामूली कहासुनी के बाद बात निपट गईं लेकिन उसके बाद शाम करीब सात बजे वह युवक उनकी फैक्ट्री के बाहर बीस पच्चीस युवक लेकर आ गया और फायरिंग शुरू कर दी। आरोप है कि कई राउंड फायरिंग की गई। फायरिंग करने वाले युवक एक घर के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए हैं। पीड़ित के अनुसार जिस समय यह वारदात हुई तो फैक्ट्री में कई कर्मचारी काम कर रहे थे इसके साथ ही परिवार के लोग भी थे।उन्होंने पुलिस को बताया कि इस घटना के बाद परिवार के लोग और फैक्ट्री कर्मी दहशत में हैं। वहीं इस संबंध में कोतवाली के एसएसआई दीप कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर आई है मुकदमा दर्ज किया जा रहा है,आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# मंगलौर नगर पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

# अधिशासी अधिकारी ने टीम के साथ बाजारों से हटवाया अवैध निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** गुरुवार को दूसरे दिन भी अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम द्वारा बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजार में नाले के ऊपर और नाले के बाहर से अतिक्रमण को हटवाया गया और दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि पालिका ट म द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। अभियान के दौरान मेन बाजार जैन स्तम्भ से हनुमान मन्दिर को होते हुए हैदरी चोक एवं किला रोड़ को होते हुए पुलिस चोकी तक दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि नाले के ऊपर व नाले से बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें और तत्काल अतिक्रमण को स्वयं हटा लें वरना चालानी कार्यवाही व अन्य कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी। अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी के नेतृत्व में पालिका टीम द्वारा दूसरे दिन उक्त अभियान के तहत दुकानदारों को चेतावनी दी गई। इसके साथ ही किला रोड़ पर मीट व्यापारियों को भी चेतावनी दी गई कि वह अपनी दुकानों के बाहर चिक लगाये या काले शीशे लगवाये और फूड



सेफ्टी एक्ट के तहत सभी नियमों का पालन करें और गन्दगी न फैलायें वरना नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही दुकानदारों को प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग न करने के बारे में भी हिदायत दी गई। इस अवसर पालिका टीम में अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी, सफाई निरीक्षक जसवीर सिंह, वसीम अब्बासी, सन्दीप कुमार एवं अन्य पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# सहायक अभियंता ने किए सीवर लाइन के फॉल्ट चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एडीबी द्वारा रुड़की नगर में लगभाग 300 करोड़ रुपए से सीवर कार्य कराए थे निमार्ण के समय से ही ये गड्ढे क्षेत्रवासियो के लिए जी का जंजाल बने हुए है जिस समय एडीबी ने कार्य शुरू किया था उसके बाद से लगातर सात वर्षो से गड्ढे हों जाते है पिछले 2 माह से एडीबी के बड़े बड़े गड्ढों का सभी अधिकारी निरीक्षण कर चुके है जिसमें लोगो ने बताया था जब से सीवर लाइने डाली गई है तभी से यहां बड़े बड़े गड्ढे हों रहे है जिन्हें लोगो की सुरक्षा के दृष्टिगत जल संस्थान द्वारा अनेक बार भरवाया गया लेकिन मिट्टी फिर बैठ जाती है गणेशपुर क्षेत्र में लगभग पिछले 7वर्षों से भू धंसाव बड़े बड़े गड्ढे और मकानों में आ रही दरारों एवं चौंबर टूटने का सिलसिला लगातार चल रहा है जिसको जल संस्थान अधिकारी और नगर निगम अधिकारी समाधान हेतु कार्य करते आ रहे है गणेशपुर में लगातार मकानों में आती दरारें और जमीन में जा रहे नाले के पानी का सुराग ढूंढने हेतु हल संस्थान ने कास्टिंग पाइप मंगाए है जिसका निरीक्षण स्वयं अधिशाषी अभियंता हरीश बंसल प्रतिदिन कर रहे है एवं सहायक अभियंता मुख्यालय और सहायक अभियंता रुड़की अपर सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता लगातार डटे हुए है एवं ठेकादर को लगातार टैक्निकल दिशा निर्देश दिए जा रहे है सहायक अभियंता जुनैद गौड ने साइट का निरीक्षण करते हुए कहा कि पिछले 7 साल से ये



समस्या चल रही है इसकी तकनीकी समस्याओं की खुदवाकर जांच की जा रही है जिससे जमीन के अंदर के सभी फॉल्ट चिह्नित किए जा सके कास्टिंग पाइप के अंदर खुदाई कराने से दुर्घटना का खतरा नहीं होगा और सुरक्षित करते हुए खुदाई कार्य कराए जा रहे है एवं फॉल्ट को चिह्नित करने के प्रयास किए जा रहे है सहायक अभियंता जुनैद गौड ने बताया ड्रॉइंग को चेक कर लिया गया है उसी के अनुसार तकनीकी फॉल्ट को चेक किया जा रहा है जिससे उक्त समस्या का तकनीकी फॉल्ट का पता लगाया जा सके।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 12 दिसम्बर 2025

# फिर बढ़ी तिथि

चुनाव आयोग ने एक बार फिर मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के लिए चल रहे अभियान की तिथि बढ़ा दी है। ऐसा दूसरी बार है जब चुनाव आयोग ने यह तिथि बढ़ाई है। यह तिथि पांच राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, तमिलनाडु के साथ अंडमान निकोबार के लिए बढ़ाई गई है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि निर्वाचन आयोग ने बिहार में एसआईआर कराने के बाद 12 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की है। आयोग की ओर से बताया गया है कि इन राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने तिथि बढ़ाने के लिए अनुरोध किया था। उत्तर प्रदेश में यह तिथि 26 दिसंबर तक के लिए बढ़ गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटे। वैसे आयोग के फैसले को लेकर शुरू से ही उसकी आलोचना हो रही थी और उस पर आरोप लग रहे थे कि इतने कम समय में इतना बड़ा काम संभव नहीं है। कोई भी समझ सकता है कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक का समय इतने बड़े काम को लेकर नाकाफी था और यह किसी के भी समझ में नहीं आ रहा था। इस बीच कई बीएलओ ने अपनी जान से भी हाथ धो लिया, इसके पीछे जो कारण माना गया वह भी एसआईआर का दबाव ही माना गया। इसको लेकर भी चुनाव आयोग की आलोचना हो रही थी। शायद यह आलोचनाओं का ही दबाव रहा कि चुनाव आयोग को अपने ही फैसलों में दो बार संशोधन करना पड़ा। अच्छी बात यह है कि चुनाव आयोग ने जल्द ही अपनी गलती सुधारने का काम किया और 22 दिनों का समय अतिरिक्त दिया। निसंदेह इससे जहां बीएलओ से दबाव हटेगा वहां लोगों को भी हड़बड़ी में काम करने से निजात मिलेगी। विशेषकर उन लोगों को जो अपने घरों से दूर काम के सिलसिले में बाहर हैं। साथ ही चुनाव आयोग की ओर से यह भी संदेश जाएगा कि वह इस बात को लेकर गंभीर है कि कोई पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न होने पाए। वैसे बेहतर होता कि चुनाव आयोग उदारता व दूरदर्शिता दिखाते हुए कम से कम उन राज्यों में पर्याप्त समय दे सकता था, जहां अगले वर्ष चुनाव नहीं होने जा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने पता नहीं किस समझ के साथ बहुत ही कम समय सीमा के साथ एक बड़े काम के साथ आगे बढ़ने का फैसला लिया। जबकि इसकी कोई जरूरत नहीं थी। विपक्ष भी चुनाव आयोग पर यह कहकर आरोप लगा रहा है कि अगर वास्तव में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग गंभीर है और घुसपैठियों को निकालना उसका मकसद है, तो फिर वह गंभीरता उसके आचरण में क्यों दिखाई नहीं दे रही है। वह इतनी हड़बड़ी में क्यों है, यह समस्या कोई आनन फानन में हल नहीं होने वाली, क्योंकि हड़बड़ी में काम करने से अनावश्यक भय का वातावरण बनता है।

## संसद में धूम्रपान कानून का अपमान



लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है, लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुए देखा गया, पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं, कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है, लेकिन, संसद यानी लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है, इन सभी का उल्लंघन टीएमसी के सांसद ने किया है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्यवाही की जाएगी, इसी शीतकालीन सत्र में हमने देखा कि एक सांसद द्वारा संसद में कुत्ते को लेकर आना और ऊपर से यह कहना कि यह तो नहीं पर जो अंदर बैठे है वो काटते हैं, इसका मतलब संसद के अधिकारी, सुरक्षाकर्मी, सांसद समेत सभी लोगों पर एक तरह का बड़ा आक्षेप है।

**-शहजाद पूनावाला, प्रवक्ता, भाजपा**

# इंडिगो: एक मानव निर्मित संकट






रजनीश कपूर

**इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता।**

भारतीय विमानन क्षेत्र ने हाल ही में अपने सबसे अंधकारमय दौर से गुजरा है, जब प्रमुख निजी एयरलाइन इंडिगो की अनुपालन न करने की वजह से एक बड़ा संकट उत्पन्न हुआ। इस संकट ने न केवल आकाश में बल्कि जमीन पर भी अफरा-तफरी मचा दी, जिससे भारतीय विमानन की वैश्विक छवि को गहरा धक्का लगा। इंडिगो का वर्तमान संकट, जिसमें 3,000 से अधिक उड़ानों के रद्द होने और व्यापक परिचालन पक्षाघात शामिल है, 2019 में जेट एयरवेज के ग्राउंडिंग के बाद भारतीय विमानन में सबसे गंभीर व्यवधान है। यह एयरलाइन, जो लंबे समय से दक्षता और समय की पाबंदी का प्रतीक मानी जाती थी, अब नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस नियमों की पूर्वानुमान और तैयारी में विफलता के कारण विश्वास के संकट का सामना कर रही है। पुरानी अंडर-स्टाफिंग और दुबली-पतली मैनपावर रणनीति के साथ मिलकर, एयरलाइन को आपातकालीन योजनाओं के लिए हाथ-पांव मारने पड़े, जिससे देश भर में हजारों यात्री फंसे रह गए।

यह संकट पूरी तरह से टाला जा सकता था, यदि एयरलाइन ने नियामक के निर्देशों का पालन किया होता। इंडिगो के प्रबंधन ने पायलट यूनियनों और उद्योग विशेषज्ञों की बार-बार चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया, जो हायरिंग फीज और नो-पोचिंग समझौतों के जोखिमों के बारे में थीं। लालच के चलते एयरलाइन ने अपनी मौजूदा फ्लाइटों बढ़ोतरी भी की जिसने आग में घी डालने का काम किया। नए एफडीटीएल नियम लागू होने पर एयरलाइन कॉकपिट और केबिन क्रू की गंभीर कमी सामने आई। लागत कटौती के लिए स्टाफ संख्या को न्यूनतम रखने की रणनीति तब उलटी पड़ गई। संकट को और गहरा किया खराब रोस्टर प्लानिंग और नियामकीय चूकों ने। इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स ने स्वीकार किया कि सामान्य परिचालन धीरे-धीरे ही बहाल हो पाएगा, क्योंकि एयरलाइन नए पायलट डयूटी नियमों से अस्थाई छूट मांग रही है। सवाल यह उठता है कि जब डीजीसीए ने सभी ऑपरेटरों को नए नियमों का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय दिया था, तो इंडिगो ने उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला क्यों लिया?

भारत के विमानन इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां निजी एयरलाइनों का पतन प्रबंधन की विफलताओं और बाहरी दबावों के कारण हुआ। किंगफिशर एयरलाइंस, जो कभी देश की सबसे चमकदार कैरियर थी, वित्तीय कुप्र. बंधन और अत्यधिक कर्ज के कारण 2012 में अचानक बंद हो गई। जेट एयरवेज, जो भारत के निजी विमानन युग का अग्रदूत था, 2019 में नियम पुस्तिका के उल्लंघनों, खराब वित्तीय नियंत्रणों, बढ़ते घाटे और बदलते बाजार हालातों से अनुकूलन में असमर्थता के कारण इसी भाग्य का शिकार हुआ। इंडिगो का नए एफडीटीएल नियमों को नजरअंदाज करने का तरीका भी जेट एयरवेज की याद दिलाता है, जो इसी तरह के घमंड के चलते अपनी सुविधा के लिए नियमों को अनदेखा करती रही। यह उदाहरण एक दोहरावदार पैटर्न को रेखांकित करते हैं, वे एयरलाइंस जो अल्पकालिक लागत बचत को पायलटों और यात्रियों की सुरक्षा तथा नियामकीय अनुपालन आवश्यकताओं से ऊपर रखती हैं, वे एक ब्रेकिंग पॉइंट पर पहुंचकर अचानक ढह जाती हैं।

इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता। डीजीसीए द्वारा सख्त अनुपालन ऑडिट की अनुपस्थिति ने भी इस अराजकता में भूमिका निभाई। भविष्य के संकटों को रोकने के लिए, एयरलाइंस को परिचालन लचीलेपन को प्राथमिकता देनी चाहिए, पर्याप्त स्टाफिंग में निवेश करना चाहिए और नियामकीय निकायों तथा कर्मचारी यूनियनों के साथ खुले संवाद बनाए रखने चाहिए। सरकार को भी इन पर निगरानी रखनी चाहिए ताकि उड़ान शेडयूल केवल परिचालन और सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन की जांच के बाद ही मंजूर किए जाएं। परिचालन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, डीजीसीए को ऑपरेटरों से सुझाव भी लेने चाहिए ताकि उनकी मांगों को समायोजित किया जा सके। इंडिगो का संकट सिर्फ एक एयरलाइन की गलतियों की कहानी नहीं है, बल्कि पूरे भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए एक चेतावनी है।

इंडिगो संकट के मद्देनजर डीजीसीए द्वारा सख्त नियामकीय कार्रवाई भारत में एयरलाइन उल्लंघनों के लिए एक शक्तिशाली मिसाल कायम कर सकती है। डीजीसीए ने पहले ही सामूहिक रद्दीकरणों की परिस्थितियों की जांच के लिए एक व्यापक जांच शुरू कर दी है, जिसमें चार सदस्ईय पैनल को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का काम सौंपा गया है ताकि प्रवर्तन कार्रवाइयों और संस्थागत सुधारों की सिफारिश की जा सके। पिछले उदाहरण दिखाते हैं कि नियामक ने अनुपालन न करने के लिए कठोर दंड लगाने में संकोच नहीं किया, जिसमें 10 लाख से 90 लाख रुपये या इससे अधिक के वित्तीय जुर्माने, ऑपरेटर अनुमतियों का निलंबन और बार-बार या गंभीर उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को हटाना भी शामिल है। उदाहरण के लिए, डीजीसीए ने हाल ही में एयर इंडिया को एक पायलट को अनिवार्य नियामकीय आवश्यकताओं को पूरा किए बिना उड़ान संचालित करने की अनुमति देने के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। डीजीसीए ने पहले क्रू शेड्यूलिंग और सुरक्षा निगरानी में गंभीर और दोहरावदार चूकों के लिए एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों को हटाया है। ऐसे दंडों को लागू करके और एयरलाइंस तथा उनके प्रबंधन को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराकर, डीजीसीए एक स्पष्ट संदेश देता हैरू परिचालन शॉर्टकट, नियामकीय अनुपालन न करने और लापरवाही को त्वरित और सख्त परिणामों से सामना करना पड़ेगा। इंडिगो का संकट बताता है कि परिचालन उत्कृष्टता सिर्फ दक्षता और समय की पाबंदी के बारे में नहीं है, बल्कि एयरलाइन क्रू व यात्री सुरक्षा, तैयारीऔर जिम्मेदारी के बारे में भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्यार को जाने देना आसान नहीं...

**किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं, पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है।**

अगर कोई आपको छोड़कर जाना चाहता है, तो उसे जाने दें, यह बात हम सबने सुनी है। लेकिन क्या यह इतना आसान होता है? क्या आपने कभी खुद से पूछा है कि उस शख्स के लिए दरवाजा खोलने का सही वक्त कब आता है? जब रिश्ता टूटने की कगार पर हो, तो दिल और दिमाग के बीच एक खींचतान शुरू हो जाती है। क्या एक आखिरी कोशिश करनी चाहिए? या फिर अपनी आत्मा को और तकलीफ देने से बेहतर है कि सब कुछ छोड़कर आगे बढ़ा जाए? किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं। पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है। इसके बाद डॉ. उन दो संकेतों की गहराई से व्याख्या करते हैं, जो दर्शाते हैं कि अब शायद रिश्ते को अलविदा कह देने का समय आ गया है न सिर्फ उनके लिए, बल्कि आपके अपने भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी।

### संकेत 1- जब वे रिश्ते की जिम्मेदारियों से कतराने लगते हैं

डॉ. के अनुसार, यदि आपका साथी अब रिश्ते में अपनी भूमिका निभाने से बच रहा है या जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रहा है, तो यह एक बड़ा संकेत है कि शायद उन्हें जाने देने का वकष्त आ गया है।

वह समझाते हैं, एक स्वस्थ और सशक्त रिश्ते के लिए दो लोगों की भागीदारी जरूरी होती है। अगर आपका साथी अब ना तो आत्ममंथन करने को तैयार है, ना संघर्षों में अपनी भूमिका स्वीकार करता है, और ना ही आपके साथ आगे बढ़ना चाहता है तो यह रिश्ता टिक नहीं पाएगा। ऐसे हालातों में रिश्ता धीरे-धीरे खत्म होने लगता है, चाहे आप उसे कितना भी थामे रहें।

### संकेत 2- जब वे साझेदारी छोड़कर आपको ही दोष देने लगते हैं

डॉ. बताते हैं कि जब आपका साथी अब रिश्ते में करुणा और समझ के बजाय, केवल दोष देने की भाषा अपनाने लगे तो यह एक स्पष्ट संकेत है कि रिश्ता बिखरने की कगार पर है। वे कहते हैं, जब बातचीत हम इसे मिलकर कैसे ठीक करें? आप से बदलकर तुम ही समस्या हो बन जाए तो समझ लीजिए कि अब आप दोनों एक टीम नहीं रह गए। जब कोई समझने की कोशिश छोड़कर आपको जज करने लगे, और मिलकर रास्ता निकालने के बजाय दोष बांटने लगे, तो रिश्ते की नींव हिल जाती है। डॉ. आगे जोड़ते हैं, एक बार जब आपका साथी समाधान की तलाश में आपके साथ खड़े होने के बजाय दूरी बनाने लगे, तो वह दरअसल रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ रहा होता है।

### रोज की बहस से परेशान हो गए हैं, जानें असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके

बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को



समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधाान संभव है, बस जरूरत है सही नजरिए और संवाद की। यह समझना बेहद जरूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न सिर्फ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से जरूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के जरिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है यह वायरस

एक नए अध्ययन में जीका वायरस के संक्रमण फैलाने की शक्ति के जैविक रहस्य का पता लगाया गया है। जीका मरीज की कोशिकाओं की अपनी खुद की देखभाल करने वाली प्रणाली का उपयोग कर उनमें प्रवेश कर जाता है। जबकि कोशिकाओं की सतहें संक्रामक प्रोटीन के प्रवेश के लिए जरूरी हैं, वे एंटीवायरल प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसा होने से पहले, संक्रामक प्रोटीन की गतिविधि को कम करने के लिए कोशिकाओं द्वारा खुद को स्वस्थ रखने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया में हेरफेर किया जाता है, जिससे अनियंत्रित संक्रामक संक्रमण का रास्ता साफ हो जाता है।

प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि हालांकि एचआईवी जैसे अन्य वायरस मरीज के रिसेप्टर्स को चुप कराने के लिए जाने जाते हैं जो उन्हें कोशिकाओं में जाने देते हैं, लेकिन जीका में कम से कम तीन ऐसे प्रोटीन होते हैं जो यह काम कर सकते हैं।


यह सबसे दिलचस्प हिस्सा है, केवल एक ही नहीं, बल्कि कई जीका प्रोटीन ऐसा कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने दो जीका वायरस के स्ट्रेन या उपभेदों को देखा और तीन शारीरिक रूप से अहम कोशिकाओं की जांच की। दोनों स्ट्रेन के साथ, तीनों अलग-अलग तरह की कोशिकाओं में कमी देखी जा सकती है। ऐसा लगता है कि यह एक अहम तंत्र है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, साल 2007 से एडीज एजिप्टी मच्छरों द्वारा लोगों में फैलने वाला जीका वायरस अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में संक्रामक प्रकोप का कारण बना। हालांकि 2017 के बाद से दुनिया भर में मामलों में कमी आई है, लेकिन अमेरिका और अन्य स्थानीय क्षेत्रों में वायरस का संक्रमण छोटे स्तर पर जारी है। साल 2015 में ब्राजील में एक बड़ी महामारी ने गर्भावस्था के दौरान जीका संक्रमण और माइक्रोसेफली या सामान्य से छोटे सिर के आकार सहित जन्मजात समस्याओं के साथ पैदा होने वाले शिशुओं के बीच संबंध की पुष्टि की। जबकि अधिकांश संक्रमित लोगों में केवल हल्के लक्षण विकसित होते हैं, वायरस वयस्कों और बड़े बच्चों में गुइलेन बैरे सिंड्रोम, न्यूरोपैथी और मायलाइटिस (रीढ़ की हड्डी की सूजन) से भी जुड़ा हुआ है। इस अध्ययन में इनमें से दो प्रोटीनों पर गौर किया गया, जिन्हें एएक्सएल और टीम-1 के रूप में जाना जाता है, जिन्हें पहले जीका संक्रमण से जोड़ा गया था। इसमें शोधकर्ताओं ने यह समझने की कोशिश की कि एएक्सएल और टीम-1 के द्वारा प्रवेश करने के बाद जीका संक्रमण को कैसे बनाए रखता है।

शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोग. जनक द्वारा निशाना बनाए गए थे। मानव कोशिकाएं जो फेफड़ों के काम को आगे बढ़ाती है, भ्रूण को सहारा देने वाली कोशिकाएं जिन्हें ट्रोफोब्लास्ट कहा जाता है और ग्लियोब्लास्टोमा मस्तिष्क कैंसर कोशिकाएं होती है। प्रयोगों से पता चला कि जीका द्वारा संक्रमण के बाद तीन प्रकार की कोशिकाओं पर एएक्सएल और टीम-1 दोनों को कम किया गया। शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से उम्मीद जताई गई थी कि यह दबाव दो सामान्य प्रोटीनों की गिरावट

**शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोगजनक द्वारा निशाना बनाए गए थे।**

प्रक्रियाओं के माध्यम से हुआ था, लेकिन इसके बजाय पाया गया कि जीका वायरस एक सेलुलर खुद की देखभाल करने वाले दिनचर्या का उपयोग करता है।

इस मामले में, वायरस की संक्रामक प्रक्रिया ने मरीज की कोशिकाओं को अपने स्वयं के सुरक्षात्मक प्रोटीन को दबाने के लिए हेरफेर किया, एक संक्रामक अनुकूली रणनीति जो जीका को अपने आपको नियंत्रित करने में मदद करता है। इस दबाव के बिना, एएक्सएल और टीम-1 एंटीवायरल प्रतिक्रिया के हिस्से के रूप में उत्तेजक अणुओं का उत्पादन करना शुरू कर देंगे। संक्रामक प्रवेश को सुविधाजनक बनाने का उनका सामान्य स्तर भी अधिक जीका कणों को पहले से संक्रमित कोशिकाओं तक पहुंचाने में सक्षम बना सकता है, जिससे सुपरइंफेक्शन नामक एक प्रतिस्पर्धी नजरिए की स्थापना होती है। ऐसा कुछ जिससे वायरस बचना चाहते हैं क्योंकि भीड़भाड़ से कोशिकाओं के नष्ट होने का खतरा होता है, जो संक्रमित रोगजनकों को मार देता है। आगे के प्रयोगों ने तीन जीका प्रोटीन की पहचान की जो मरीज की कोशिका ऑटोफैगी को प्रेरित करते हैं, जो



सभी वायरस की झिल्ली पर स्थित होते हैं। सामान्यत: ए प्रोटीन वायरस के प्रवेश में मध्यस्थता करते हैं या वायरस के अपने आपको दोहराने में शामिल होते हैं, लेकिन वे इस को. शिका के सही से काम न करने के लिए भी जिम्मेदार होते हैं। क्योंकि वायरस कुछ ऐसा एनकोड करते हैं जो उनके लिए जरूरी होता है, या तो उनकी अपने आपको दोहराने के लिए या मरीज को नियंत्रित करने के लिए ऐसा किया जाता है।

शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि निश्चित रूप से जानने के लिए और अधिक शोध की जरूरत है, लेकिन इस बात के आसार हैं कि यह तंत्र इबोला वायरस के लिए प्रासंगिक है, जो मरीज की कोशिकाओं तक पहुंचने के लिए टीम-1 प्रोटीन का उपयोग करता है, या जीका के समान फ्लेविवायरस परिवार के अन्य रोगजनकों के लिए, जिसमें वेस्ट नाइल, पीला बुखार और डेंगू वायरस शामिल हैं। वायरस के लिए एक मरीज जितना अधिक जरूरी होता है, वायरस उसे नियंत्रित करने के लिए उतना ही अधिक काम करता है। इन तंत्रों को समझना संक्रामक रोगों का कारण बनने वाले उभरते या फिर से उभरने वाले वायरस के लिए तैयार रहने का एक जरूरी हिस्सा है।

**...साभार**

# अमेरिका के बाद मेक्सिको भी भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा



■ 2026 से लागू होगा, भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका के बाद अब मेक्सिको भी भारत पर हाई टैरिफ लगाने जा रहा है। मेक्सिको की संसद ने बुधवार को भारत समेत 5 एशियाई देशों पर 50 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। यह टैरिफ ऐसे देशों पर लगाया जाएगा जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है। यह साल 2026 से लागू होगा। जिन देशों पर मेक्सिको टैरिफ लगाएगा उनमें भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। मेक्सिको इन देशों से बहुत ज्यादा सामान खरीदता है। 2024 में इन देशों से 253.7 अरब डालर का सामान आया। इतने ज्यादा आयात की वजह से मेक्सिको को करीब 223 अरब डालर का घाटा हुआ। अब नए कानून के अनुसार कारें, आटो पार्ट्स, कपड़े-टेक्सटाइल, प्लास्टिक के उत्पाद, स्टील और जूते-चप्पल जैसे लगभग 1400 तरह के सामान महंगे होंगे। ज्यादातर पर 35 प्रतिशत तक और कुछ पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह कदम 2026 में होने वाली यूएसएमसीए (अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा व्यापार समझौता) की समीक्षा से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करने की कोशिश है। क्योंकि अमेरिका लंबे समय से चीन से मेक्सिको के रास्ते आने वाले सस्ते सामान पर चिंता जता रहा है। चीन सरकार, मेक्सिको के बड़े कारोबारी संगठन और विपक्षी दल टैरिफ लगाने को गलत कदम बता रहे हैं। उनका कहना है कि टैरिफ दरअसल आम उपभोक्ताओं पर एक्स्ट्रा टैक्स है, जिससे रोजमर्रा का सामान महंगा हो जाएगा और महंगाई बढ़ेगी। पहले प्रस्तावित बिल इससे भी सख्त था, लेकिन विरोध के बाद करीब दो-तिहाई सामान पर टैरिफ को कम कर दिया गया। सीनेट में बिल 76 के मुकाबले 5 वोटों से पास हुआ जबकि 35 सांसदों ने वोटिंग से दूर रहना चुना।

# नेपाल में चीन के लोन से बना पोखरा एयरपोर्ट फेल

■ जमकर भ्रष्टाचार हुआ, टूरिस्ट भी नहीं आए चीनी कंपनी समेत 55 लोगों पर केस

**काठमांडू।** नेपाल में पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। 2012 में 620 करोड़ रुपये अनुमानित लागत वाला यह प्रोजेक्ट 892 करोड़ तक पहुंच गया।

जांच के बाद नेपाल की कमिशन फार इन्वेस्टिगेशन आफ एब्यूज आफ अथारिटी (सीआईएए) ने 5 पूर्व मंत्रियों, 10 पूर्व सचिवों सहित कुल 55 लोगों और चीनी कंपनी चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। एयरपोर्ट 2023 में शुरू हुआ, लेकिन ढाई साल में यहां सिर्फ 45 इंटरनेशनल फ्लाइट्स आईं और करीब 3,000 यात्री पहुंचे, जबकि इसे पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब घोषित किया गया था।। पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कभी नेपाल के 'गेटवे आफ वर्ल्ड' के रूप में पेश किया गया था। दावा किया गया था कि यह पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब बनेगा और टूरिस्ट बढ़ेंगें। संच.ालन के ढाई साल बाद यहां सिर्फ 45 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें दर्ज की गईं। यात्रियों की संख्या सिर्फ 3000 रही। हिमालयन एयरलाइंस और सिचुआन एयरलाइंस ने कुछ टेस्ट फ्लाइट्स चलाईं, लेकिन नियमित सेवा नहीं चल सकीं। पोखरा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट चीन के एग्जिम बैंक से लोन लेकर बनाई गई थी और इसे नेपाल की पर्यटन क्षमता दोगुनी करने वाला प्रोजेक्ट बताया गया था।



तिरुनेलवेली। तमिलनाडू में चुनाव कर्मचारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के प्रपत्रों को अलग करते हुए।

## अमेरिका में युद्ध विभाग के लिए 901 अरब डॉलर संबंधी विधेयक पारित

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार शाम वित्त वर्ष 2026 के लिए युद्ध विभाग को 901 अरब डॉलर की भारी-भरकम रकम आवंटित करने संबंधी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण विधेयक को पारित किया। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुरोध से आठ अरब डॉलर जडादा है। यह 3000 से जयादा पन्नों वाला विधेयक 112 के मुकाबले 312 वोटों से पास हुआ है। अब इसे मंजूरी के लिए सीनेट में भेजा जा रहा है। आखिरी वोटिंग में 18 रिपब्लिकन और 94 डेमोक्रेट्स ने ष्नकारात्मकष् वोट दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प से जितनी जल्दी हो सके मिलने को तैयार हूं: ताकाइची

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने संसद में कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जल्द से जल्द मिलने के लिए तैयार हैं। सुताकाइची ने बुधवार को कहा कि मैं वाशिंगटन जा सकती हूं और जब राष्ट्रपति ट्रम्प विदेश जाएंगे और यदि उनसे मिलना संभव है तो मैं जल्दी उनसे मिलना चाहूंगी। यह बात उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के नेता युइचिरो तमाकी के चीन दौरे से पहले ट्रम्प से मिलने के प्रस्ताव के बाद कही। तमाकी ने खास तौर पर सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री अगले वर्ष जनवरी में दावोस फोरम में हिस्सा लें और वहां ट्रम्प से मिलें।

### चीन ने मैक्सको की ओर से बढ़ाए आयात शुल्कों की निंदा की

**बीजिंग।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को मैक्सिको की एकतरफा नीतियों और संरक्षणवाद में सुधार का आग्रह करते हुए कहा है कि चीन ने हमेशा एकतरफा आयात शुल्क वृद्धि का विरोध किया है। प्रवक्ता ने यह टिप्पणी मेक्सिको की संसद द्वारा 'गैर-मुक्त व्यापार समझौता भागीदारों' पर शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के संबंध में एक मीडिया प्रश्न के उत्तर में की। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नए शुल्क 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होंगे।

### गाजा में वर्चस्व बढ़ाना चाहता है इजरायल: तुर्की

**अनकारा।** तुर्की के विदेश मंत्री हकान फदिान ने बुधवार को कहा कि इजरायल सीरिया को अपने विस्तार के क्षेत्र के तौर पर देखता है जबकि इजरायली प्रधानमंत्री बेन्जमिन नेतन्याहू का मंत्रिमंडल गाजा में अलग-अलग तरीकों से युद्ध जारी रख पश्चिमी एशिया में अपना वर्चस्व मजबूत रखने की कोशिश कर रहा है। अनादोलू एजेंसी ने फिदान के हवाले से कहा कि तेल अवीव की हरकतों का सीरिया पर असर पड़ रहा है। यह क्षेत्र की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।

### मेलोनी की जेलेंस्की से युक्रेन युद्ध समाप्त करने की अपील

रोम। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने यहां यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान यूक्रेन में जारी संघर्ष को सुलझाने का आग्रह किया है। इटली के अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने अपनी रिपोर्ट रिपोर्ट में ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी के सूत्रों के हवाले से कहा है कि सुमेलोनी ने जेलेंस्की पर अमेरिकी शांति योजना के संबंध में आग्रह किया। इस दौरान जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नरम रुख अपनाने के लिए उनसे (सुमेलोनी) से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

# 9 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता

## ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू, प्लेटिनम कार्ड जल्द शुरू होगा, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: कार्ड से सरकारी खजाना बढ़ेगा




■ ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था
■ ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड' के लिए अप्लाई प्रोसेस शुरू करने का ऐलान किया। इसके लिए आवेदक आज से आवेदन कर सकते हैं। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डालर (करीब 8.8 करोड़ रुपये) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डालर देना होगा।

ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डालर (42 करोड़ रुपये) रखी थी। सितम्बर में इसे घटाकर 1 मिलियन डालर किया गया। ट्रम्प का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह दुनिया के सफल उद्यमियों को आकर्षित करेगा। वहीं ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसकी फीस करीब 5 मिलियन डालर (लगभग 42 करोड़ रुपये) है।

गुरुवार को कार्ड लान्च करते हुए ट्रम्प ने कहा गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डालर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लान्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कार्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कामर्स सेक्रेटरी हावर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। ईबी-1 वीजा अमेरिका का एक स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है। ईबी-2 वीजा भी ग्रीन कार्ड के लिए है, लेकिन उन लोगों के लिए जो उच्च शिक्षा (मास्टर्स या उससे ऊपर) की योग्यता रखते हों।

## ट्रम्प की कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो को चेतावनी

■ ड्रग्स पर कार्रवाई करें 'वरना चुकानी पड़ेगी भारी कीमत'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को चेतावनी दी है कि यदि वह देश में मादक पदार्थों की स्थिति पर ध्यान नहीं देते हैं, तो उन्हें 'भारी मुसीबत' का सामना करना पड़ सकता है। ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि अगर वह (पेट्रो) समझदारी से काम नहीं लेते हैं तो उनको भारी मुसीबत का सामना करन पड़ सकता है। कोलंबिया बहुत अधिक ड्रग्स का निर्माण कर रहा है। उनके पास कोकीन बनाने वाली फैक्ट्रियां हैं और वे इसे सीधे अमेरिका में बेचते हैं। इसलिए उन्हें समझदार बनना होगा, वरना वह अमेरिका का अगला निशाना होंगे और मुझे उम्मीद है कि वह सुन रहे होंगे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अभी तक पेट्रो से बात करने पर विचार नहीं किया है उनके बारे में 'जयादा नहीं सोचा' है। इस सप्ताह की शुरुआत में पॉलिटिको को दिए गए एक साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि वह कोलंबिया और मेक्सिको के संदिग्ध ड्रग्स तस्करी करने वाले अपराधियों पर हमला करने की संभावना को खारिज नहीं करेंगे। हाल के महीनों में अमेरिका ने कैरिबियन में संदिग्ध ड्रग्स तस्करी में शामिल नावों पर हमले किए हैं। अमेरिका इसके लिए मुख्य रूप से वेनेजुएला पर ड्रग्स भेजने का दोष लगाता है। पेंटागन के प्रेस सचिव किंग्सले विल्सन ने कहा कि अमेरिका ने संदिग्ध ड्रग्स तस्करी वाली नौकाओं पर कुल 21 हमले किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 82 लोगों की मौत हुई है।

# वेनेजुएला पर अमेरिका का मिलिट्री एक्शन

■ बीच समंदर में जहाज पर हथियारबंद कमांडो उतरे, पलभर में कब्जा किया, वेनेजुएला बोला: ये समुद्री डकैती

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने वेनेजुएला के तट के पास बीच समंदर में एक बहुत बड़े क्रूड आयल टैंकर को जब्त कर लिया। बुधवार को अमेरिकी अटार्नी जनरल पैम बान्डी ने सोशल मीडिया पर इस आपरेशन का 45 सेकेंड का वीडियो जारी किया।

वीडियो में दो सैन्य हेलीकॉप्टर समुद्र के ऊपर से तेजी से उड़ते हुए एक टैंकर को घेरते हैं। उनसे कई कमांडो रस्सियों के सहारे टैंकर के डेक पर उतरते हैं और कुछ ही मिनटों में टैंकर को अपने कब्जे में ले लेते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस जब्ती की पुष्टि की। दूसरी ओर, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने इस कार्रवाई को समुद्री डकैती और खुलेआम चोरी करार देते हुए कड़ी निंदा की है। ट्रम्प ने कहा कि हमने वेनेजुएला के तट पर एक टैंकर जब्त कर लिया है, बहुत बड़ा टैंकर, शायद अब तक का सबसे बड़ा टैंकर। जब उनसे पूछा गया कि जहाज में भरे लाखों बैरल तेल का क्या होगा, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि हम रख लेंगे, मुझे ऐसा लगता है। अटार्नी जनरल बान्डी ने कहा कि यह जहाज कई सालों से अमेरिकी प्रतिबंधों की सूची में था क्योंकि यह वेनेजुएला और ईरान के प्रतिबंधित तेल को गैरकानूनी तरीके से ले जा रहा था। इस तेल की कमाई से विदेशी आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाई जा रही थी। वहीं, तीन अमेरिकी अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर न्यूयार्क टाइम्स से बताया कि जहाज वेनेजुएला का तेल लेकर जा रहा था। मिलिट्री आपरेशन का जहाज के कर्मचारियों ने कोई विरोध नहीं किया और आपरेशन में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। बान्डी ने बताया कि इस अभियान को एफबीआई, होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशंस और अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने मिलकर अंजाम दिया, जबकि सैन्य सहायता अमेरिकी रक्षा विभाग ने प्रदान की। बान्डी ने इसे पूरी तरह सुरक्षित और सफल आपरेशन बताया और कहा कि प्रतिबंधित तेल की तस्करी करने वाले छिपे हुए नेटवर्क को तोड़ने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# पाकिस्तान के पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल कैद



■ मिलिट्री कोर्ट ने चार आरोपों में दोषी ठहराया पूर्व पीएम इमरान खान के माने जाते हैं करीबी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक मिलिट्री कोर्ट ने पूर्व आईएसआई चीफ फैज हमीद को 14 साल कैद की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ करीब 15 महीने तक कोर्ट मार्शल की कार्रवाई चली। फौज की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, फैज पर चार गंभीर आरोपों में मुकदमा चलाया गया।

उन पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, आफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन कर देश के हितों को नुकसान पहुंचाने, सरकारी अधिकार और संसाधनों का दुरुपयोग करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के आरोप थे। सेना ने कहा कि कोर्ट ने सभी आरोपों में फैज को दोषी पाया है, हालांकि उन्हें फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार भी दिया गया है। फैज को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी माना जाता है। फैज हमीद को पिछले साल 12 अगस्त को हाउसिंग घोटाला केस में आर्मी ने अरेस्ट किया था। उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई का आदेश दिया था, जिसके बाद उनका कोर्ट मार्शल शुरू किया गया।

## पाक के एफ-16 लड़ाकू विमान अपग्रेड करेगा

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने के लिए 686 मिलियन डालर (लगभग 5,800 करोड़ रुपये) का प्रस्ताव संसद को भेजा है। 8 दिसम्बर 2025 को डिफेंस सिक्योरिटी कोआपरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने संसद को एक नोटिफिकेशन भेजा है, जिसमें पाकिस्तान के एफ-16 अपग्रेड पैकेज (+686 मिलियन) को मंजूरी की घोषणा की गई है। यह प्रक्रिया आर्म्स एक्सपोर्ट कंट्रोल एक्ट के तहत होगी। अब अमेरिकी संसद के पास इसे रोकने या पास करने के लिए 30 दिन का समय है। इस पैकेज में 37 मिलियन डालर की मेजर डिफेंस इक्विपमेंट और बाकी 649 मिलियन डालर की साफ्टवेयर, हार्डवेयर और लाजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं।

# 'हनुमान' को झूठा देवता कहने वाले अमेरिकी उम्मीदवार फेल

■ प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने में नाकाम रहे अलेक्जेंडर डंकन, कहा था: झूठी मूर्ति क्यों लगने दे रहे

**टेक्सास।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के नेता और टेक्सास सांसद उम्मीदवार अलेक्जेंडर डंकन का चुनावी सफर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया।

उन्हें प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने के लिए जरूरी समर्थन नहीं मिल सका। अब टेक्सास में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से प्राइमरी उम्मीदवार बनने के लिए 3 उम्मीदवार रेस में हैं। टेक्सास में 3 मार्च 2026 को प्राइमरी चुनाव होने हैं। डंकन सुर्खियों में तब आए थे जब उन्होंने सितम्बर में टेक्सास के शुगर लैंड स्थित अष्टलक्ष्मी मंदिर में लगी 90 फीट ऊंचे भगवान हनुमान को झूठे भगवान की झूठी प्रतिमाश कहा था। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर लिखा था, टेक्सास में एक झूठे हिंदू देवता की झूठी मूर्ति को रखने की इजाजत क्यों दी जा रही है? हम ईसाई देश हैं! डंकन के इस बयान से हिंदू समुदाय में भारी आक्रोश फैल गया था। हजारों लोगों ने डंकन पर धार्मिक असहिष्णुता और हिंदू-विरोधी नफरत फैलाने का आरोप लगाया था। टेक्सास में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची मूर्ति। इसकी स्थापना अगस्त 2024 में हुई थी। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी से डंकन के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें पार्टी से निकालने की मांग की थी।

संगठन ने कहा कि डंकन का बयान पार्टी के खुद के भेदभाव-विरोधी नियमों का उल्लंघन है और यह हिंदूओं के लिए उनकी नफरत को दिखाता है। फाउंडेशन ने अमेरिकी संविधान के प्रथम संशोधन का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी धर्म को मानने और उसकी पूजा की स्वतंत्रता हर अमेरिकी नागरिक को है।

## एक साल में दुनियाभर में 67 पत्रकार मारे गए: आरएसएफ रिपोर्ट

**पेरिस।** रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 में दुनिया भर में अपने काम के दौरान 67 पत्रकार मारे गए हैं। आरएसएफ ने अपने रिपोर्ट में कहा कि पत्रकार सिर्फ मरते नहीं है, मारे जाते हैं। पत्रकारों की हत्या की संख्या फिर से बढ़ गई है और इसका कारण नियमित और अर्धसैनिकों की आपराधिक गतिविधियां हैं। इस वर्ष 67 में से 53 पत्रकार युद्ध या आपराधिक समूह द्वारा मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 12 महीनों में (एक दिसम्बर तक) मारे गए पत्रकारों में से लगभग आधे (43 प्रतिशत) को गाजा में इजरायली सशस्त्र बलों द्वारा मारा गया। इसके बाद सबसे अधिक पत्रकार (नौ) मैक्सिको में आपराधिक समूहों द्वारा मारे गए।

# ट्रम्प की विदेश नीति फेल हुई: अमेरिकी प्रतिनिधि

## अमेरिकी संसद में मोदी-पुतिन की कार वाली तस्वीर दिखाई

■ डेमोक्रेट सांसद बोलीं: यह फोटो हजार शब्दों के बराबर

**वाशिंगटन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा अमेरिका में भी चर्चा में बना हुआ है। एक अमेरिकी सांसद ने पीएम मोदी और पुतिन की सेल्फी वाली तस्वीर दिखाकर राष्ट्रपति ट्रम्प की विदेश नीति की आलोचना की। अमेरिकी प्रतिनिधि सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है।

इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत नीति की कड़ी आलोचना की। डव ने कहा कि ट्रम्प की भारत को लेकर नीतियां ऐसी हैं जैसे हम खुद को ही नुकसान पहुंचा रहे हों। दबाव डालकर साझेदारी करना महंगा साबित होता है। और यह पोस्टर इसका सबसे बड़ा सबूत है। अमेरिका की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही है। दूसरी ओर ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद बिल हुइजेंगा ने क्रास-बार्डर टेररिज्म पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भारत के इस दावे का खुलकर समर्थन किया है कि पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा और उसका संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) पहलगाम हमले के पीछे थे। अमेरिकी सांसद सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की कारपुलिंग वाली तस्वीर दिखाई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसम्बर को भारत आए थे। इस दौरान वे अपनी कार छोड़कर मोदी की गाड़ी में बैठ गए थे। सांसद डव ने ट्रम्प के उस दावे पर भी तंज कसा जिसमें ट्रम्प खुद को नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार बताते रहे हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने आठ युद्ध रुकवाए हैं, जिनमें भारत-पाकिस्तान भी शामिल है। डव ने कहा कि जब कोई देश अपने सबसे अहम रणनीतिक साझेदारों को ही विरोधियों की ओर धकेल दे, तो वह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार नहीं कहलाता। डव ने आगे कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रम्प प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच वह भरोसा और सहयोग फिर से बहाल करना जरूरी है, जो अमेरिका की समृद्धि, सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के लिए अनिवार्य है। ये टिप्पणियां हाउस फारेन अफेयर्स सबकमेटी आन साउथ एंड सेंट्रल एशिया की उस सुनवाई के दौरान आईं, जिसका विषय था 'अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारीरू एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा'। अमेरिकी सांसद बिल हुइजेंगा ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ साझेदारी बेहद अहम है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल जुलाई में टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया था।

